आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 127 ● नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737


3 भाजयुमो ने बिहार सरकार के खिलाफ निकाला धिक्कार मार्च...

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना भारतः सीतारमण

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

वत्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के कारण एक दशक बेकार होने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारत भविष्य की वृद्धि को लेकर सकारात्मक स्थिति में है और दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीतारमण ने कहा, पूरी दुनिया में आर्थिक विषयों को लेकर संकट का समय है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था उच्च मुद्रास्फीति और धीमी वृद्धि



दर की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 3 प्रतिशत थी और विश्व बैंक ने 2023 के लिए अनुमान व्यक्त किया है कि यह 2.1 प्रतिशत रह सकती है।

वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा है और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने 14 बार ब्याज दर को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से यूरोजोन में उच्च मुद्रास्फीति की स्थिति है, वहीं जर्मनी यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा देश है और वहां भी आर्थिक संकुचन की आशंका व्यक्त की गई है।

सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और चीन बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हम इनसे तुलना नहीं कर रहे हैं लेकिन चीन की स्थिति को देखें तो वहां भी उपभोक्ता मांग में भारी गिरावट आई है और स्थिरता की स्थिति पैदा हो गई है। मीडिया में भी चीन को लेकर अवस्फीति (डिफ्लेशन) की आशंका व्यक्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी पिछले दिनों शेयर बाजार में उथल-पुथल की स्थिति देखने को मिली।

वित्त मंत्री ने कहा, इस नजरिए से भारत की अर्थव्यवस्था को देखें तब वर्ष 2013 में दुनिया की पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्था की श्रेणी से निकलते हुए आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।

उन्होंने कहा, नाजुक एवं गिरावट वाली अर्थव्यवस्था से निकलने का कारण पिछले नौ वर्षों की नीतियां और आर्थिक सुधार रहे जिसके कारण कोविड-19 की चुनौती के बावजूद हम इस स्थिति तक पहुंचे हैं।



# अब सीजेआई नहीं होंगे चयन समिति में?

## निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए रास में विधेयक पेश

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

सरकार ने बृहस्पतिवार को विपक्ष के हंगामे के बीच एक विवादास्पद विधेयक पेश किया जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और आयुक्तों के चयन के लिए समिति में प्रधान न्यायाधीश के स्थान पर एक कैबिनेट मंत्री को शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने मार्च में एक ऐतिहासिक फैसला दिया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी। न्यायालय ने कहा था कि यह मानदंड तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद में कोई कानून नहीं बन जाता।

विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023 पुरःस्थापित किया। विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच उन्होंने यह विधेयक सदन में पेश किया।यह विधेयक मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल के विनियमन से संबंधित है। इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि भविष्य में निर्वाचन आयुक्तों का चयन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्ईय समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे।

न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानदंड तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद में कोई कानून नहीं बन जाता। उच्चतम न्यायालय के फैसले से पहले, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी।सरकार के इस कदम पर वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि अगर यह विधेयक संसद से पारित हो जाता है, तो उनके विचार में यह "असंवैधानिकै होगा और उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे रद्द किए जाने की संभावना है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि मौजूदा केंद्र सरकार उच्चतम न्यायालय के ऐसे किसी भी आदेश को पलट देगी जो उसे पसंद नहीं आएगा।

### कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं का सरकार पर संविधान पीठ के आदेश को शिथिल करने का आरोप

कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर संविधान पीठ के आदेश को शिथिल करने का आरोप लगाया। निर्चाचन आयोग में पहली रिक्ति अगले साल होगी जब मौजूदा निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे 14 फरवरी को 65 वर्ष की उम्र होने के बाद अवकाशग्रहण करेंगे। वह 2024 के लोकसभा चुनावों की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले अवकाशग्रहण करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिसका मकसद मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से बचाना है।न्यायालय ने फैसला दिया था कि उनकी नियुक्तियां प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएंगी।

## ख़ास ख़बर

### सीएम विजयन पर चल सकता है भ्रष्टाचार का मामला

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपनी बेटी वीणा विजयन की कंपनी सीएमआरएल से बिना कोई सेवा प्रदान किए 1.7 करोड़ रुपए प्राप्त करने के कथित मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच का सामना कर सकते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने एक बयान में इसे वीणा टैक्स करार दिया और आरोप लगाया कि वीणा विजयन को पिछले तीन साल से निजी कंपनी से मासिक किस्तों में कुल 1.72 करोड़ रुपए मिले।

### आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं मैडम : महुआ ने फ्लाइंग किस विवाद पर स्मृति पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि महिला पहलवानों से छेड़छाड़ और उत्पीड़न मामले में आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद को लेकर उन्होंने (ईरानी) एक शब्द भी नहीं कहा और अब वह फ्लाइंग किस की बात कर रही हैं।

### सीएम पटेल ने शेरों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए शुरू किया ऐप



**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने बृहस्पतिवार को विश्व शेर दिवस के मौके पर एक मोबाइल ऐप की शुरुआत की जिसके जरिए शेरों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकेगी। गांधीनगर में आयोजित एक समारोह में सिंह सूचना नाम के इस ऐप की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने गिर-सोमनाथ जिले के ऊना कस्बे के समीप शेर सफारी पार्क स्थापित किए जाने की भी घोषणा की, जिससे सासन-गिर में गिर राष्ट्रीय उद्यान पर बोझ को कम करने में मदद मिलेगी।
ऐप शुरू करने के बाद पटेल ने कहा, सिंह सूचना ऐप का इस्तेमाल कर आम लोग अपने इलाके में शेरों की गतिविधियों के बारे में सीधे वन विभाग को सूचित कर सकते हैं, जिससे वक्त पर कदम उठाए जा सकते हैं। इस मोबाइल ऐप से हमें शेरों की स्थिति का पता लगाने और प्राधिकारियों को इंसान-जानवर के बीच संघर्ष को रोकने में मदद मिलेगी।

# पीएम मोदी ने मणिपुर में जल्द शांति का दिया आश्वासन

## पीएम मोदी ने मणिपुर की स्थिति को लेकर लोकसभा में दिया बयान

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों को अंजाम देने वालों को सजा दिलाएंगे

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर की स्थिति को लेकर बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि निकट भविष्य में इस प्रदेश में शांति का सूरज उगेगा और वह नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को अंजाम देने वालों को सजा दिलाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अतीत में मां भारती की भुजाएं काट दी।
उन्होंने कहा, मणिपुर पर अदालत का एक फैसला आया। उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं, हिंसा का दौर शुरू हो गया। कई लोगों ने अपने लोगों को खोया। महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। ए अपराध अक्षम्य हैं। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार फिर शांति के साथ आगे



बढ़ेगा। मोदी ने कहा, वहां की माताओं-बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं कि देश आपके साथ है, यह सदन आपके साथ है, हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकालेंगे। वहां फिर से शांति की स्थापना होगी। उनका कहना था कि मणिपुर विकास के मार्ग पर तेज गति से आगे बढ़े, इसमें कोई कोर-कसर नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा, हमारे लिए पूर्वोत्तर हमारे जिगर का टुकड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के बयान का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, मां भारती के बारे में जो कहा गया है, उससे देश को ठेस पहुंची...क्या सत्ता सुख के बिना नहीं जी सकते। क्या भाषा बोल रहे हैं? पता नहीं, कुछ लोग भारत मां की मृत्यु की कामना कर रहे हैं। ए लोग कभी लोकतंत्र की हत्या की बात करते हैं, संविधान की हत्या की बात करते हैं। जो इनके मन में है, वही उनके कृत्य में सामने आ जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन की विभीषिका सामने है। उन्होंने कहा, मां भारती के तीन-तीन टुकड़े कर दिए गए। जब मां भारती की जंजीरों को तोड़ना था तो इन लोगों ने मां भारती की भुजाएं काट दीं। ए लोग किस मुंह से ऐसा बोलने की हिम्मत करते हैं... तुष्टीकरण की राजनीति के चलते वंदे मातरम गीत के टुकड़े कर दिए। मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ए लोग भारत तेरे टुकड़े होंगे, कहने वालों को बढ़ावा देने के लिए पहुंच जाते हैं...सिलीगुड़ी गलियारा को अलग करने का सपना देने वालों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस का इतिहास मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में समस्याओं की एकमात्र जननी कांग्रेस है।

## सिंधिया का राहुल पर निशाना

# मोहब्बत की नहीं, ये अहंकार, तुष्टीकरण और झूठ की दुकान है

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं उनकी दुकान असल में अहंकार, तुष्टीकरण और झूठ की दुकान है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए दावा किया देश की जनता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाएगी। कुछ



साल पहले तक कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे सिंधिया ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, ए कहते हैं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। इनकी दुकान तो नफरत की दुकान है, झूठ की दुकान है, तुष्टीकरण की दुकान है, अहंकार की दुकान है। ए केवल दुकान का नाम बदलते हैं, सामान वही है। कोई महाभारत, रामायण की बात करता है, कोई राम और रावण की बात कर रहा है,कोई जनेऊधारी है....ए मुखौटा नहीं चलेगा। हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनाने जा रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने स्वयं कहा है कि यह (इंडिया) मजबूरी का गठबंधन है।

### श्रीनगर में प्रतिष्ठित घंटाघर पर तिरंगा

**श्रीनगर।**श्रीनगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर पुनर्निर्मित ऐतिहासिक घंटाघर पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक शहर के मध्य में स्थित प्रसिद्ध घंटाघर का हाल ही में श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नवीनीकरण किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए बृहस्पतिवार सुबह घंटाघर पर तिरंगा फहराया गया। श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतहर आमिर खान ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराना शहर के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था।

### मैं मुंबई में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक का हिस्सा बनूंगाः जयंत चौधरी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक में भाग लेंगे। चौधरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब दिल्ली सेवा विधेयक पर राज्यसभा में वह शामिल नहीं हुए थे और इसके बाद से उनके भविष्य के कदम के बारे में अटकलों का दौर शुरू हो गया। इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने विधेयक का एकजुट होकर विरोध किया था। चौधरी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं निश्चित रूप से मुंबई में इंडिया की बैठक में भाग लूंगा।

# चंद्रमा के हाईवे पर बढ़ने वाला है ट्रैफिक

## 50 साल पहले देखने को मिला था ऐसा ही स्पेस वॉर

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

कुछ ही दिनों में कई सारे यान चंद्रमा के दरवाजे पर दस्तक देने वाले हैं। चंद्रयान-3 पहले से ही चांद के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है, जो 23 या 24 अगस्त को इसकी सतह पर उतरने वाला है। रूस का लूना 25 अंतरिक्ष यान इस सप्ताह के अंत में अपनी यात्रा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। और चंद्रयान-3 के लगभग उसी समय लैंडिंग करेगा। जापान का एसएलआईएम (चंद्रमा की जांच के लिए स्मार्ट लैंडर) जल्द ही रेस में शामिल होने वाला है, जिसका लॉन्च 26 अगस्त को होना है। एसएलआईएम के लैंडिंग का समय अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन अगर यह चंद्रमा के लिए एक छोटा रास्ता अपनाता है और अपने प्रक्षेपण के दो सप्ताह के भीतर पहुंचता है, तो यह पहली बार होगा कि तीन अंतरिक्ष यान एक ही समय में चंद्रमा की सतह पर होंगे। ऐसे में चंद्रमा को



जल्द ही पृथ्वी से बार-बार आने वाले आगंतुकों का स्वागत करने की आदत डालनी होगी - न केवल रोबोट वाले बल्कि हांड-मांस से बने इंसानों की भी। इस वर्ष के अंत में दो और चंद्र मिशन शुरू होने वाले हैं, और अगले तीन वर्षों में कम से कम पांच पाइपलाइन में हैं, जिनमें क्रू मिशन भी शामिल हैं। चंद्रमा पर जाने की यह वर्तमान रेस उस प्रतिद्वंवदिया की तुलना में फीकी है जो 1950 और 1960 के दशक में अंतरिक्ष युग की शुरुआत में देखा गया था। 1957 में तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा पहला अंतरिक्ष यान स्पुतनिक भेजने में सफलता मिलने के तुरंत बाद चंद्रमा मिशन शुरू हुआ। वास्तव में तीन साल की अवधि के भीतर चंद्रमा पर जाने के लिए लगभग 14 प्रयास किए गए। उनमें से अधिकांश विफल रहे, लेकिन कम से कम तीन को उल्लेखनीय सफलता मिली, जिसमें लूना 3 भी शामिल है, जिसने 1959 में चंद्रमा के पास से उड़ान भरी और चंद्रमा की सतह की पहली तस्वीरें लीं।

**मणिपुर** छात्रों ने हिंसा को रोकने के लिए ग्राम रक्षा गार्डों द्वारा किए गए प्रतिरोध की सराहना की।

# सौ दिन से जारी जातीय संघर्ष के बीच जनजातीय छात्रों ने रैली निकाली

**एजेंसी/ चुराचांदपुर (मणिपुर)**

मणिपुर में पिछले सौ दिन से जातीय हिंसा के बीच जोमी स्टूडेंट्स फेडरेशन (जेडएसएफ), कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (केएसओ) और हमार स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एचएसए) के संयुक्त छात्र निकाय ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर में एक रैली निकाली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छात्रों ने हिंसा को रोकने के लिए ग्राम रक्षा गार्डों द्वारा किए गए प्रतिरोध की सराहना की। जेएसएफ के एक सदस्य ने कहा, यह दिन हमलावरों से लड़ने वाले आदिवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया गया। कुकी-जो आदिवासी तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और एक अलग प्रशासन का गठन नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि अलग प्रशासन की मांग 1960 के दशक से चली आ रही है और आदिवासी अवैध अप्रवासी नहीं हैं जैसा कि कुछ राजनेता दावा करते हैं। छात्र संगठन ने कहा कि जातीय संघर्ष में मारे गए आदिवासियों के सम्मान में एक मिनट का मौन भी रखा गया।
संस्था ने 27 जुलाई को राज्यपाल अनुसुइया उइके को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में जारी हिंसा से प्रभावित कुकी-जोमी विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए आवश्यक उपाय करने की मांग की थी। आदिवासी छात्रों के प्रति भेदभाव का आरोप लगाते हुए।

## ख़ास ख़बर

### हमारा कर्तव्य है कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को जाया ना जाने दे- डॉ माधवेंद्र



दैनिक शुभ भास्कर

पुरैनी । पुरैनी प्रखंड के यूभीके कॉलेज कड़ामा में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा क्रांति दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा, उप प्रधानाचार्य डॉ. ललन कुमार झा विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन व्रत धारण किया गया इसके बाद पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गई।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर झा ने आम लोगों से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपने को साकार करने का आह्वान किया। कहा कि उनके बलिदान का परिणाम है कि आज हम स्वतंत्र हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राण हंसते हंसते न्योछावर कर दिए ताकि आने वाली पीढ़ियां आजादी की सांस ले सकें। ऐसे में हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उनके बलिदान को जाया न करें। प्रधानाचार्य ने कहा कि जब स्वतंत्रता सेनानियों का उत्साह चरम पर था तब इसे अंतिम रूप देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहम भूमिका निभाई और उनके नेतृत्व में भारत से अंग्रेजों को हटाने के लिए अंतिम लड़ाई लड़ी गई थी जिसे आज भी हम अगस्त क्रांति के नाम से जानते हैं और काफी धूमधाम के साथ इसे मनाते भी हैं। उप प्रधानाचार्य डॉक्टर ललन कुमार झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की जिस आंदोलन में जड़े हिला कर रख दी थी उसे आंदोलन को हम लोग अगस्त क्रांति के नाम से ही जानते हैं क्योंकि अगस्त 1942 को गांधीजी के आह्वान पर पूरे देश में भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल बज गया। इस आंदोलन की खासियत ये थी कि इसमें पूरा देश शामिल हुआ। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान मौके पर डॉ सिप्पू कुमार, डॉ शेखर झा, डॉ चंद्रशेखर मिश्रा, प्रो राजीव कुमार रमन, प्रोफेसर ओमप्रकाश यादव, प्रोफेसर नागेश्वर झा, प्रोफेसर शिव किशोर सिंह, प्रोफेसर शिव कुमार यादव, प्रोफेसर शिवेंद्र आचार्य, प्रोफेसर नरेंद्र स्वामी, प्रोफेसर अजय कुमार झा, प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य, प्रोफेसर चंद्रशेखर, रविंद्रनाथ आचार्य सहित कई अन्य मौके पर मौजूद रहे।

### 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में निश्शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन




दैनिक शुभ भास्कर

सिकटी। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में निश्शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन बाहरी सीमा चौकी केलाबारी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय केलाबारी में किया गया ।जिसके तहत पशुओ को मौसमी बीमारियों का इलाज डॉ सांतनु कुमार यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी (सिकटी) के द्वारा किया गया ।साथ ही, पशु पालको को पशुओ में होने वाले मौसमी बिमारियों के बारे में जागरूक किया गया ।इसी के क्रम में, गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार सहायक कमांडेंट संतामन राय, कंपनी कमांडर के द्वारा गत वर्ष की भांति 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरो व प्रतिष्ठित संस्थानों पर ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान को सफल बनाने के लिए मौजूद स्थानीय जनता को जागरूक किया गया तथा राष्ट्रीय ध्वज सहिंता के नियम के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सरन दास, सहायक उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह व अन्य बलकर्मी मौजूद रहे। साथ ही, पशु चिकित्सा शिविर के दौरान कुल-98 पशुओ का इलाज किया गया । जिसमे कुल पशुपालको की संख्या-54 थी।

# स्वास्थ्य सहायता केंद्र ,जीविका व स्वास्थ्य विभाग की एक अनूठी पहल

दैनिक शुभ भास्कर

अररिया । स्वास्थ्य विभाग, सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिये लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके लिये अस्पतालों को सुविधा संपन्न बनाते हुए उपलब्ध चिकित्सकीय इंतजामों तक लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित कराने की दिशा में जरूरी पहल की जा रही है। ताकि लोगों को सुविधाजनक तरीके से इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग व जीविका के संयुक्त प्रयास से सदर अस्पताल में जीविका द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र आम जिलावासियों के लिये बेहद उपयोगी व लाभप्रद साबित हो रहा है। दूर-दराज ग्रामीण इलाकों से सदर अस्पताल इलाज के लिये आने वाले मरीज व उनके परिजनों को केंद्र के माध्यम से इलाज संबंधी समुचित मदद व सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। जो आम लोगों के लिये बेहद उपयोगी साबित हो रही है।




**केंद्र का संचालन लोगों के लिये सुविधाजनक**

सदर अस्पताल के प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि केंद्र सुदूरवर्ती इलाके से अस्पताल इलाज के लिये आने वाले लोग जानकारी के अभाव में बेवजह अस्पताल का इधर से उधर चक्कर लगाने के लिये मजबूर होते थे। इससे उनका समय तो बर्बाद होता ही था, साथ ही सही समय पर मरीज का इलाज नहीं होने के कारण जटिलताएं बढ़ जाती थी। जीविका द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र लोगों को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिहाज से कारगर साबित हो रही है।

**प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा दो शिफ्ट में हो रहा केंद्र संचालित**

जीविका के स्वास्थ्य व पोषण समन्वयक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में जीविका द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र जीविका दीदी सहित आम जिलावासियों के लिये उपयोगी है। केंद्र में फिलहाल दो स्वास्थ्य मित्र कार्यरत हैं। जिन्हें इस कार्य के लिये प्रशिक्षित किया गया है। केंद्र दो शिफ्ट में संचालित है। केंद्र की शुरुआत फरवरी 2023 में हुई थी। इसके बाद से अबतक हजारों लोग इससे लाभान्वित हो चुके हैं। केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 6299127130 पर कॉल कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी, इलाज के लिये सुलभ पंजीकरण, मरीज का अस्पताल में भर्ती कराने में सहयोग, चिकित्सकों का परामर्श सहित अन्य सुविधा हासिल की जा सकती है। केंद्र के संचालन को ज्यादा उपयोगी व प्रभावी बनाने के लिये जीविका समूह की बैठक में इस पर चर्चा करते हुए आम लोगों को इस सुविधा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य सहायता केंद्र सरकार की अनूठी पहल**

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र जीविका व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित सरकार की एक अनूठी पहल है। बीमार व्यक्ति व उनके परिजन को सही समय पर इलाज के लिये उचित सलाह व आवश्यक सहयोग प्रदान करना केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। इसकी मदद से इलाज के लिये अस्पताल आने वाले लोगों को बेवजह अस्पताल में इधर से उधर चक्कर लगाने की मजबूरी से निजात मिली है। अस्पताल प्रबंधन इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रयासरत है।

### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय अररिया और सभी बाहरी सीमा चौकियों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित






दैनिक शुभ भास्कर

अररिया। गुरूवार 10/08/2023 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय अररिया और सभी बाहरी सीमा चौकियों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया7 इस दौरान श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति प्रत्येक नागरिक में सम्मान की भावना को बढ़ाना है7 तिरंगा हमारे देश के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक है7 इस अभियान के माध्यम से हमें सीमावर्ती लोगों को तिरंगे के महत्व के बारे में जागरूक करना है7 इस कार्यक्रम के तहत भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाकर लोगों के दिलों में देशभक्ति का आह्वान करना है। इसी के क्रम में, ÷ हर घर तिरंगा÷ अभियान को सफल बनाने हेतु कमांडेंट 52वी वाहिनी द्वारा अररिया की जनता से अनुरोध किया है कि दिनांक 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा अवश्य फहराएँ और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इस www.harghartiranga.com पर अपलोड करें7 ताकि तिरंगे के प्रति प्रत्येक नागरिकों के दिलों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना और अधिक बढ़ सके । राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एस एस बी अररिया द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उत्क्रमिक मध्य विद्यालय, जयप्रकाशनगर, अररिया में स्कूलीय छात्र/छात्राओं के बीच राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सोनम सोरेन, गुल्फसा और रिचा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया7 इस उपलक्ष्य में कमांडेंट महोदय ने तीनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की7 इस दौरान सुरेश प्रसाद यादव प्रधानाचार्य, आनंद प्रकाश यादव उप कमांडेंट, जोशी सागर प्रदीप उप कमांडेंट, नि0 सा0 मनोज कुमार दुबे व अन्य जवान उपस्थित रहे।

## आवेदन करने से सरकार के निर्णय पर अभ्यर्थी,संगीतज्ञों में हर्ष और उत्साह का माहौल- मुकेश मिलन

**सहरसा।** राज्य के सभी मध्यमिक विद्यालयों में संगीत, ललितकला और नृत्य के साथ उच्चमाध्यमिक विद्यालयों में भी संगीत शिक्षकों की बहाली हेतु बिहार सरकार ने जो एसटीईटी परीक्षा के लिए 9 अगस्त से 23 अगस्त 2023 तक ऑनलाइन आवेदन ले रहें है इसके लिए संगीतज्ञों में चारो ओर अपार खुशी की लहर और उत्साह का माहौल व्याप्त है । संगीत शिक्षक मुकेश मिलन ने कहा कि वर्ष 2011 में संगीत विषय से भी एसटीईटी परीक्षा ली गई थी उसके बाद इससे पहले कभी भी दुबारा परीक्षा नही ली गई है जिस कारण बीपीएससी शिक्षक बहाली की परीक्षा में संगीत,



ललितकला और नृत्य विषय के अभ्यर्थी आवेदन देने से वंचित हो गए थे लेकिन संगीत विषय का तीन महीने के भीतर एसटीईटी परीक्षा कराने का हाई कोर्ट पटना का आदेश साथ ही विभाग इस त्रुटि को संशोधित करने के क्रम में अन्य विषयों के साथ संगीत विषय का भी 23 अगस्त 2023 तक एसटीईटी परीक्षा में आवेदन स्वीकार करने के निर्णय से संगीत विषय के प्रशिक्षित योग्य अभियार्थियों में रोजगार हेतु आशा की किरण दिखाई दे रहा है । संगीत शिक्षक सह मशहूर मंच संचालक मुकेश मिलन ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न वर्ग से लगभग 50 वर्ष उम्र के प्रशिक्षित संगीत के अभ्यर्थी द्वारा इस परीक्षा में सम्मिलित होने से नौकरी का आस लगाए इस विषय के विद्वानों में बुढ़ापा की दहलीज पर पांव रखने के बाद भी जिंदगी जीने का उत्साह दिखाई पड़ रहा है,इतना ही नहीं इस बहाली से सम्पूर्ण बिहार ही नही बल्कि भारत के तमाम सरस्वती पुत्र संगीतज्ञों और कलाकारों का भी समाज में सम्मान बढ़ जायेगा ।

### जयनगर के माड्वारी मुहल्ला में पिस्तौल के बल पर दुकानदार से झोला छीना

जयनगर /मधुबनी **दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)** जयनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 माडवारी मुहल्ला में बुधवार की रात बाइक पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर एक व्यक्ति का झोला लूट कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 9 निवासी सुशील जायसवाल मिरचाई पट्टी रोड स्थित अपनी दुकान बंद करने के बाद माडवारी मुहल्ला गली के रास्तें महिला कॉलेज स्थित अपने घर जा रहा था। घर के समीप दो मोटरसाइकिल पर हथियार से लैस चार नकाबपोश अपराधियों ने सुशील जायसवाल को पिस्तौल दिखा कर झोला को लूट कर फरार हो गया।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र कासत के मंडल सेवा सदन मरीजों के लिए वरदान

**सिकटी।** सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से जिला मुख्यालय तक राहत पहुंचाने की दिशा में डॉक्टर प्रेम प्रकाश ने स्वयं को समर्पित किया है स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से गरीब और असहाय लोगों की मदद करने के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टर प्रेम प्रकाश व युवा नेता डॉक्टर शत्रुघ्न मंडल ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मंडल सेवा सदन की स्थापना की है। उनका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम और सुरक्षित बनाना है। डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि उनका मिशन कम खर्चे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने मंडल सेवा सदन के माध्यम से गरीब असहाय मरीजों की सेवा करने का संकल्प लिया है और इसके लिए अपना कीमती समय निकाला है। इसके साथ ही, डॉ शत्रुघ्न



ने भी मंडल सेवा सदन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में एक अस्पताल खोलना और मोबाइल क्लिनिक के द्वारा गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि उन्होंने अपने व्यस्त समय के बावजूद अपने क्षेत्र और जिले में मंडल सेवा सदन के माध्यम से जन सेवा करने का निरंतर प्रयास जारी रखेगा।

## अनुदानित डिग्री महाविद्यालय में डिग्री पार्ट वन के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन बनाया जाय- प्रो.अरविंद कुमार यादव

**मधेपुरा।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के बीएनएमयू मधेपुरा इकाई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर अरविंद कुमार यादव ने बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के माननीय कुलपति को पत्र लिखकर मांग किया है कि स्नातक प्रथम खंड 2023 के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का केंद्र अनुदानित डिग्री महाविद्यालय में बनाया जाए चुकी उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में



80त्न अनुदानित महाविद्यालय के शिक्षकों की भागीदारी होती है इस परिस्थिति में हमारे अनुदानित महाविद्यालय में स्नातक प्रथम खंड 2023 के के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का केंद्र सुनिश्चित किया जाए,। सक्षम महाविद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाए। महाविद्यालय में वरीयता क्रम को देखते हुए परीक्षक एवं पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाए । समय पर मूल्यांकन कार्य संपन्न हो छात्र हित में परीक्षाफल प्रकाशित हो इसके लिए यथाशीघ्र निर्णय लेने कृपा की जाए। उहापोह की स्थिति को खत्म करते हुए अनुदानित महाविद्यालय में स्नातक प्रथम खंड 2023 का मूल्यांकन केंद्र सुनिश्चित किया जाए।

## भाजयुमो ने जिला अध्यक्ष आकाश राज के अगुवाई में निकाला धिक्कार मार्च

दैनिक शुभ भास्कर




अररिया। लूट हत्या बलात्कार की उपलब्धि वाली बिहार की छात्र युवा विरोधी घमंडी पलटू कुमार की सरकार के विरुद्ध भाजयुमो ने जिला अध्यक्ष आकाश राज के अगुवाई में धिक्कार मार्च निकालकर जमकर महा गठबंधन सरकार विरोधी नारा लगाकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।और जिलाधिकारी को 7 सूत्रीय मांग पत्र सौपा।महिला कॉलेज अररिया से निकाले गये धिक्कार मार्च शहर के विभिन्न भागों से होता हुआ जिला समाहरणालय पहुँच कर नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया। जिसे भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्यनारायण झा, जिला महामंत्री प्रतापनारायण मंडल, राकेश विश्वास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय अकेला ,युवा मोर्चा जिला महामंत्री दीपक मंडल, अमन राज, उपाध्यक्ष बुल बुलयादव संदीप कुमार, जिला मंत्री अर्णव सिंह, उमेश राणा, सत्यम कुमार,नंदन पोद्दार,आदि ने संबोधित किया और कहा कि अंहकारी चाचा भतीजा सरकार ने अपने कुशासन के एक वर्ष में बिहार के लोकतांत्रिक व्यवस्था को शर्मसार करने का काम किया है। वक्ताओं ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बिहार में माफियाओं का राज है कुर्सी कुमार की सरकार की लगातार अपराधी और गुंडों की तरह बर्ताव कर रही सरकारी नोकरी मांगे जाने पर छात्र युवाओं पर निर्ममतापूर्वक लाठी बरसाई जा रही है दलित ,आदिवासी, महिलाओं पर लागतार अत्याचार और दुराचार चरम पर है

**बैठक** जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने किया।

## जयनगर में जदयू की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

जयनगर /मधुबनी / दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब) जयनगर के शहीद चौक स्थित अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विकास मंच कार्यालय पर गुरुवार को जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि आपसे ही संगठन को मजबूती मिलती है। इसी लिए पार्टी आलाकमान ने दलित मुहल्ला में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किसी दलित व्यक्ति से ध्वजारोहण कराने का निर्णय लिया है। ध्वजारोहण कार्यक्रम सभी पंचायतों सभी वार्डो में करनी है। 15 से 30 अगस्त के बीच प्रवास कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर सभी गांवों में एक चौपाल लगा कर हम अपने नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योजनाओं एवं उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी देना है। सभी पार्टी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाए। हमारी लडाई बहुत बडी और लंबी है। दल के प्रति हम समर्पित मन से काम करें। जो भी कार्यकर्ताओं की समस्याएं हैं। उसका निदान जल्द पूरा किया जाएगा। आप जान रहे हैं देश किस दिशा की ओर जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि देश में ऐसी




परिस्थिति उत्पन्न हो गई है कि। देश की स्थिति विषम परिस्थिति बन जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार वासियों को एकजुट करने का काम किया। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के सपना को नीतीश कुमार पूरा कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि बिहार सरकार की जो भी योजनाएं हैं। उसे जन-जन तक दलित, महादलित, अतिपिछड़ा मुहल्ला में लोगों को जन संपर्क कर बताएंगे। वर्षो से जिनके साथ रहे वे नीतीश कुमार के योजनाओं को अपनी योजना बता रहे हैं। इस लिए हम पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बिहार सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासन के द्वारा जदयू पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दी जाती। इस मौके पर खजौली विधानसभा प्रभारी संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष सह मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, हिरा मांझी, विनय कुमार सिंह, राम बाबू कामत, सुधीर गुप्ता, मो. मुमताज, विष्णु देव यादव, शौकत अली खान, रोहित कुमार महरा, सुकदेव महतों, काजल कुमारी, मनोज सिन्हा, सुरेश सिंह कुशवाहा, शिक्षक कैलाश पासवान, मो. मुजाहीद सहित अन्य मौजूद थें।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना पर भगवानपुर पहुंचे जाप सुप्रीमों पप्पू यादव

दैनिक शुभ भास्कर

रानीगंज । मंगलवार की देर रात्रि जाप सुप्रीमो पप्पू यादव अररिया जिला के बौसी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव पहुंचकर नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता व उनके परिजनों से मिले .आपको बता दें कि जुलाई महीने में हीं बौसी थाना क्षेत्र के मझुआ पूरब पंचायत के भगवान गांव के वार्ड संख्या चार के वार्ड सदस्य सह निजी कोचिंग संस्थान के संचालक अमित कुमार ऋषिदेव के द्वारा कोचिंग में हीं पढ़नेवाली एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और अश्लील वीडियो भी वायरल किया था।जिस बाबत अररिया महिला थाना में मामला भी दर्ज किया गया था.पीड़ित परिजनों को बार -बार समझौता करने का दवाब दिया जा रहा था साथ हीं झूठे मुकदमे में फंसाने का धमकी भी दिया जा रहा था.जिस कारण पीड़ित परिजन डरे सहमे रहते थे और अब तक मामले में आरोपियों की



गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिजनों में भय का माहौल था.इन सभी बातों की जानकारी पीड़ित परिजनों ने पप्पू यादव को दिया था. परिजनों के द्वारा जानकारी मिलने के बाद पप्पू यादव भगवानपुर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया.पप्पू यादव के सामने हीं परिजनों ने स्थानीय मुखिया बिनोद मेहता पर मामले में समझौता करने का आरोप लगाया मौके पर हीं जाप सुप्रीमो ने मुखिया को जमकर फटकार लगाई.जाप सुप्रीमों ने मामले को लेकर अररिया डीएसपी को फोन कर मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को सजा दिलाने का मांग किया है,उन्होंने बताया कि आरोपी के द्वारा इस तरह का घिनौना करतूत कई बच्चियों के साथ किया गया है. लोगों को उनका घर तोड़ देना चाहिए. इधर जाप नेता प्रिंस विक्टर ने कहा की हम पीड़ित परिजनों के साथ हैं,दोषियों को सजा दिलाने के लिए अंतिम दम तक प्रयासरत रहूंगा. जाप सुप्रीमो के साथ जाप नेता प्रिंस विक्टर,सुशील राही,हलचल अली,धर्मेंद्र कुमार यादव,पूर्व सरपंच योगेंद्र यादव,राजेंद्र यादव,मयंक पासवान,देवानंद मालाकार,अशोक मंडल,अखिलेश मंडल,दिलीप सिंह,सुरेंद्र यादव,मुरली यादव,सुनील पासवान,रंजन ऋषिदेव,चंदेश्वरी यादव,राजीव पोद्दार सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

## बाइक छिनने के दौरान ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा दो बदमाश,किया पुलिस के हवाले,जांच में जुटी पुलिस



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल** जिले में किशनपुर-पिपरा मार्ग के चकला नहर पुल समीप बाइक छीनने के दौरान ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा दो बदमाश को ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी कुछ युवकों ने इसकी वीडियो बनाकर शोसल मिडिया पर वायरल कर दिया जो तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने बाइक लूटेरों को धुनाई करने के बाद पिपरा पुलिस को सूचना देकर उनके हवाले कर दिया।मामला पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा किशनपुर पथ में चकला गांव के नहर पुल समीप का बताया जा रहा है जहा बुधवार की देर रात को दो बदमाशों ने एक बाइक सवार का बाइक छीनने की कोशिश कर रहे थे। तभी पीड़ित बाइक सवार के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां आ पहुंचे और दोनो बदमाशों को पकड़ लिया। जिसके बाद उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। इस दौरान किसी ने पिपरा पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस के हवाले दोनो बदमाशों को कर दिया गया है। पीड़ित बाइक सवार चकला निवासी रूपक कुमार ने बताया कि वो देर रात अपने घर से बेलोखरा जा रहे थे। तभी रास्ते में चकला नहर के समीप दोनो बदमाशों ने उसे घेर लिया। और बाइक छिनने लगे तब युवक ने शोर मचाया की उसका गाड़ी बदमाश छीन रहे हैं। जिसके बाद गांव के लोग घटना स्थल पर आए तो देखा कि तीन बदमाश वहीं बैठा था। ग्रामीणों को आते देख एक बदमाश मौके से फरार हो गया। जबकि दो बदमाश को ग्रामीणों ने धर दबोचा। बताया गया कि बदमाशो के पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। दोनो बदमाशों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। दोनो बदमाश किशनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। इस मामले में पिपरा पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है पुलिस का कहना है अभी घटना की तहकीकात की जा रही है।

## अवैध शराब मामले के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार भेजे गए जेल




**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज ,सुपौल** जिले के त्रिवेणीगंज पुलिस ने बीती रात्रि थाना क्षेत्र के पंचायत सिमरिया टोला बैजनाथपुर वार्ड नंबर 10 में छापामारी कर अवैध शराब मामले के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेज नारायण मंडल उम्र 40 वर्ष बैजनाथपुर वार्ड नंबर 10 निवासी के उपर पर मध निषेध अधिनियम के तहत त्रिवेणीगंज थाना में कांड संख्या 240/23 पूर्व में दर्ज की गई थी। उक्त आरोपी महीनों रोज से फरार चल रहे थे। उक्त नामजद आरोपी को त्रिवेणीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया इस बाबत त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष कृष्ण बलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया अवैध शराब मामले के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया।

## अभाविप ने कोचिंग संस्थानों में चलाया सदस्यता अभियान

**अररिया।** सदस्यता अभियान के चौथे दिन आज दिनांक 10 अगस्त को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा कोचिंग संस्थानों में सदस्यता के लिए अभियान चलाया गया. इस अवसर पर प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि सदस्यता को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया. उन्होंने छात्र तथा छात्राओं से अपील किया कि यदि आप लोगों का विद्यालय या महाविद्यालय में आर्थिक शोषण हो रहा है तो तुरंत परिषद कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना दें. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आपके हितों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार मिलेगा.

# भाजयुमो ने बिहार सरकार के खिलाफ निकाला धिक्कार मार्च




**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल।** जिले में बिहार में बढ़ते अपराध, छात्रों के प्रति सरकार की उदासीनता सहित अन्य मामलों को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की अगुवाई में आज बिहार सरकार के विरोध में धिक्कार मार्च निकाला गया। जिसमे पूर्व मंत्री सह प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, पूर्व मंत्री सह छातापुर के भाजपा विधायक नीरज कुमार बबलू सहित जिले भर के तमाम भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष जयंत मिश्रा के अगुवाई में सदर बाजार के गांधी मैदान से निकली यह मार्च शहर का भ्रमण करते हुए समाहरणालय परिसर तक पहुंची। जहां डीएम को लिखित विज्ञप्ति सौंपा गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की सूबे की सरकार में अपराध चरम पर है, छात्र परेशान है महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश की सरकार कार्यकर्ताओं पर लाठी और गोली चला रही है। बिहार सरकार में कानून का राज खत्म हो गया है। कहा की युवाओं से सरकार ने दस लाख रोजगार का वायदा करके मुकर गया है। जिससे युवा नौकरी के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। कहा जबसे सरकार में राजद शामिल हुई है अपराध का ग्राफ बढ़ा है। इन्ही सब मुद्दो को लेकर आज भाजपा युवा मोर्चा के अगुवाई में धिक्कार मार्च निकाला गया। जिसमे जिले भर के तमाम भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।



## कोसी बांध के अंदर उच्च बिद्यालय में बच्चों के समग्र विकास के साथ होता खेलवार



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल** जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा विभिन्न उच्च विद्यालयों में बच्चों के समग्र विकास के लिए तरह-तरह की योजना से प्रेषित कर उनके मनोबल को ऊंचा करने हेतु शिक्षा विभाग प्रयासरत है। वहीं स्थानीय स्तर पर खासकर कोसी बांध के भीतर उच्च विद्यालय के शिक्षकों की मनमानी से सिर्फ कागजी खाना पूर्ति कर सरकार के पास गलत रिपोर्ट पेश किया जा रहा है। प्रखंड के अंदर लगभग 20 से अधिक उच्च विद्यालय है। जहां पुराना चार विद्यालय चल रहे हैं। उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर में नियमित रूप से बच्चों के लिए सारी गतिविधियों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसका परिणाम यह कि यहां के



बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। अगर पिछले वर्षो की बात करें तो उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर के अभिषेक कुमार ने पर्यावरण अनुकूल सामग्री का निर्माण कर पूर्वोत्तर भारत मेला में हिस्सा लिया, वहीं दीपिका कुमारी और अभिषेक कुमार ने मोटे अनाजों की खेती छोड़ने के कारणों पर शोध कार्य कर राष्टीय स्तर पर अहमदाबाद में अपनी प्रस्तुति दी। सीमा कुमारी, अभिषेक कुमार,निराली कुमारी, मधुलता कुमारी की टीम ने नशामुक्ति पर एक नाटक की प्रस्तुति एनसीआरटी नई दिल्ली में दिया।

उच्च विद्यालय किशनपुर को छोड़कर किसी भी उच्च विद्यालय में बच्चों के लिए कोई भी गतिविधि नहीं किया जा रहा है और ना ही पठन-पाठन का काम सही रूप से हो पता है । कोशी बांध के किसी भी उच्च विद्यालय में रूटिंग के हिसाब से पढ़ाई नही होती है न घंटी लगती है। नही शिक्षक पढ़ाते हैं । सभी शिक्षक एक दूसरे से बातचीत करने में व्यस्त रहते हैं । जैसा कि सोमवार को एक विद्यालय की नजारा देखने को मिला । गोपनीय ढंग से विद्यालय प्रबंधन समिति से कह सुन कर फर्जी रिपोर्ट पेश किया जाता है । जबकि सरकार द्वारा हर विद्यालय में 75 प्रतिशत की उपस्थिति होना अनिवार्य कर दिया गया है । अन्यथा शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा । शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक द्वारा निर्देश के बावजूद भी खासकर कोसी बांध के भीतर पुराने ऐसे विद्यालय है, जहां उच्च विद्यालय में बच्चों के विकास के नाम पर कुछ भी गतिविधि नहीं किया गया है । जबकि सभी उच्च विद्यालय में युवा, पर्यावरण क्लब गठन के लिए सरकार द्वारा ?25000 रुपया दिया गया है। एवं विज्ञान क्लब के लिए ?5000 दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष विकास मद में रंग ,रोगन, सहित अन्य कार्यो की गतिविधि के लिए 75000 मिलता है। आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान जागरूकता, सहित कई ऐसे कार्यक्रम बच्चों के माध्यम से किया जाना है ताकि बच्चों का मनोबल बढ़े सके । कोसी बांध के अंदर सभी उच्च विद्यालय में शिक्षक विद्यालय जाकर सिर्फ मोबाइल में लगे रहते है । जबकि सरकार का निर्देश है कि कोई भी शिक्षक विद्यालय अवधि में मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे । शिक्षकों द्वारा ड्रेस कोड का भी पालन नहीं किया जा रहा है । कोसी बांध के अंदर एक ऐसा उच्च विद्यालय है

## 13 वर्षीय लड़का दो दिनों से लापता नहीं मिल रहा कोई सुराग परिजन का रो-रो का बुरा हाल



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल** जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के पधरा गोरधय गोवर्धन गुमशुदा की तलाश 48 घंटे से लापता युवक परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है ।वही त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र गोरधय पंचायत के मुसहरनियां वार्ड नं 4 निवासी शिवकुमार मंडल के 13 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार अपने घर से दिनांक 7/8/23 शाम करीब चार बजे घूमने निकला जो आज तक अपने घर नहीं पहुंचा है। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने पर भी कुछ नहीं पता चल पाया है परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। वही लापता लड़का अर्जुन कुमार के पिता शिव कुमार मंडल ने त्रिवेणीगंज थाना में आवेदन देकर अपने बेटे की के लिए त्रिवेणीगंज पुलिस से गुहार लगाया है। बता दें कि शिव कुमार मंडल का एक मात्र इकलौता पुत्र है अर्जुन कुमार अपने घर से 7 अगस्त को करीब चार बजे से लापता हो गया है जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया दिए गए आवेदन में बताया गया की अर्जुन कुमार अपने घर से घूमने निकला था जो लौट कर घर वापस नहीं आया जिसकी काफी खोजबीन भी किया लेकिन कोई पता नहीं चला अर्जुन कुमार आठवी का छात्र है।

## मरौना थाना पुलिस ने 15 लीटर चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर मरौना , सुपौल** जिले में मरौना थाना पुलिस ने बुधवार को मरौना उत्तर पंचायत के कुशमौल गांव से 15 लीटर चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी देते हुए मरौना थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की कुशमोल गांव अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर कुसमौल गांव वार्ड 6 निवासी मोहन सदा के घर छापेमारी की गई। इस दौरान मोहन सदा के घर से 15 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। मोहन सदा पर मरौना थाना में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत दर्ज करते हुए न्ययायिक हिरासत में भेज दिया।

## अलग-अलग जगह से पांच अभियुक्त को भेजा जेल





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर सुपौल** किले के किसनपुर पुलिस ने बुधवार कि रात थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल। थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि सुखासन पंचायत के रामदयाल यादव, देवेन्द्र यादव और सुरेन्द्र यादव केस में फरार अभियुक्त को किया है। इसके अलावा किशनपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड 10 निवासी मो यूनिस और मो इकबाल ये दोनों केस में फरार चल रहा था। जहां सभी अभियुक्त को बुधवार की रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## प्रखंड राजद कार्यालय में बैठक कर अम्बेडकर परिचर्चा के लिए सभी पंचायत की गई तिथि निर्धारण



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल** जिले के प्रखंड राजद कार्यालय में गुरुवार को बैठक कर अंबेडकर परिचर्चा के लिए सभी पंचायतों में तिथि निर्धारण करने का निर्णय लिया गया । प्रखंड अध्यक्ष मंगल यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को पार्टी कार्यालय में निर्णय लिया गया कि आगामी 12अगस्त से लेकर 18 अगस्त के बीच सभी पंचायतों में खासकर महादलितो की बस्ती में परिचर्चा करने का निर्णय लिया गया । बैठक में अंबेडकर परिचर्चा के प्रखंड प्रभारी राम सागर पासवान ने बताया कि सर्वप्रथम अंदौली पंचायत में 12 अगस्त को, तथा करहिया एवं मैहासिमर पंचायत में 13 अगस्त को, तथा सुखासन एवम् तुलाप्त पंचायत में 14 अगस्त को, मलाड एवम् शिवपुरी पंचायत में 16 अगस्त को, किशनपुर उत्तर तथा किशनपुर दक्षिण पंचायत में 17 अगस्त को, एवं राजपूर तथा कटहरा कदमपुरा पंचायत में 18 अगस्त ,को तिथि तय की गई । इसकी जानकारी सभी पंचायत अध्यक्ष को दिया जा रहा है।ताकि परिचर्चा की तैयारी हो । बैठक में महिला जिला अध्यक्ष सोनी कुमारी सहित अन्य कार्य कर्ता शामिल थे ।

चर्चा

पांचवे दिवस पर श्री सीता राम विवाह उत्सव प्रसंग पर बोलते हुए व्यास साध्वी सुकृति ने कहा

# श्री राम कथा के पाँचवा दिन विवाह उत्सव पर की गई चर्चा



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल** जिले के नगर परिषद अंतर्गत ठाकुर बारी मन्दिर में श्रीराम कथा के पांचवे दिन अंचल अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारासर व्यास पीठ का पूजन एवं आरती कर शुभारंभ किया गया।

श्रीराम धनुष यज्ञ व श्री सीता राम विवाह उत्सव के अवसर पर मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत किया गया,जिसका श्रोताओं ने आनंद उठाया।

पांचवे दिवस पर श्री सीता राम विवाह उत्सव प्रसंग पर बोलते हुए व्यास साध्वी सुकृति ने कहा कि ऋषि पत्नी अहिल्या का उद्धार चरण राज से किया जिनके मन में ग्लानि हुई की उन्होंने ऋषि पत्नी को चरण लगाया तो विश्वामित्र जी ने गंगा अवतरण की कथा सुनाई और गंगा पूजन हुआ स्नान आदि कराया हमें भी अपने छोटे बालकों को ठीक इसी प्रकार जिस प्रकार कुम्हार ने कच्चे घड़े को ठोक ठोक कर आकार देता है ठीक उसी प्रकार हमें भी अपने बच्चों को 16 वर्ष के भीतर ही सत्संग व धार्मिक कथा से जोड़ना चाहिए और सीताराम विवाह भजन आदि मिथिला पद्धति से किया गया। अंचल समिति सदस्य रामकुमार चौधरी,अरूण चौधरी,मनीष कुमार सिंह,अशोक सम्राट,नलिन जायसवाल,बद्री अग्रवाल,राजेश मोहनका, मोहन चौधरी,संजीव सिंह,देवनारायण चौधरी,दशरथ पासवान,किशन कुमार,कैलाश कुमार,अनिरुद्ध कुमार,रामाधार कुमार,चंदन शर्मा राम उदगार दास,रितु,रमन,अजय, संगीता, शोभा,गुड़िया,सुचित्रा,सुनीता,सोनी कुमार,प्रीति,ज्ञान सागर सहित सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु भक्त-जन विपरीत मौसम के वावजूद उपस्थित हुए।



## डा.आलोक राज का प्रयास लाया रंग, वीसी के अनियमितता की जांच को पहुंची कैग की टीम



**पूर्णिया ।** पूर्णिया विश्वविद्यालय में व्याप्त तमाम तरह की कुव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार संबंधी मामले की जांच हेतु नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टीम विश्वविद्यालय पहुंच गयी है। कैग की टीम का यह दौरा विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक सह राजद प्रवक्ता डा. आलोक राज द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीयू के प्रबंधन में बरती जा रही तमाम तरह की अनियमितता को लेकर लगातार आवाज उठाने के बाद हुआ है ताकि मामले की वास्तविकता का पता लगाया जा सके। कैग की टीम ने यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. राजनाथ यादव के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की जांच भी शुरू कर दी है। इसी बीच विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक आलोक राज ने विश्वविद्यालय के वर्तमान वीसी के खिलाफ महालेखाकार को पत्र लिखा है और उनसे कैग की टीम द्वारा ऑडिट कराने की मांग की गई है। श्री राज ने अपने पत्र में कहा है पूर्णिया विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. राजनाथ यादव विश्वविद्यालय के प्रबंधन में घोर अनियमितता बरत रहे हैं। पीयू में सरकारी धन की लूट मची हुई है, भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि पूर्णिया विश्वविद्यालय में ई- लाइब्रेरी की व्यवस्था के बिना ही पुस्तकों की खरीद और अवैध रूप से बिना कार्य लिए ही शिक्षकों का भुगतान कराया जा रहा है। इन सभी मामलों की महालेखाकार से जांच कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा है कि पूर्णिया विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. राजनाथ यादव पर चतुर्थ ग्रेड कर्मी से बेयरर चेक के माध्यम से लाखों रुपए निकासी कराने का आरोप विश्वविद्यायल में सहायक परीक्षा नियंत्रक रहे डॉ. सुरेश मीणा ने लगाया है। डॉ. मीणा ने साक्ष्य के साथ मामले की यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार से की थी। इतना ही नहीं डॉ. मीणा ने कॉपी मूल्याकांन एवं कोडिंग-डिकोडिंग में जिन शिक्षकों ने भाग नहीं लिया उनके नाम से भी भुगतान कर राशि की निकास करने का साक्ष्य कुलसचिव को दिया था। डॉ. आलोक राज ने महालेखाकार से कैग की टीम के द्वारा इस पूरे मामले की वित्तीय जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने वर्तमान कुलपति के और भी कई काले कारनामों का जिक्र अपने पत्र में किया है।

## ख़ास ख़बर

# आठ माह से पंचायत सचिवों को वेतन नहीं मिलने से हुई भुखमरी

**दैनिक शुभ भास्कर** नासरीगंज (रोहतास) प्रखंड के पंचायतों में पदस्थापित सात पंचायत सचिवों को पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिलने से उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने डीएम से अविलंब वेतन भुगतान कराने की मांग की है। पंचायत सचिव मुकेश कुमार व राहुल कुमार सिंह ने बताया है कि वे अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करते हैं। पंचायत के अंतर्गत जो भी कार्य आता है। हम सभी उसे बखूबी पूरा करते हैं। लेकिन हमलोगों का आठ माह से वेतन नही मिला है। जिसके कारण हम सभी के सामने काफी सारी समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं। उन्होंने डीएम से अविलंब वेतन भुगतान कराने की मांग की है। इस मौके पर पंचायत सचिव अवकाश तिवारी, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, वीरेंद्र पांडेय व रंजीत कुमार रजक शामिल है।

# भगवान को सच्चे ह्रदय से याद करने पर कमाना होती है पूर्ण - श्रीधर प्रपन्नाचार्य



**नासरीगंज (रोहतास)** नगर के वार्ड आठ बड़ी बाजार रोड में श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सत्संग के आयोजन के उपलक्ष्य में श्री श्री 1008 श्री वैष्णवी पीठाधेश्वर संत स्वामी श्री देवी दयाल परमहंस जी महाराज के परम शिष्य महंत श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज (आचार्य सोनू बाबा) ने कथा वाचन करते हुए कहा कि मनुष्य को दिखावा नही कर भगवान को सच्चे ह्रदय से याद करना चाहिए। अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीतें हैं तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। उन्होमे प्रवचन के दौरान कहा कि कामना युक्त कर्मकांड करने एवं कराने वालों में अहंकार आता है। कर्मकांड अगर करना है तो परमात्मा की प्राप्ति के लिए करें। किसी कामना की पूर्ति के लिए नही। संसार एक सरोवर और हम उस सरोवर में जीव हैं। श्रीहरि सदैव हमारी रक्षा करते हैं, सहायता करते हैं। अतः आनंदमय जीवन के लिए केवल हरिसुमिरन ही आधार है। आयोजकों ने बताया कि आगामी 14 अगस्त तक श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराई जाएगी एवं 15 अगस्त को भंडारे व हवन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। मौके पर पंडित चंदन मिश्रा, नगर के पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार, रवि कुमार उर्फ बबलू गुप्ता, भारतेंदु नारायण, आदर्श नारायण, बंटी कुमार और दयाशंकर देवा समेत सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## राजस्व शिविर में मामलों का हुआ निष्पादन

नासरीगंज (रोहतास) प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में जमीनी विवाद से संबंधित दाखिल खारिज, परिमार्जन सहित अन्य जटिल मामलों के निष्पादन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ अमित कुमार व आरओ चंदन चौधरी ने कई मामलों का निष्पादन किया। शिविर मे जमीनी विवाद से जुड़े दाखिल खारिज और परिमार्जन जैसे समस्याओं का तत्काल निष्पादन किया गया। सीओ अमित कुमार ने बताया कि दाखिल खारिज के लिए छह आवेदन आया, जिसमें कोई मामले का निष्पादन नही किया गया हैं। वहीं परिमार्जन के लिए कुल छह मामले आये जिसमें सभी मामलों का निष्पादन किया गया एवं अन्य पांच मामले आये जिसमें सभी मामले का निष्पादन किया गया। पहले से सात मामले लंबित थे जिसमें सभी पांचों मामलों का निष्पादन कर दिया गया। आज और पहले वाला कुल 24 मामलों में 18 मामले का निष्पादन किया गया। मौके पर उपप्रमुख सन्तोष कुमार, राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार, राजेश कुमार, सोनू कुमार, भोला सिंह, कौशल कुमार, हरिओम, सूरज सहित कई लोग उपस्थित थे।



# पूर्व विधान पार्षद के पुत्र निधन पर गांव पहुंच भाजपा महामंत्री ने शोक जताया

## सैकड़ों कार्यकर्ता ने डॉ0 मनीष के साथ परिजन को ढाढ़स दिलाया





**दैनिक शुभ भास्कर** काराकाट (रोहतास) काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा भावी प्रत्याशी डॉ0 मनीष रंजन ने पूर्व विधान पार्षद के पुत्र निधन पर शोक जताया। इस दुःख की घड़ी में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ0 मनीष रंजन सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधान पार्षद के नावाडीह गांव पहुंच भावुक हो हुलास पांडे से मुलाकात की। जहां पूर्व एमएलसी ने भाजपा नेता डॉ0 मनीष से भावुक होकर दुःख व्यक्त करते हुए घटित घटना की बातें कही। जिनकी बातें सुन भाजपा नेता ने अपने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके पुत्र के दिवंगत आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें हिम्मत दिलाया।साथ ही साथ उनके भाई पूर्व विधायक सुनील पांडे से भी मिल शोक संवेदना सभी ने व्यक्त किया। दूसरी तरफ डॉ0 मनीष ने इस दुःख पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व विधान पार्षद सह लोजपा नेता हुलास पांडेय के 13 वर्षीय पुत्र अक्षत की संदिग्ध मौत को मर्माहत करने वाली घटना बताया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से हुलास पांडे पुत्र वियोग में असहाय व टूट चुंके है। जिन्हें दुःख की घड़ी में ढाढस दिलाना हम समाज के सभी लोगों सहित किसी भी राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ताओं का अहम दायित्व बनता हैं। ज्ञात हो कि विगत दिन पटना अंतर्गत आवास में उनके पुत्र अक्षत की संदिग्ध स्थिति में शव मिलते ही वहां मातम मच गया था। जिस मौत के संबंध में पूर्व विधान पार्षद ने बताया था कि स्नान करने के क्रम में उनका पुत्र अक्षत बाथ रूम में गिर पड़ा था। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ थी। जिस घटना के जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे पटना के पारस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के क्रम में उनके पुत्र की मौत हो गई। जहां डॉक्टरों ने मौत की वजह ब्रेन हेमरेज बताया था। इस मौके पर भाजपा नेता-अजीत कुमार सिंह,सुनील सिंह, भाजपा गोडारी नगर अध्यक्ष विनोद पासवान, भाजपा बिक्रमगंज ग्रामीण अध्यक्ष सुनील सिंह, के यूनियन अध्यक्ष विजय रॉय, प्रवक्ता भीम पांडे, राजपुर जिला पार्षद सह रोहतास जिला भाजपा मंत्री रेशमा पटेल, गोडारी नगर अध्यक्ष रामाशंकर सिंह, चंदन सिंह, अध्यक्ष आशुतोष सिंह, बलवंत सिंह, हरेंद्र हरियाली सिंह, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, विवेक सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# बीडीओ ने स्वच्छता को लेकर जीविका कर्मी साथ की बैठक



नासरीगंज (रोहतास) प्रखण्ड परिसर स्थित बीडीओ कक्ष में गुरुवार को बीडीओ सह स्वच्छता पदाधिकारी मो0जफर इमाम की अध्यक्षता में जीविका के अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से जीविका सदस्यों के माध्यम से प्रखण्ड में स्वच्छता आधारित सूचना का प्रचार-प्रसार करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बीडीओ के द्वारा स्वच्छता के संबंध में बातें कही गयी एवं जीविका नासरीगंज के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे जीविका दीदियों के माध्यम से प्रखण्ड क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश प्रसारित करें। स्वच्छता को लेकर जिले का पहला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई परसिया पंचायत में आगामी सोमवार को ग्राम संगठन का बैठक किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि नासरीगंज प्रखंड को स्वच्छ बनाने में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी। तभी जाकर हम स्वच्छ प्रखंड और स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे। बीडीओ ने कहा कि जिले का पहला स्वच्छता को लेकर परसिया पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण किया जा चुका है। स्वच्छता को लेकर प्रखंड के कई पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाव व वार्डो में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक चेतन आनंद, बीपीएम मनोज कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक एवं सामुदायिक समन्वयक उपस्थित रहे।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में आरा जिला के खिलाड़ियों ने 12 मेडल जीता



**दैनिक शुभ भास्कर**

आरा (भोजपुर) आरा-गया जिला में आयोजित द्वितीय राजा कर्ण तीरंदाजी प्रतियोगिता में भोजपुर के खिलाड़ियों ने तीसरे दिन टोटल 6 गोल्ड और 6 सिल्वर के साथ 12 मेडल प्राप्त किया। सीनियर पुरुष वर्ग में 70 मीटर दूरी में धीरज रॉय 3 गोल्ड प्राप्त किया। धीरज ने पहले भी कई बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर भोजपुर सहित बिहार को भी गौरवांवित किया है। शुभम कुमार ने भी जूनियर वर्ग में 70 मीटर में 3 गोल्ड प्राप्त किया। शुभम बिहार के पहले ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में इनाम राशि प्राप्त किया है। जूनियर वर्ग में सामर्थ कुमार ने 70 मीटर में ही 3 सिल्वर प्राप्त किया है। अंडर 14 बालिका वर्ग में सुमन कुमारी ने तीन सिल्वर मेडल जीता है। खुशी जाहिर करने वालों में मुकेश कुमार, रजनीश पाठक, कुमार विजय कुमार मंगलम,पूजा सिंह, प्रतीक कुंदन, कुणाल, पूजा रॉय व राजलक्ष्मी है। सभी जानकारी भोजपुर तीरंदाजी एकेडमी के सचिव सह कोच नीरज कुमार सिंह ने दी। मेडल जितने वाले भोजपुर के तीरंदाज खिलाड़ी भी शामिल है।

## विद्युत मीटर के बिल गड़बड़ी से रोष उपभोक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

कोचस (रोहतास) बिजली विभाग द्वारा दिनों डिजीटल मीटर में भारी पैमाने पर हो रही गड़बड़ी को लेकर लोगो ने गुरुवार को अनुमंडलाधिकारी रोहतास को आवेदन दिया। इसकी जानकारी देते हुए कोचस के समाजसेवी सोनू शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत कोचस में इन दिनों विद्युत स्मार्ट मीटर में भारी पैमाने पर गड़बड़ी कि शिकायत मिल रही है। जिस विद्युत उपभोक्ता का पहले महज 100 रूपया बिजली का बिल आता था वहां सीधे तिगुना राशि का भुगतान आमजनों को करना पड़ रहा है। जो कही से न्यायोचित नही है। विद्युत विभाग के इस रवैये से आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी विद्युत विभाग के इस नकरात्मक रवैये से काफी आक्रोशित है। लिहाजा विद्युत विभाग के भारी पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर नगरवासियों के द्वारा विद्युत विभाग के विरोध मे शनिवार को कार्यालय परिसर के समक्ष लोग विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# हिंसा के खिलाफ न्यायहित में विरोध प्रदर्शन करेंगे समाजसेवी

**दैनिक शुभ भास्कर** कोचस (रोहतास) नगर पंचायत कोचस के सर्वदलीय समिति बुद्धजीवियों-समाजसेवियों के द्वारा मणिपुर हिंसा के विरोध में शान्तिपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए समन्वयक सर्वदलीय समिति सुश्री उर्मिला बहन ने बताया कि हम सभी सामाजिक विचारधारा के तहत अपने समाज के विकास हेतू कार्यरत मणिपुर में हो रहे हिंसा विशेषकर महिलाओं के साथ हो रहे इस घटना ने हमारे देश कि आत्माओं को झकझोर दिया है। हम सभी इस देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मणिपुर के भाई बहनों के साथ सहानुभूति जताने तथा हिंसा पर रोक लगाने और उनको न्याय दिलाने हेतू शान्तिपूर्ण प्रदर्शन सह आम सभा का आयोजन किये है। जो शान्तिपूर्ण प्रदर्शन कोचस मेहता सिनेमा हॉल से दिनारा रोड में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैंक के आगे से होते हुए सरना रोड में पेट्रोल पंप तक पुनः बक्सर रोड बस स्टैंड से वापस अंबेडकर चौक तक शान्तिपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। अंबेडकर चौक पर एक सभा के साथ शान्तिपूर्ण प्रदर्शन का समापन किया जायेगा। वही उन्होनें आम जनमानस से अपील करते हुए कही कि लोगों की आवाज को जन जन तक पहुंचाने और न्याय दिलाने हेतू सभी का आगमन देशहित में महत्वपूर्ण योगदान होगा। मौके पर कई अन्य समाजसेवी, बुद्धिजीवी व सर्वदलीय समिति के लोग उपस्थित रहे।

## छत से गिर महिला जख्मी, हालत चिंताजनक

**दैनिक शुभ भास्कर** करगहर (रोहतास) थाना क्षेत्र के बुधवार को भानपुर गांव में छत से गिर महिला जख्मी हो गई । जिसे ग्रामीणों के सहयोग से पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भानपुर निवासी दीना नाथ राय की पत्नि सबिता देवी अपने घर के छत पर काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक छत से गिर महिला जख्मी हो गई। वही जख्मी महिला को पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहा बेहतर इलाज को लेकर डाक्टरों ने सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां महिला का इलाज कर रहें डॉक्टर ने स्थिति अभी चिंताजनक बताई है।

# अंचल स्तरीय साप्ताहिक राजस्व शिविर का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर** काराकाट (रोहतास) स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर में जिलाधिकारी के आदेश के आलोक प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को अंचल स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें दाखिल खारिज, भूमि मापन, परिमार्जन सहित किसानों के विभिन्न समस्याओं का निदान ऑन स्पॉट किया गया । राजस्व कर्मचारी सतीश कुमार ने बताया कि शिविर में दाखिल खारिज से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों को पंजीकृत कर लिया गया। जिसका समाधान शीघ्र कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों के दाखिल खारिज, परिमार्जन,भूमि मापन सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इससे किसानों और भू-स्वामी को काफी लाभ होगा। उन्हें अपनी समस्याओं के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शिविर प्रत्येक गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगाया जाएगा । शिविर में राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार सहित कई लोग थे।

## सर्पदंश से 40 वर्षीय महिला की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर**काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव के बधार में घास काटने गई महिला को सर्प ने काट लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त प्रखंड क्षेत्र के नवादा निवासी धनजी यादव की 40 वर्षीय पत्नी समझारों देवी गुरुवार की सुबह घास काटने के वास्ते खेत में गई थी। जिस क्रम में महिला को सर्प ने काट लिया। जब उक्त महिला समय पर घर नही पहुंची तो उनके परिजन खोजबीन करने के लिए खेत पर जैसे ही पहुंचे उस वक्त महिला अचेत अवस्था में खेत में गिरी हुई थी। जिसे आनन-फानन की अवस्था में उनके परिजनों ने महिला को झार-फूंक के लिए ले गए। लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी। जब घटना की सूचना मीडिया को लगी तो त्वरित संज्ञान में लेते हुए मीडिया कर्मियों ने स्थानीय अस्पताल के वरीय अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पाते ही स्थानीय अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा मेडिकल टीम के साथ उक्त स्थल पहुंच जांच में जुट गए। मेडिकल टीम भी अथक प्रयास किया। मगर कोई सफलता मेडिकल टीम को भी हाथ नही लगी। अंततोगत्वा जांचोपरांत मेडिकल टीम ने उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया।

# एडीजे-01 मनोज कुमार तिवारी ने युवती के साथ दुष्कर्म मामले में 02 आरोपियों को उम्रकैद की दी सज़ा

**अररिया।** 22 वर्षीय युवती के साथ जबरन सामुहिक रूप से दुष्कर्म करने का मामला प्रमाणित होने पर व्यवहार न्यायालय के प्रथम एडीजे मनोज कुमार तिवारी ने कुर्साकांटा थाना क्षेत्र के डहुआबारी वार्ड 13 के रहनेवाले मो राफीद 34 वर्षीय पुत्र अनवारुल व मो साईमुद्दीन के 27 वर्षीय पुत्र मो पिंकू को उम्रकैद की सज़ा सुनाते हुए विभिन्न धाराओं में कुल 58 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। न्यायधीश श्री तिवारी ने यह आदेश एसटी 164/29 मे दिया है। इस मामले में सरकार की ओर से एपीपी राजानन्द पासवान व वचाव पक्ष से अधिवक्ता मो शौकत हयात ने अपना पक्ष रखा। घटना 21 फरबरी 2019 को करीब 12 बजे रात की बताई गई है। जहां मौका का फायदा उठाकर दोनो आरोपियों ने मिलकर सुचिका को उसके घर से उठाकर बाड़ी मे ले जाकर बारी बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध महिला थाना कांड संख्या 14/2019 दर्ज करवाया था। गवाहो के बयान से संतुष्ट होकर न्यायालय के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने दोनो आरोपियों को भादवि की धारा 376 (डी), 354 (बी), 323, 341 व 506 के तहत दोषी पाया।

**पौधरोपण** पृथ्वी दिवस पर जिले में हुआ पौधरोपणङ्ग जिस तरह से पृथ्वी अपने वास्तविक नेचर से अलग होते जा रही है।

# पृथ्वी दिवस पर जिले में हुआ पौधरोपण



**दैनिक शुभ भास्कर/आरा** (भोजपुर) पृथ्वी दिवस पर जल जीवन हरियाली के तहत मनरेगा के तत्वावधान में आरा सदर प्रखंड के बरजा पंचायत के पीपरा गांव में दो यूनिट पौधरोपण बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि डीडीसी, विशिष्ट अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ मनरेगा थे। डीडीसी ने कहा कि जल जीवन हरियाली एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके निमित अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य जिला प्रशासन की ओर से वन विभाग और मनरेगा के पदाधिकारियों को दिया गया है। आम जनमानस का इसमें सहयोग प्राप्त होता है तो ज्यादा से ज्यादा पौधे प्रत्येक वर्ष अपने जिले में लगाए जा सकते हैं। हम सभी जानते हैं कि पृथ्वी पर पौधे हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जिस तरह से पृथ्वी अपने वास्तविक नेचर से अलग होते जा रही है।

समय वर्षा का होना एकाएक तापमान बढ़ जाना और कई कारण का सामना आज हम सभी अधिक मात्रा में वनों के काटे जाने के कारण उत्पन्न हुई हैं। अगर पृथ्वी को पुनः नेचर के वास्तविक रूप में लाना हैं तो पेड़ लगाने ही होगे। आज पौधे को हमारे आर्थिक सहायता में भी सहयोगी हैं। कृषि वानिकी मौजूदा समय की मांग है। इधर, पृथ्वी दिवस पर कृषि भवन के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा, सहायक निदेशक शष्य, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्र, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण, सभी एटीएम, बीटीएम ने भी फलदार वक्ष लगाया गया।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एनवाईकेएस ने शहीदों के याद में किया पौधरोपण



**जोगबनी ।** आजादी के अमृत काल को यादगार बनाने हेतु मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम के दूसरे चरण में गुरुवार को युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की जिला इकाई नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा भेरियारी एसएसबी कैम्प परिसर में पौधरोपण कर विकसित भारत के लिए पंच प्रण प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत एसएसबी के उप निरीक्षक सह चौक प्रभारी योगेंद्र सिंह एनवाईकेएस चयन समिति सदस्य व भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ,लेखा पदाधिकारी सुधांश त्रिपाठी ने जवानों संग सामूहिक रूप से फलदार एवं छायादार वृक्ष का पौधा लगाकर किया।ततपश्चात जवानों एवं एनवाईकेएस सदस्यों ने सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन किया तथा विकसित भारत के पंच प्रण यथा भारत को विकसित देश बनाने के लिये गुलामी के मानसिकता को जड़ से निकाल फेंकेंने, देश के समृद्ध विरासत पर गर्व करने एकता एकजुटता के साथ नागरिक के कर्तव्य निभाने। देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने।और भारत को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करने हेतु प्रतिज्ञा लिया। मौके पर एनवाईकेएस के युवा स्वयंसेवक सत्यप्रकाश, अभयनाथ सिंह एसएसबी भेरियारी चौकी के सहायक उपनिरीक्षक मंगतराम, जवान जसवंत कुमार, पूरन सिंह, चिंता हरण तिवारी दिनेश प्रसाद सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### मुख्यमंत्री आवास योजना के कुल 9 लक्ष्यों के विरुद्ध एक भी लक्ष्य पूर्ण नहीं किया गया है





शुभ भास्कर 10/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा चैनपुर प्रखंड, अंचल एवं प्रखंड स्तरीय अन्य कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि डुमरकोन पंचायत के 14 लाभुकों द्वारा पैसा लेकर अब तक आवास निर्माण नहीं कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा 14 लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद चलाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के कुल 9 लक्ष्यों के विरुद्ध एक भी लक्ष्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा शीघ्र लक्ष्य पूर्ण करने तथा आवास आवास पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी चैनपुर अनुपस्थित पाए गये। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्टीकरण करने तथा एक दिन का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा ड्ढक्क में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। ब्लॉक कार्डिनेटर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के लिए स्पष्टीकरण करते हुए वेतन बंद करने का का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा के अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

### 30वें दिन हड़ताल कर रही आशा कर्मीयों ने पीएम व सीएम के विरुद्ध हाथों में रचाई मेहंदी, जमकर की नारेबाजी



**दुर्गावती कैमुर / शुभ भास्कर** दुर्गावती स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी कर्मी का दर्जा व समान वेतन की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने आज 30वां दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान आशाकर्मियों ने केंद्र व बिहार सरकार के खिलाफ हाथों में सावन की मेहंदी रचा कर नारेबाजी की। सभी आशा कर्मियों ने अपने-अपने हाथों में लाल मेहंदी से नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, नीतीश मुर्दाबाद तेजस्वी मुर्दाबाद नाम रचाकर इनके विरोध में नारेबाजी की।बता दें कि आशा कर्मियों ने दुर्गावती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अपने 9 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन में जमकर नारेबाजी भी की। जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती तबतक हड़ताल जारी रहेगा। आशा को सरकारी कर्मी का दर्जा देने तथा 10 हजार मासिक वेतन तथा पेंशन योजना बहाल करने के साथ नौ सूत्री मांगों पर आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि हड़ताल पर जाने की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार हमारी मांगों पर अब तक चुप क्यों है।

### भगवती सिंह मेमोरियल बीएड कालेज में बीएड के छात्र परीक्षा में शत प्रतिशत सफल होने से खुशी

**शुभ भास्कर** कैमुर चांद प्रखंड में उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा देने में अग्रणी बीएड कालेज जिगिना में 2023/24 में बीएड फाइनल परीक्षा में शामिल सभी छात्र शत् प्रतिशत सफल होने से विद्यालय में खुशी की लहर है। भगवती सिंह मेमोरियल बीएड महाविद्यालय जीगिना में बीएड फाइनल परीक्षा में कुल 50 छात्र शामिल हुए थे। शामिल सभी छात्र उत्तीर्ण हो गये।सभी छात्रों को विद्यालय प्रबंधन समिति ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कालेज के डायरेक्टर धीरज कुमार सिंह ने कहा उत्तीर्ण सभी छात्रों को हम बधाई देते हैं।

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी पंचायतों में पौधारोपण वीरों का नमन एवं शपथ कराया जाना है

**कैमुर भभुआ/ शुभ भास्कर**

दिनांक 9 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 तक मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी पंचायतों में पौधारोपण वीरों का नमन एवं शपथ कराया जाना है7 इसी क्रम में आज अखलासपुर पंचायत में नेहरू युवा केंद्र-कैमूर के माध्यम से मध्य विद्यालय,अखलासपुर के प्रांगण में पौधारोपण किया गया उसके उपरांत वीरों का नमन अंतर्गत पूर्व सैनिक सुनील कुमार एवं एस एन सिंह जी का सम्मान जिला युवा अधिकारी सुशील कारोलिया द्वारा किया गया 7 साथ ही सभी ने मिलकर शपथ भी ली 7 इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लालदेई कुमारी, पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ,लेखा लिपिक चंद्रकांत चौधरी, ज्योति तिवारी, राधा कृष्ण शर्मा, गौतम कुमार सिंह (शिक्षक) ,राकेश कुमार( शिक्षक) संजीत कुमार सिंह( शिक्षक), सोनी कुमारी कुशवाहा, सरिता सिंह पटेल, सुनीता कुमारी ,सबर जहां, माया कुमारी, मुसर्रत जहां ,उषा कुमारी समेत जिले के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे7 मेरी माटी -मेरा देश अंतर्गत यह कार्यक्रम भारत के प्रत्येक जिले में 9 से 15 अगस्त तक चलाया जाना है जिसका समापन 29 एवं 30 अगस्त को दिल्ली में किया जाएगा 7भारत के प्रत्येक जिले से कुल 7500 लोग माटी एवं पौधा लेकर दिल्ली पहुंचेंगे7 यह अभियान 30 अगस्त 2023 तक





चलेगा, इस दौरान गांव के स्तर तक वीर-वीरांगनाओं का वंदन ,प्रतिज्ञा ,स्मारक की स्थापना जैसे कई कार्यक्रम होंगे गांव, पंचायत ,ब्लॉक, कस्बा नगरों में लगने वाले सिलापट पर वहां के वीर वीरांगनाओं के नाम तथा प्रधानमंत्री के संदेश अंकित होंगे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के बीते संस्करण में इस अभियान की घोषणा की थी

## सतत विकास लक्ष्य के तीन थीम पर वार्ड सदस्यों को दिया जा रहा गैर आवासीय प्रशिक्षण



दुर्गावती कैमुर/ शुभ भास्कर दुर्गावती प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधियों (वार्ड सदस्यों) का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आज से प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें पहला दूसरा एवं तीसरे दिन तक अलग अलग पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।बता दें कि इस प्रशिक्षण में वार्ड सदस्यों को अलग-अलग तीन थीम पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सतत विकास लक्ष्य थीम 1 गरीबी मुक्त एवं व बढ़ी हुई आजीविका व थीम 2 स्वस्थ पंचायत एवं थीम 3 सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण पंचायत पर वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण चल रहा है। इस प्रशिक्षण में पहले दिन अवरहियां ,छावों व चेहरियाँ तीन पंचायतों के वार्ड सदस्यों को दिया जा रहा है।

### जांच के आदेश के बाद पंचायत समिति सदस्यो काभूख हड़ताल समाप्त

**दुर्गावती कैमुर/ शुभ भास्कर** तेरह सूत्रीय मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों का भूख हड़ताल आज समाप्त हो गया। जिला पदाधिकारी के टेलीफोन से वार्तालाप और पत्राक 2459 के द्वारा मिले आदेश की कॉपी के बाद भूख हड़ताल समाप्त किया गया। जिला पदाधिकारी के आदेशा अनुसार दो सदस्य टीम तेरह सूत्रीय मांग की जांच के लिए गठित कर दी गई है जो 1 हफ्ते में जांच कर अपना जांच रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को देगी। इस संबंध में पंचायत सदस्य धरना समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी के आदेश पर प्रमोद कुमार सिंह पंचायती राज्य जिला पदाधिकारी के द्वारा मिले।

## जिलाधिकारी ने चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण तो चैनपुर कर्मचारियों में मचा हड़कंप

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर** चैनपुर कैमूर को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा चैनपुर प्रखंड, अंचल एवं प्रखंड स्तरीय सभी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। समीक्षा के क्रम में डुमरकोन पंचायत के 14 लाभुकों द्वारा पैसा लेकर अब तक आवास निर्माण नहीं कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा 14 लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद चलाने का निर्देश दिया गया।मुख्यमंत्री आवास योजना के कुल 9 लक्ष्यों के विरुद्ध एक भी लक्ष्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी के द्वारा शीघ्र लक्ष्य पूर्ण करने तथा आवास पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।



समीक्षा के क्रम में प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी चैनपुर अनुपस्थित पाए गये। जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण करने तथा एक दिन का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा 2श्चह्व में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। ब्लॉक कार्डिनेटर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के लिए स्पष्टीकरण करते हुए वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा के अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। वही कैमूर जिलाधिकारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया की जिसका जो जिम्मेवारी मिला है। तो सही से करे नही तो कार्य में लापरवाही बर्दाश नही किया जायेगा और गलत करने वाले पर करवाई किया जाएगा कैमूर जिलापदाधिकारी का कैमूर में आगमन जब से हुआ है। तबतक कैमूर के सभी परखंडो में समय समय जांच चल रहा है। पर गलत करने वाले कर्मचारियों पे करवाई भी देखने को मिल रहा है

**प्रदर्शन** | जिला पंचायती राज पदाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

# वार्ड सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर

कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष वार्ड सदस्यों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन। आपको बताते चलें कि कुदरा प्रखंड के वार्ड सदस्यों द्वारा10/8/2023 विकास की योजना 02 एवं 7 को लेकर, जिला एवं प्रखंड पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बहिष्कार करने के संबंध में, जिला पंचायती राज पदाधिकारी के नाम प्रखंड कार्यालय के समक्ष जिला पंचायती राज पदाधिकारी के प्रतिनिधि को अपने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कुदरा प्रखंड के सभी उप मुखिया एवं वार्डो का कहना है, कि



पिछले साल 2022 में प्रखंड स्तर से जिला स्तर पर वार्ड एवं उप मुखिया का जो तीन दिवसीय प्रशिक्षण चला था उसमें बैंक खाता एवं आधार कार्ड लेकर प्रतिदिन ?600 देने की बात की गई थी। लेकिन अभी तक किसी के खाते में 1रूपय नहीं आया। इसका शिकायत प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कुदरा से किया गया था, पर उनके द्वारा आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसलिए हम सभी वार्ड एवं उप मुखिया इस प्रशिक्षण को सामूहिक रूप बहिष्कार करते हैं। प्रखंड वार्ड सदस्य अध्यक्ष जनार्दन पाठक एवं प्रखंड वार्ड सदस्य सचिव अशोक कुमार सिंह के साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी वार्ड सदस्य या वार्ड प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### गुप्त सुचना के आधार पर 31 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**कैमुर भगवानपुर/ शुभ भास्कर** थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिला की अधौरा की ओर से मोटरसाईकिल से शराब लेकर एक व्यक्ति जा रहा है द्य इसकी सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस अधौरा भगवानापुर पथ पर दूधरिया मोड़ के पास जब मोटरसाईकिल जांच किया गया तो मोरसाईकिल के पीछे एक बोरी बधा था जब बोरा जांच किया गया तो 8 श्चद्व 31 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा शराब एवं शराब धंधेबाज ग्राम दिघार निवासी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ साधु यादव को मोटरसाईकिल के भगवानपुर थाना लाया गया उसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया

## 47.500 लिटर शराब के साथ दो गिरफ्तार दो बाइक जप्त



**दुर्गावती कैमुर/ शुभ भास्कर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाए जाने के दौरान कर्णपुरा गांव के सामने दो बाइक सवार शराब दो युवक लेकर जा रहे थे ।युवक के बाइक को रोकर जांच की गई । तो शराब पास से बरामद की गई जहा से शराब के साथ पुलिस ने दोनों युवकों गिरफ्तार कर लिया ।उनके पास से कुल 47 पॉइंट 500 लीटर शराब बरामद किए गए ।जहां से गिरफ्तार कर पुलिस थाने लाई और पूछताछ करके थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई ।गिरफ्तार व्यक्ति भूटन यादव जयपुर थाना मोहनियां जगतु बिंद ग्राम गोरईपुर थाना भभुआ के निवासी बताए जाते हैं।

### लोगों की समस्या को सुनना हमारी जिम्मेवारी पदाधिकारी दृष्टि पाठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता** रामपुर कैमूर- रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक द्वारा प्रखंड कार्यालय अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की मनमानी, रिश्वतखोरी और कार्य में लापरवाही की शिकायतों के प्रति, गुरुवार को स्पष्ट रूप से कहा गया, कि लोगों को समस्या को सुनना हमारी जिम्मेवारी हैं। ऐसे आमतौर पर देखा जाता है, कि आवास योजना में बहुत बड़ी लूट मार पड़ी हुई है। पूरे बिहार में शौचालय के नाम पर बहुत पैसा वसूला जाता है, तो वही राशन कार्ड बनाने के नाम पर भी पैसा वसूला जाता है। इस विषय पर जब प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक से बात किया गया, तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं सभी जनता से अपील करना चाहता हूं, कि किसी को भी एक रुपए देने की जरूरत नहीं है।यदि आप लाभ लेने योग्य हैं, तो आपको लाभ अवश्य मिलेगा। हालांकि प्रखंड में यह देखने को भी मिल रहा है, कि अभी कार्यभार संभाले एक महीना हुआ। लेकिन लोगों की जुबान पर एक ही नाम है दृष्टि पाठक। उनके द्वारा लोगों से बार बार अपील किया जा रहा है, कि किसी भी कर्मियों को 1रूपये देने की जरूरत नहीं है। जो उचित लाभार्थी हैं, उनको लाभ जरूर मिलेगा। और अपने कर्मियों को निर्देशित किया गया है, कि कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मियों को समय से आना है, और समय से ही जाना है।

### पिकप ने मोटरसाईकिल मे मारा धक्का मोटरसाईकिल सवार घायल



**भभुआ कैमुर/ शुभ भास्कर** भभुआ भगवानपुर सड़क पर गोबरक्ष गांव के पास पिकप ने मोटरसाईकिल मे मारा धक्का मोटरसाईकिल सवार घायल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे चल रहा इलाज इसकी जानकारी ग्राम गोबरक्ष निवासी मराक्षु राम ने देते हुए बताया की हमारा लड़का ब्बी देवल घर से भभुआ भगवानपुर सड़क पर मोटरसाईकिल से भगवानपुर समान लाने जा रहा था की गोबरक्ष गांव के पास भभुआ की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकप ने पीछे से मोटरसाईकिल मे मारा धक्का जिसमे मेरा लड़का गिर गया द्य और गंभीर रुप से घायल हो गया द्य पिकप वाला धक्का मारकर भागने मे सफल रहा द्यवहा उपस्थित लोगो ने इलाज के लिए निजी वाहन से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर लाये जहाँ डा के देख रेख मे इलाज चल रहा है घायल ब्बी देवल को सर नाक पैर हाथ मे अधिक चोट आई है

### 17 लीटर शराब के साथ पुलिस ने तीनों के पास से दो बाइक जब्त किया चांद पुलिस के द्वारा गिरफ्तार धंधेबाज



शुभ भास्कर कैमुर चांद पुलिस ने उत्तर प्रदेश से शराब लेकर आ रहे तीन धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अनिल कुमार गांव साहित्य सोनहन अमरजीत डोम गांव भुआलपुर एवं छोटु डोम गांव अमांव थाना चैनपुर को तड़के उत्तर प्रदेश से 17 लीटर देशी शराब लेकर आते समय महदाइच मोड़ पर गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में थाना प्रभारी सचिन कुमार ने कहा पुलिस तीनों को पैदल शराब लेकर आते हुए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने ने कहा तीनों का मेडिकल चेकअप के बाद जेल भेज दिया गया।

## ख़ास ख़बर

# पुरैनी खरादी मोहल्ला में जल जमाव के बाद महामारी और बच्चों के डूबने की आशंका



**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोर्ट/ फिरदौस अहमद** भागलपुर ,बिहार/जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उत्तरी एवं दक्षिणी जल जमाव को लेकर सड़े हुए पानी से बदबू और महामारी फैलने की पूरी आशंका है इतना भयावह स्थिति बनी हुई है के लोगों को अपने घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है कई बार मासूम बच्चों को इस सड़े हुए पानी में डूबते डूबते बचा है पंचायत का दुर्भाग्य है जो विकास भी आंसू बहा रहा है पंचायत प्रतिनिधि का कहना है मुखिया के खजाने में पैसा नहीं है ऐसी अवस्था में हम लोग क्या कर सकते हैं यह समस्या पुरैनी के दो मुख्य सड़क पर सरकारी नाले और जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर किराए पर दुकान बनाकर अपने फायदे के चक्कर में हजारों जनता के नाले निकासी को बंद कर दिया है खरादी मोहल्ला मजदूरों का मोहल्ला है यहां के लोग ज्यादातर मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार मुखिया सहवाज साहब ने अतिक्रमण वाले नाले को मुक्त करने के लिए आश्वासन दिया है और कहां है दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गांव के जिम्मेदार लोग आपात बैठक कर इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा ताकि 75 वर्षों का समस्या जो आए दिन होते रहता है अब ऐसा नहीं होगा। बताते चलें कि इस अतिक्रमण वाले सड़क पर आए दिन घटना दुर्घटना होते रहता है एक बच्ची सोनी पति नौशाद खरादी मोहल्ला की पुत्री 3 वर्ष की 12 जुलाई 2023 मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया ऐसी हजारों घटना हो चुकी है कई लोगों को अपना हाथ पैर भी गवना पड़ा है पर ऐसे अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रशासनिक विभागीय कार्रवाई नहीं मामले को लिपा पोती कर रखा दफा कर दिया जाता है नाले निकासी का मुख्य कारण सड़क के दोनों और अतिक्रमण।

# 31 अगस्त तक हर प्रखंड में डोर-टू-डोर कैंपेन कर बनेगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड- सीएमओ

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** गाजीपुर। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 3 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक जनपद में विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. देश दीपक पाल ने बताया कि इस आयुष्मान पखवाड़े में कार्ड बनाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर कैंप लगाए जा रहे हैं। आशा वर्कर द्वारा चिन्हित किए गए परिवारों को कैंप में ले जाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है।कैंप में पात्र लाभार्थी अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड या परिवार रजिस्टर की फोटो कापी लाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकेंगे।उन्होने बताया कि इस




विशेष अभियान में बीसीपीएम, डाटा आपरेटर, कोविड आपरेटर, आशा, संगीनी, सीएचओ, पंचायत सहायक सहित अन्य कर्मी मिलकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बना रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस विशेष अभियान की मानिटरिंग जनपद स्तर से टीम बनाकर की जा रही है। इस अभियान में नामित किसी भी कर्मचारी के द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यह कैंप ग्राम सचिवालय,आयुष्मान वैलनेस सेंटर सहित सभी सीएचसी,पीएचसी पर प्रतिदिन लगाये जा रहे हैं। बता दें कि सीएम योगी आद?त?यनाथ की सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल स्वस्थ प्रदेश-खुशहाल प्रदेश के तहत शत प्रतिशत लाभार्थियों के कार्ड बनावाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाभार्थियों को 5 लाख तक की निःशुल्क चिकित्सकीय इलाज की सुविधा मिलती है।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत डीएम ने किया अभियान का शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो



गाजीपुर । जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को फाइलेरिया सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ महुआबाग स्थित आदर्श इंटर कॉलेज से किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने फाइलेरिया से बचाव की दवा एल्बेण्डाज़ोल और डीईसी का सेवन किया। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/विद्यालय निरीक्षक हेमंत राव, प्रधानाध्यापक चंद्रदेव राम, संचारी रोगों के नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेएन सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों, शिक्षकों व बच्चों ने दवा का सेवन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया, जिसको सामान्य भाषा में हाथीपांव कहा जाता है इससे बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान अगले 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा, जिसमें दवा सेवनकर्मी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर एक वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों, वयस्कों, वृद्धजनों को अपने सामने दवा खिलाएँगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज मैंने स्वास्थ्यकर्मियों के सामने यह दवा खाई है, उसी तरह सभी को यह दवा स्वास्थ्यकर्मियों के सामने खिलाई जानी है। यह दवा खाना बहुत आवश्यक है क्योंकि विगत कई वर्षों से यह रोग समाज में व्याप्त है। समाज में इसको लेकर कई भ्रांतियां भी बनी हुई हैं। गंदगी भी इसका प्रमुख कारण है। इसका मच्छर गंदगी में ही पनपता है। इस रोग के हो जाने पर शुरुआत में कोई लक्षण नहीं दिखते लेकिन पाँच से 15 साल बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं। हाथ-पैरों व अन्य अंगों में सूजन बढ़ने लगती है। एक बार यह बीमारी हो जाने पर यह ठीक भी नहीं होती है। इसी को देखते हुए साल में एक बार एमडीए अभियान संचालित किया जाता है। साल में एक बार और लगातार पाँच साल तक दवा खाने से हम सभी इस बीमारी से बच सकते हैं। यह बीमारी जल्द से जल्द विलुप्त हो जाए, इसके लिए सरकार ने वर्ष 2030 तक उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। जिलाधिकारी ने स्कूल व कॉलेज के छात्रों-छात्राओं सहित सभी लोगों से अपील की कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर जाने वाले दवा सेवनकर्मी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करें और उनके सामने ही फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करें। साथ ही अन्य लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। यह दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से ग्रसित बीमारी व्यक्तियों को नहीं खिलाई जानी है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए सबसे ज्यादा जरूरी साफ-सफाई है। यदि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे।

# अरे ! प्रधान जी को सीडीओ का नाम नहीं पता ग्राम प्रधान ने जेई को खर्चा देने का लगाया आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो** गाजीपुर। जमानिया विकास खंड अंतर्गत बूढ़ाडीह ग्राम सभा के ग्राम प्रधान को जिले के सीडीओ का नाम भी नहीं पता है तो आप सभी भी इन प्रधान जी को सोच सकते हैं।

दरअसल जमानियां विकास खंड अंतर्गत बूढ़ाडीह गांव में मीडिया की टीम ने ग्राम सभा की पड़ताल किया।



ग्राम सभा में पानी निकासी न होने के कारण गली-गली में पानी लग जाता है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में समस्या होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी निकासी न होने के कारण बरसात के दिनो मे गली-गली में पानी लग जाता है।

ग्राम प्रधान रिषिकेश सिंह यादव से मीडिया की टीम ने अधिकारियों का नाम पूछा तो ग्राम प्रधान ने जिले के सीडीओ का नाम नहीं बता पाया। ग्राम प्रधान से हेडपंप रिबोर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ज़बाब में फंसते हुए नजर आये।

**ग्राम प्रधान ने जेई को खर्चा देने का लगाया आरोप**

ग्राम प्रधान ने बताया कि जेई को कुछ ख़र्चा दे दिया जाता है आगे उस जेई का नाम भी खबर में लिखा जायेगा।वर्तमान समय में जेई जमानियां ब्लाक में तैनात है। इस संबंध में मीडिया टीम ने जेई का पक्ष रखना चाहा तो जेई मीडिया टीम का फोन- पे नंबर मांगने लगे।

# थाना शादियाबाद में आयोजित किया गया मेरी माटी, मेरा देश अभिमान कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे गाज़ीपुर।** थाना शादियाबाद के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत् मेरी मांटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा , मेरा अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिस दौरान शादियाबाद थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने बुधवार को थाने के सभी पुलिस कर्मियों व पुलिस स्टाफ को पंच और प्राण की शपथ दिलाई । आजादी का अमृतमहोत्सव के अंतर्गत संपूर्ण देश में उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, उसी क्रम में दिनांक 09 अगस्त को एक कार्यक्रम मेरी मांटी ,मेरा देश एवं हर घर तिरंगा , मेरा अभियान के क्रम में 9 अगस्त को शादियाबाद थाना प्रभारी ने सभी पुलिस स्टाफ एवं अधिकारियों को अमृत काल के पच प्राण विकसित भारत का लक्ष्य ,गुलामी के हर अंश से मुक्त ,अपनी विरासत पर गर्व ,एकता, एकजुट और नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ दिलाई । जिससे समाज में न्याय और सामाजिक संतुलन बनाने में पुलिस जन मानस की मदद में सदैव तत्पर रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत प्रभात,फेरी, तिरंगा यात्रा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो

गाज़ीपुर आज बैजनाथ इंटर कॉलेज रौजा गाज़ीपुर द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य उदित कुमार मिश्रा, पुलिस महकमा स.ढ्ढ देवेंद्र बहादुर जी, राजदेपुर प्रधान नागेंद्र सिंह यादव ( जोगी ) जिला पंचायत सदस्य महेश यादव , विद्यालय के प्रबंधिका श्रीमती आशा मिश्रा, इन सभी लोगो द्वारा हरी झंडी देकर प्रभात फेरी को शहर के खोवा मंडी होते हुए लाल दरवाजा मिश्रा बाजार चौराहे पर प्रधानाध्यापिका डॉश पूजा श्रीवास्तव के करकमलो से पंडित दीनदयाल जी के मूर्ति पर माला अर्पण करते हुए महुआ बाग सकलेनाबाद होते हुए रौजा ओवरब्रिज के रास्ते विद्यालय पर प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा का समापन



किया गया इसमें समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका समस्त सुभाष चंद्र, राधेश्याम, बाल कृष्ण राय , संतोष कुमार , मनीष मोहन, हरेंद्र यादव , सत्यम, रवि कुमार , संदीप पाण्डेय ,रामजीत आकाश, बंदना राय, कुसुमलता, शगुफ्ता, श्वेता, व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

# 12 से 23 अगस्त के बीच होगा निशुल्क राशन वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी गाजीपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत माह अगस्त, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूं एवं चावल) का निःषुल्क वितरण माह अगस्त, 2023 में दिनांक 12.08.2023 से 23.08.2023 के मध्य निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत वितरण हेतु आवंटित गेहूँ तथा चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल ( 35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहू व 03 किग्रा0 चावल ( 05 किग्रा0 खाद्यान्न ) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी, 2023 से, एक वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह अगस्त, 2023 में आवंटित खाद्यान्न का वितरण कराया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनका दायित्व है कि वितरण के पूर्व खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर ले तथा आख्या सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करे। राशन कार्ड धारकों को पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी अर्थात यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने मे असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि दिनाक 23.08.2023 ही नियत होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु दिनांक 23.08.2023 को मोबाईल ओ0टी0पी0 बेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। एत्तद्वारा जनपद गाजीपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उपर्युक्तानुसार कार्डधारकों में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक वितरण करना सुनिश्चित करें। जॉच में वितरण में अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित उचित दर विक्रेता के विरूद्ध विभागीय/वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम कार्यालय के सामने ग्रामीणों ने उठाई आवाज

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/ गाजीपुर।** खबर ग्राम सभा चुरामनपुर ग्राम पंचायत अविसहन विकासखंड मरदह तहसील व जिला गाजीपुर का है गांव में लगाई जा रही पानी की टंकी के विरोध को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवाने




की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग पन्द्रह सौ की आबादी के बीच मे स्थित है बंजर भूमि की आराजी नंबर 224 रकबा 0.2360हे0 मौजा चुरामनपुर पर स्थानीय ग्रामीण के वैवाहिक अनुष्ठान सार्वजनिक ठहराव पूजा पाठ आयोजन एवं अन्य कार्य हेतु एकमात्र प्रयुक्त जगह का आवंटन मैरिज हाल की पक्की बाउंड्री का निर्माण सरकारी धनराशि लगभग 3 लाख वर्ष 2017 में तत्कालीन पूर्व प्रधान हरिकांत कुशवाहा द्वारा कराया गया था जिस स्थान पर मां भवानी का चबूतरा व पूजा स्थल है जहां पानी टंकी बनाने से पूजा पाठ अवरुद्ध होगा जिसको लेकर ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की तो प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने ग्रामीणों पर फावड़ा से वार करना करने लगा भयभीत होकर ग्रामीणों ने मरदह ब्लाक से जिला मुख्यालय गाजीपुर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ही दर्जनों की संख्या में पुलिस बल तैनात रही। जब इस बात की खबर मीडिया को लगी तो मीडिया के सवाल पर ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान ग्राम प्रधान संध्या सिंह पति अरविंद सिंह राजनैतिक विदिशा के कारण इसी स्थान पर बिना खुली बैठक के जन आकांक्षाओं के विरुद्ध गलत तरीके से प्रस्ताव बनाकर पानी टंकी का निर्माण करा रहे हैं। ग्राम सभा में अन्य खाली स्थान में से उपयुक्त प्रति भूमि में स्थानांतरित करने से

ग्राम वासियों को मैरिज हाल का स्थान भी उपयोग करने हेतु उपलब्ध हो सकेगा इस मामले की शिकायत पहले से भी जिलाधिकारी से किया गया था जिसके फलस्वरूप ऊपर स्थान पर पानी टंकी निर्माण रुका था लेकिन वर्तमान ग्राम प्रधान पति अरविंद सिंह के रसूख वर्षों के कारण दोबारा उत्थान निर्माण कराया जा रहा है जिस स्थान को लेकर ग्रामीण में आक्रोश व्याप्त गुटबाजी टकराव से जान-माल की क्षति की आशंका है

**पौधारोपण** कार्यक्रम की अध्यक्षता नम्रता सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी ने किया।

# स्व. शेषनाथ पांडेय की स्मृति में वेलफेयर क्लब ने किया पौधारोपण

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो** गाजीपुर। वेलफेयर क्लब के तत्वाधान में वेलफेयर मिशन ग्रीन वसुन्धरा स्व. शेषनाथ पांडेय की पुण्य स्मृति में महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज में गुरूवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर डा. आनन्द मिश्रा प्राचार्य मेडिकल कालेज तथा विशिष्ट अतिथि डा. सुजित मिश्रा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नम्रता सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी ने किया। तत्पश्चात अध्यक्ष डा. शरद कुमार वर्मा ने अतिथियों, क्लब पदाधिकारी तथा उपस्थित गणमान्य लोगों के साथ ही मेडिकल कालेज के डा. अनुप्रिया, डा. अनु श्री, डा. आफरीन, डा. आदर्श, डा. साजिया, डा. चंद्रमौली, डा.




अंजली के साथ पौधरोपण किया साथ ही पर्यावरण को हरा भरा करने का सामूहिक संकल्प किया। साथ ही उपस्थित जनसमुदाय ने हाथ उठाकर मेरी माटी मेरा देश अन्तर्गत पञ्च प्रण भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर डा. मिश्रा ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण समूचे विश्व की समस्या बन चुकी है, ऐसे में अधिक से अधिक पौधरोपण ही एकमात्र समाधान है। ग्लोबल वार्मिंग, महामारी या वायरस से होने वाली बिमारिया या बारिश का समय से न होना निश्चित रूप से पर्यावरण के असंतुलन का दुष्परिणाम है। वेलफेयर क्लब पौध लगाने के साथ उसे बचाने का भी कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। जबकि विशिष्ट अतिथि डा. सुजित मिश्रा ने वर्ष 2003 से निरंतर चलाए जा रहे अभियान पर्यावरण मिशन ग्रीन वसुन्धरा के लिए शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा यह जनपद के लिए बड़ी मिशाल है। अतिथियों का स्वागत क्लब पीआरओ सूर्य रेख मणि तथा क्लब उपाध्यक्ष धीरेंद्र त्रिपाठी ने किया। अतिथियो को क्लब अध्यक्ष डा. वर्मा तथा जनपद गवर्नर पवन पांडेय ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर अभिषेक प्रजापति, प्रमोद कुमार बिंद, डिप्टी रेन्जर आशीर्वाद कुमार सिंह, वन दरोगा सुरेन्द्र सिंह यादव ,गोपी नाथ कुशवाहा सहित ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

# सर्वदलीय विकास एवं जनकल्याण संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल ने साफ़ सफ़ाई का लिया जायजा

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ।** जखनियां गाजीपुर । जखनिया सर्वदलीय तहसील विकास एवं जनकल्याण संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जखनियां रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द घूम कर निरीक्षण किया उसके बाद स्टेशन मास्टर से संपर्क किया स्टेशन मास्टर से जानकारी की गई कितने खंभों की लाइट जल रही है कितनों की गड़बड़ है पानी की ह्मद्बस्त्रठ्ठद्ग4 हैंड पाइप काम कर रहे हैं कितने बंद है शौचालय की बात हुई तो उन्होंने बताया कि पानी की बहुत किल्लत है यहां पानी टंकी और पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं है वेटिंग रूम में दो पंखे क।म नहीं कर रहे हैं जिसकी सूचना ऊपर दे दी गई है प्लेटफार्म नंबर एक की विद्युत व्यवस्था अलग की जाए जिससे दिन मैं बत्ती बुझाई जा सके उसके बाद हम लोग शौचालय पर पहुंचे जहां ताला बंद था गंदगी भी काफी




मिली जखनियां रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ एक पार्क है जिसमें पेड़ पौधा लगाए गए हैं माली न होने की स्थिति में घास का जंगल लगा हुआ है उसमें कितने कौन से छोटे बड़े जानवर हैं देखना संभव नहीं है उसकी सफाई अत्यंत आवश्यक है गोरखपुर वाराणसी को जोड़ने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस लगातार चल रही थी गोरखपुर के तरफ रेलवे लाइन पर कुछ काम होने की वजह से उस गाड़ी को रोक दिया गया है उसे कम से कम भटनी वाराणसी तक अवश्य चलाया जाए वह गाड़ी इन इलाकों के लिए जनता के लिए वरदान है बहुत ही महत्वपूर्ण है जखनिया रेलवे परिसर में सुलभ शौचालय की स्थापना के लिए हमारी बात डीआरएम वाराणसी से हुई उनके व्हाट्सएप पर पत्रक बनाकर भी मैंने दे दिया वार्ता बहुत ही मधुर स्वागत योग्य रही आप द्वारा आश्वासन मिला है सुलभ शौचालय बनेगा प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष देवनारायण सिंह मीडिया प्रभारी सर्वानंद चौबे राम रतन राम रूद्र प्रताप सिंह अरुण कुमार श्रीवास्तव अमित कुमार पांडे मोहन राजभर सर्वजीत राम राम अवध राम आदि लोग रहे निवेदक देव नारायण सिंह अध्यक्ष सर्वदलीय तहसील विकास एवं जनकल्याण संघर्ष समिति जखनिया गाजीपुर एवं समस्त पदाधिकारी गण सदस्य गण

# सभी डीएम 75 प्रजातियों के वक्षो से बनाएं अमृत वाटिका - मण्डलायुक्त




**गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो** आवेश अंसारी शासन द्वारा वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष दूसरे चरण में 15 अगस्त को वृक्षारोपण कराने के उद्देश्य से गुरुवार को मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में आयुक्त कक्ष में मण्डलीय वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडल के अन्य जिले बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर के जिलाधिकारी, डीएफओ, सीडीओ व अन्य अधिकारी गूगल मीट के जरिये बैठक में शामिल हुये। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों से आगामी वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने कहा कि जो विभाग वृक्षारोपण अभियान में अपना शत-प्रतिशत नहीं दे रहे हैं उनके साथ अलग से बैठक कर उनको सचेत किया जाए। उन्होंने कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी जिलों में सुंदर अमृत वाटिका बनाई जाए जिसमें 75 अलग-अलग प्रजातियों के फलदार वृक्ष लगाए जाएं। उन्होंने सभी डीएम व डीएफओ को निर्देश दिए कि वह व्यक्तिगत रुचि लेकर इस अमृत वाटिका को बनवाएं। उन्होंने कहा चिकित्सालयों, थानों, स्कूलों, कालेजों, महत्वपूर्ण सड़कों के किनारे, वाटिकाओं आदि में वृक्ष लगायें जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये कि जो वृक्ष लगाये जायें उनका फॉलोअप जरूर किया जाए उसकी उचित देखरेख, सिंचाई व जियो टैगिंग अवश्य हो। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को इलेक्शन मोड पर पूरा करने व वृक्षारोपण में दूरस्थ गांवों को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी अधिकारी अपने व अपनों के लिए वृक्ष अवश्य लगाएं। समाजसेवी संगठनों व कारागार के बंदियों से भी वृक्ष लगवाने को कहा। उन्होंने सभी परिवारों से अपील करते हुए कहा कि वे खुशी, गमी, संतान प्राप्ति, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के पुरस्कार होने आदि महत्वपूर्ण लम्हों पर एक वृक्ष लगाए। बैठक में सभी जिलों के डीएम, वन संरक्षक, डीएफओ, सीडीओ व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।द्व

**जिओ टैगिंग न होने पर सीडीओ ने लगाई फटकार**

इसके अलावा सीडीओ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई जिसमें सीडीओ ने विगत 22 जुलाई को हुए वृक्षारोपण अभियान में लगाए गए सभी पौधों की जियो टैगिंग की समीक्षा की जिसमें उन्हें कई विभागों के द्वारा शत प्रतिशत जियो टैगिंग न होने पर जमकर फटकार लगाई और कहा कि अगली बैठक से पूर्व सभी पौधे की जियो टैगिंग हो जाए। उन्होंने आयुष वन, नंदन वन व ग्राम वन की समीक्षा की। ग्राम बनो की समीक्षा के दौरान प्रगति खराब मिलने पर सभी बीडीओ को सख्त निर्देश दिए कि सभी ग्राम वनों को स्थापित किया जाये व उनमें 75 प्रजातियों के वृक्ष से लगाए जाएं। इस बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खास ख़बर

## इनरव्हील फैजाबाद और इनरव्हील फैजाबाद मैत्री ने किया महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरूक



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या में इनरव्हील फैजाबाद और इनरव्हील फैजाबाद मैत्री ने मिलकर डिस्टिक महिला अस्पताल में महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरूक कराया फल और प्रोटीन युक्त चीजों का वितरण किया इमरजेंसी वार्ड में एक बच्चे को तुरंत भर्ती कराया और उसके परिजनों को पैसे की मदद की गई इस बीच डॉक्टर सविता बांदेल अपने स्टाफ के साथ महिलाओं को स्तनपान के फायदे बताएं 6 महीने तक सो शिशु को माता कोई स्तनपान कराना चाहिए इस बीच फैजाबाद प्रेसिडेंट्स ममता सिंह इनरव्हील फैजाबाद मैत्री की प्रेजिडेंट डॉ रंजना सिंह अंजू अग्रवाल स्नेह लता रेखा गुंजा आदि मेंबर मौजूद रहे

## क्षत्रिय समाज की बैठक हुई,शिक्षा पर दिया जोर



गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी विकास खण्ड हलधर मऊ के ग्राम सभा भुलभुलिया के मजरा खेदूपुरवा में 7 अगस्त को पाण्डव वंशीय बाबू रघुवीर शरण सेन स्मारक धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा एक बैठक का आयोजन हुआ।सचिव वीर सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज के बारे में चर्चा हुई।जिसमें देवीपाटन मण्डल गोण्डा,बहराइच,बलरामपुर, श्रावस्ती से काफी लोगों ने भाग समलित हुए।जनसभा को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी मास्टर शेर सिंह ने कहा कि हमारे जागरण और समाज के उत्थान का समय है। यदि हम लोग समय के साथ जागेंगे नहीं तो आने वाला समय भयावह हो जायेगा। हमे जागने की आवश्यकता है।अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन बने रहना ठीक नहीं है। इस तरह कोई भी व्यक्ति तरक्की नहीं कर सकता है। हमें ट्रस्ट के माध्यम से युवा पीढ़ीयों को जगाना होगा।और शिक्षित व जागरुक करके सभ समाज को जोड़ते हुए।देश के मुख्य धारा में ले जाना है।आप शिक्षित होकर आईएएस,पीसीएस,जज,वकील और डाक्टर बनकर देश की सेवा कर पायेंगे।तभी देश और समाज सक्षम बनेगा।समाज में जो लोग सुस्त और एक दूसरे कटे हुए हैं। उन्हें ललकारते हुए।उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों को याद करते हुए कहा कि समर शेष है,नहीं पाप का,भागी केवल व्याध।

जो तटस्थ है,समय लिखेगा उनका भी अपराध।ट्रस्ट के संस्थापक भगवान सिंह ने शिक्षा और एकता पर जोर दिया,कहा कि शिक्षा समाज के बच्चों के लिए बहुत जरूरी है।क्योंकि शिक्षा वह शेरनी का दूध है,जो पियेगा वही दहाड़ेगा।समाज का कोइ भी बच्चा पढ़कर अधिकारी बनता है,तो वो अपने मां-बाप के अलावा क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित करता है।संगठन मंत्री राम मनोज सिंह ने कहा कि यदि समाज का कोई भी बच्चा गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ रहा हैं तो उसको आगे पढ़ाने की सारी जिम्मेदारी ट्रस्ट उठाएगा महासचिव ठाकुर नगेन्द्र प्रसाद सेन ने समाज की एकता जागरूकता पर विशेष जोर दिया। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने लोगों को स्वयं की पहचान बनाने के लिए अच्छे कर्म एवं मांसाहार भोजन से बचने के लिए प्रेरित किया।बैठक में मीटिंग में धर्मपाल सिंह,बिजय बहादुर सिंह,देवेश प्रताप सिंह,राधेश्याम सिंह, अमरनाथ सिंह,मोहनलाल सिंह अर्जुन प्रताप सिंह, मुनीजर सिंह, लक्ष्मन सिंह, लालसिंह, शेर सिंह, राजेश सिंह गुलाब सिंह, दीनदयाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पृथ्वी पाल सिंह सहित सैकड़ों लोग रहे।

## ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान द्वारा बेरोजगार कृषि स्नातकों का प्रशिक्षण संपन्न



गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश इंडियन बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान सुभागपुर गोंडा द्वारा जनपद के बेरोजगार कृषि स्नातक युवकों का 21 दिवसीय एग्रीजंक्शन प्रशिक्षण आज दिनांक 10 अगस्त 2023 को संपन्न हुआ । तरुण कुमार शुक्ला निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के सौजन्य से एग्रीजंक्शन प्रशिक्षण दिनांक 26 जुलाई 2023 से शुरू होकर आज संपन्न हुआ । प्रशिक्षण में 45 ग्रामीण बेरोजगार कृषि स्नातकों ने प्रतिभाग किया । प्रशिक्षण में कम लागत की कृषि तकनीकियां, फसल उत्पादन तकनीकियां, पशुपालन के अंतर्गत दुग्ध व्यवसाय, कुकुट पालन,मत्स्य पालन आदि,

उद्यान विषय के अंतर्गत फल एवं सब्जी पौध उत्पादन तकनीक, पादप प्रसारण की विधियों जैसे कालिकायन, ग्राफ्टिंग आदि, फसल बीमा योजना, मत्स्य पालन तकनीक आदि की जानकारी दी गई । प्रशिक्षण के अंतिम दिन कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के डॉक्टर रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने फसल उत्पादन तकनीक, हरी खाद उत्पादन तकनीक, ऊसर भूमि में धान उत्पादन तकनीक, गन्ना उत्पादन तकनीक, कार्बनिक खादों का प्रयोग एवं महत्त्व, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग,प्रति इकाई क्षेत्रफल में उर्वरक की गणना आदि की जानकारी दी । डा. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने मत्स्य पालन तकनीक के अंतर्गत मत्स्य की उन्नतशील प्रजातियां, तालाबों का रख-रखाव, मत्स्य आहार प्रबंधन आदि की जानकारी दी । प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रेम कुमार ठाकुर उप कृषि निदेशक ने कृषि बेरोजगार स्नातकों को एग्रीजंक्शन के महत्व व लाभ की जानकारी दी ।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** मयाबाज़ार-अयोध्या।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज 10 अगस्त को बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज, मया - अयोध्या में सभी बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा।और बच्चों को पेट के कीड़े के बारे में बताया गया की कृमि नाशक एलबेंडाजाल 6 महीने में एक बार जरूर खाना चाहिये। नहीं तो पेट के कीड़े लीवर पर अटैक कर देते हैं।लेकिन एल्बेंडाजाल की गोली को चबाकर ही खाना चहिये। प्रभारी प्रधानाचार्य एम.ए. इदरीशी ने सभी बच्चों को एल्बेंडाजाल कृमि नाशक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहनियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का हुआ विस्तार कई नए चेहरों को मौका मिला



गोण्डा - शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष सगीर खान और जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में नवनियुक्त अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष मोहम्मद वसीम सिद्दीकी को माला पहना कर स्वागत किया।और कहा कि कांग्रेस पार्टी अब शहर में भी और मजबूत होगी है।जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे द्वारा पार्टी में सामिल वसीम को बधाई दी और कहा कि अल्पसंख्यक भाइयों को पार्टी में ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की मुहिम चलाई जाएंगी।उन्होंने कार्यकर्ताओं को बहुत मेहनती बताया,शहर में इनकी सामाजिक पकड़ है।इस दौरान अभिषेक तिवारी सभासद,शाहिद कुरेशी, बाबा राम सिंगार भारती,विनय प्रकाश त्रिपाठी,अबरार अहमद, धर्मराज सिंह,हरीश चंद्र श्रीवास्तव,उमेश चंद्र चौबे,फूल मोहम्मद,अरविंद कुमार शुक्ला,आरिफ शेख,हरिराम वर्मा,मंजूर अहमद मोहम्मद, वसीम मोहम्मद,शफी मोहम्मद खालिद,मोहम्मद शरीफ,पीएन फारूकी,रहे।

## अपर निदेशक ने संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज का किया औचक निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** मिल्कीपुर - अयोध्या।स्वास्थ्य महकमें की हकीकत जानने के लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य मंडल अयोध्या डॉ पवन ने मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के इमरजेंसी, ओ टी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष, जरनल वार्ड सहित ओपीडी में डाक्टरों के मरीजों से व्यवहार को देखा। उन्होंने बाहर की दवाएं कतई नहीं लिखने की हिदायत दी। मरीजों को बैठने के लिए कुर्सियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश अस्पताल के सीएमएस को दिए। वहीं दूसरी ओर इतने बड़े अस्पताल में नियुक्त तीन महिला चिकित्सकों के न आने पर सवालिया निशान खड़ा रहा। इस पर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। जानकार सूत्रों के अनुसार संयुक्त चिकित्सालय में विगत वर्षो से तैनात महिला चिकित्सक डॉ आर्या, डॉ सोनम सिन्हा व डॉ शीला वर्मा के लगातार अनुपस्थित रहने पर अस्पताल आने वाली महिला मरीजों का इलाज अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स रेखा रावत के भरोसे चल रहा है। बताते चलें कि अस्पताल के 50 किलोमीटर के परिध में सुल्तानपुर, अमेठी व बाराबंकी क्षेत्र से आने वाली महिला मरीजों को महिला डॉक्टरों के अनुपस्थित होने पर बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा सभी चिकित्सकों को अपने तैनाती अस्पताल में रहने केकड़ी निर्देश जारी किए गए हैं

## जिलाधिकारी ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 प्रारूप की विभागवार, योजनावार समीक्षा की

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ / अयोध्या ।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 प्रारूप की विभागवार, योजनावार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी शासन की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, खाद्य एवं रसद विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों के अपने-अपने विभागीय योजनाओं के लक्ष्य को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में किसानों के फसलों की सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा राजकीय नलकूपों को निरन्तर क्रियाशील रखने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने सहभागिता योजना के तहत गौवंश सुपुर्दगी की स्थिति में सुधार लाने तथा रोजाना के प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ/ अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी पप्पू यादव के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया । कैंट स्टेशन पर गुरुवार को जीआरपी व एस चेक की ओर से संयुक्त चेकिंग की गई। टीम ने सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पार्सल घर, प्लेटफार्म पर चेकिंग की इस दौरान बिना पार्किंग के खड़े दोपहिया वाहनों का चालान भी किया गया। जीआरपी प्रभारी पप्पू यादव ने बताया कि ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ व चेकिंग की जा रही है। संदिग्ध लगने वाले यात्रियों से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा यात्रियों का सामान भी चेक किया गया। चेकिंग अभियान में जीआरपी टीम एस चेक टीम शामिल रही।

## पुलिस ने तीन चोरों को सामान सहित किया गिरफ्तार




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्य** जाना बाजार- अयोध्या अपराध और अपराधियों की रोकथाम में जुटी हैदरगज पुलिस को बृहस्पतिवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई। तीन चोरों को विभिन्न चोरी के सामानों के साथ थर दबोच लिया। और उन्हें पड़कर जेल भेज दिया। जिसके चलते चोरों की उभरते इस नये गिरोह पर अंकुश लग गया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।थाना क्षेत्र हैदरगंज के थरिया कला निवासी कैलाश यादव ने विगत दिनों अपने एक विद्युत चालित मोटर के चोरी की सूचना पुलिस को दिया था। जिसकी खोजबीन में हैदरगंज पुलिस जुटी थी। इसी दौरान बृहस्पतिवार को तकमीनगंज पुल से नयापुरा पछियाना तिराहा मोड़ के पास पिनटू उर्फ रूप सावन पुत्र केशव राम, विजय पुत्र बरसाती, तिलक राम उर्फ सूरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अकारी ग्राम पंचायत खपराडीह को सूचना पर पहुंचकर हैदरगंज थाने के उप निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल अभिषेक ,नागेंद्र भारद्वाज, ओमवीर, दीपक प्रथम की टीम ने पकड़ लिया ।और पूछताछ व तलाशी के दौरान उनके पास से एक अदद विद्युत चलित मोटर ,एक अदद झटका मशीन ,एक आदद दवा छिड़कने की मशीन बरामद किया। जिसे पूछताछ के दौरान चोरी का होना स्वीकार किया। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष हैदरगंज मोहम्मद अरशद ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी करने और चोरी के माल बरामदगी का मुकदमा अपराध संख्या 155 / 2023 धारा 379 ,411 आईपीसी एक्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

**अभियान** सीडीओ की अपील, लोग खुद दवा खाएं, अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए करें प्रेरित

## सीडीओ ने फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कर किया एमडीए अभियान का शुभारंभ



गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करते हुए सीडीओ ने जिलावासियों से 10 से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आशा कार्यकर्ता के सामने ही दवा का सेवन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला के सभी ब्लॉकों में व्यापक स्तर पर मास ड्रग एडमिनिट्रेशन एमडीए अभियान चलाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने कहा कि गोंडा जिले से ही नहीं, बल्कि देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम में जिले की लगभग 40.14 लाख लक्षित लाभार्थियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए 3212 टीम के माध्यम से बूथ लगा कर एवं घर-घर जाकर इन दवाओं का सेवन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। दवाओं का वितरण बिल्कुल भी नहीं किया जायेगा।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ सीके वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी का कोई इलाज नहीं है। साल में एक बार और लगातार पांच साल तक फाइलेरिया रोधी दवा खाकर ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। एमडीए अभियान में डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती, एक माह के बच्चे वाली प्रसूता और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। इस अभियान में एक से दो साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की भी दवा खिलाई जाएगी जिला मलेरिया अधिकारी एसजेडए ज़ैदी ने बताया कि टीमों द्वारा घर घर दवा खिलाने के साथ ही सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों में भी बूथ लगा कर दवा सेवन करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं । हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है, फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं, तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं। ऐसे लक्षण इन दवाओं के सेवन के उपरांत शरीर के भीतर मौजूद परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हैं परंतु ऐसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम आरआरटी भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी को उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आदित्य वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जय गोविन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक, फाइलेरिया निरीक्षक सत्य प्रकाश मौर्य, मलेरिया निरीक्षक सुनील चौधरी, भवानी प्रसाद तिवारी सहित डब्ल्यूएचओ, पाथ एवं पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि, कॉलेज की प्रधानाचार्या, अध्यापिकाएं एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं ।

## थाना खरगूपुर क्षेत्र के अन्तर्गत हुई होमगार्ड के बेटे की हत्याकाण्ड का खुलासा, प्रकाश में आया आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी थाना खरगूपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बराराय के निवासी राधेश्याम यादव पुत्र स्व0 सुकई ने सूचना दी कि मेरे पुत्र जयराम यादव को बीती रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेल्ट व रुमाल से गला कसकर हत्या कर दी है, इस सूचना पर थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा घटना का सफल अनावरण हेतु उक्त अभियोग का स्थानान्तरण अपराध शाखा करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश अपराध शाखा को दिये गये थे ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपराध शाखा निरीक्षक अतीउल्लाह द्वारा आज दिनांक 10.08.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त शिवप्रसाद तिवारी उर्फ ननकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि राधेश्याम यादव के परिजनों से जमीन का विवाद मा0न्यायालय गोण्डा में चल रहा है। इसी रंजिश के कारण मैने जयराम यादव को दिनांक 07.06.2023 की रात्रि में जब वह अपने गन्ने के खेत में जानवर भगाने गया था, तभी वहीं खेत में ही हत्या करके गाँव के पास स्थित शराब भट्टी के पीछे थोड़ी दूर पर एक पेड़ के नीचे शव को रख दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त कि विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ख़ास ख़बर

## अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने जामताड़ा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा** बीते सोमवार को जामताड़ा महाविद्यालय परिसर के अंदर संचालित सीएसपी के द्वारा यूजी सेमेस्टर -1 के नामांकन में छात्र सहायता केंद्र के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया था और जिसको अभाविप कॉलेज इकाई के द्वारा पुख्ता सबूत के साथ पर्दाफाश भी किया गया था। उसी मामले को लेकर बृहस्पतिवार को अभाविप का एक प्रतिनिधिमंडल जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा के प्रभारी प्राचार्य प्रो अजयराज खालको को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा में संचालित सीएसपी संचालक के द्वारा महाविद्यालय में बीए सेमेस्टर-1 के नामांकन ले रहे छात्रों से ?800 के जगह पर ?1250 लिया गया है, जोकि सरासर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा हैं एवं छात्र पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य से मांग किया कि अगले 48 घंटे के अंतर्गत ऐसे दोषी एवं भ्रष्टाचार सीएससी सेंटर को महाविद्यालय कैंपस में बंद करवाने हेतु उचित निर्णय लें अन्यथा अभाविप के कार्यकर्ताओं एवं महाविद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय के मुख्य गेट में तालाबंदी कर महाविद्यालय के मुख्य गेट के समीप अनिश्चितकालीन तालाबंदी किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही जामताड़ा महाविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर जिला सहसंयोजक चंदन रजक, जिला संयोजक आकाश साहू , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोर सोरेन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय मंडल, नगर मंत्री राज सोनकर, कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, अविनाश राउत, अभय राउत, नीरज गुप्ता सहित महाविद्यालय के विद्यार्थीगण मौजूद थे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को नमन करने और सम्मान देने के लिए रैली आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर

**संवाददाता/ मधुपुर/देवघर** नगर परिषद मधुपुर द्वारा प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को नमन करने व सम्मान देने के लिए एक रैली निकाली गई। इस रैली में नगर परिषद के समस्त पदाधिकारी, कर्मी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं सफाई मित्र आदि शामिल थे। ये रैली नगर परिषद से थाना रोड होते हुए गांधी चौक, स्टेशन रोड, रजवाड़ी रोड होते हुए नगर परिषद में आकर समाप्त हुई। केंद्र सरकार द्वारा ÷मेरी माटी मेरा देश÷ अभियान की परिकल्पना ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई है। इसमें स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समारोह आयोजित करके देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान देना शामिल है।



## धमनी पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने की चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर।** 10 पंखा और एक प्रिंटर समेत इंभर्टर की चोरी हो गई है । मेन गेट ताला तोड़कर चोरों के द्वारा चोरी की गई है हुई। घटना की सूचना मुखिया मोजस्मा खातुन ने बुढ़ई थाना को दी है। चोरी की घटना के बाद मुखिया पति सहीम खान समेत कई लोग पंचायत भवन पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। चोर ने पंचायत भवन के ऊपरी तल्ले के एक कमरे का ताला तोड़कर प्रिंटर और इंभर्टर चोरी किया और नीचे सभागार कक्ष समेत अन्य कमरे में लगे 11 पंखों को भी चोर अपने साथ ले गए । हालांकि चोर भागने के क्रम में एक पंखा को चहारदिवारी के पास ही छोड़ गये। इधर पुलिस जांच में जुटी है । विदित हो कि इससे पूर्व अज्ञात चोरों ने धमनी हाई स्कूल में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मुखिया मोजस्मा खातुन का कहना है कि बुढ़ैई पुलिस की गश्ति ठीक से नहीं हो रही है



# बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा की हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर



**सुष्मिता कुमारी / नाला (जामताड़ा)** नाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर नाला पीडब्ल्यूडी में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह ने की। इस बैठक में पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। बैठक में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी सह मंच मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और सदस्य जनप्रतिनिधि आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर 26 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन बाबा देवलेश्वर धाम की भूमि पर होनी है। जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा ने कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। कहा कि आगामी 26 अगस्त को झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी का आगमन नाला प्रखंड के देवलेश्वर धाम कुलडंगाल में हो रहा है।इसके निमित्त आज विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता मंडल के अध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी की बैठक था। तैयारी को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में एक अभूतपूर्व जनता का समागम देखने को मिलेगा तथा नाला विधानसभा के हर बूथ से कार्यकर्ता मौजूद होंगे और बाबुलाल के बातों को सुनेंगे और अमल करेंगे। कहा कि आगे की चुनावी रणनीति लोकसभा विधानसभा के लिए बनाएंगे। उनके नियमानुसार निर्देशानुसार हम सभी कार्यकर्ता कार्य करेंगे। इस अवसर पर खैरा मंडल अध्यक्ष निपेन सिंह,जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप हेंब्रम, शेख मोतीबुल, फतेहपुर मंडल अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी, नित्यानंद सिंह, कार्यसमिति सदस्य भोला नाथ सिंह ,कार्यसमिति सदस्य ब्रजकिशोर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वनाथ दास, रंजीत तिवारी, नीलकंठ सोनार ,अमिता हांसदा, सजल दास ,ओम प्रकाश यादव, किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री मधुसूदन दत्त,गौतम माजी, रंजीत मरांडी ,जिला मंत्री मनोज गोस्वामी, सुभाष यादव,सीटू सिंह, निरंजन मंडल, प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य विष्णु मंडल सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महिला को अगवा कर किया सामुहिक दुष्कर्म, मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को भेजा जेल

दैनिक शुभ भास्कर



**संवाददाता / मधुपुर/देवघर** मधुपुर पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।वहीं अन्य एक आरोपी की धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर इंचार्ज सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा ने बताया कि बीते मंगलवार की देर शाम को मधुपुर शहर के हाजी गली राजबाड़ी रोड के निकट से एक कार में सवार 4 व्यक्तियों ने जबरन एक महिला को उठाकर कार में बैठा लिया और पथरड्डा थाना क्षेत्र के पुलिया के पास जंगल में ले जाकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने मधुपुर थाना में बुधवार की शाम को मामला दर्ज कराया था। वहीं पुलिस ने देवघर एसपी के निर्देश पर मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी,के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग रेप में शामिल तीन आरोपी देवरत महरा,व श्यामसुंदर दास को पथरड्डा थाना क्षेत्र के डुमरिया से गिरफ्तार किया है जबकि अजीत दास को घोरमारा से गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य आरोपी करौं थाना निवासी सिकंदर दास फरार है। पुलिस आरोपीयों के पास से दो बाइक को जब्त कर थाना ले आई है। छापेमारी टीम में मधुपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा, पथरोल थाना प्रभारी मनीष कुमार,पथरड्डा थाना प्रभारी, धर्मेन्द्र कुमार, एसआई मनोज कुजुर, एएस आई सामंत कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। वहीं मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

# मधुपुर आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूटा हुआ मोबाइल यात्री को किया सुपुर्द

दैनिक शुभ भास्कर



**संवाददाता/ मधुपुर /देवघर** मधुपुर आरपीएफ पोस्ट जसीडीह के माध्यम से गाड़ी संख्या 12334 डाउन विभूति एक्सप्रेस के कोच नंबर बी-3 की सीट नंबर 07 पर एक मोबाइल छूट जाने के संबंध में सूचना मिलने पर तुरंत मधुपुर आरपीएफ के एएसआई शौकत कमल ड्यूटी स्टाफ कांस्टेबल एस कश्यप के साथ मधुपुर प्लेटफार्म नंबर 03 पर पहुंच कर ट्रेन के कोच में तलाशी ली। उक्त मोबाइल बरामद किया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पोस्ट पर लाया गया। मामले की सूचना आरपीएफ पोस्ट जसीडीह को दी गई। व्यक्ति पोस्ट पर पहुंचा और अपनी पहचान कपिल मुनि मिश्रा निवासी मांडा प्रयागराज यूपी के रूप में दी। उसने बताया कि वह अपने सहयात्रियों के साथ उपरोक्त ट्रेन से बी-3 बर्थ संख्या 7 व अन्य पर प्रयागराज से जसीडीह तक यात्रा कर रहा था। जसीडीह डाउन प्लेटफार्म पर उतरने के दौरान उसका मोबाइल सीट पर ही छूट गया। यात्री के द्वारा तुरंत आरपीएफ से संपर्क किया गया और सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत की। सुचना मिलते ही मोबाइल आरपीएफ मधुपुर द्वारा बरामद कर लिया गया है। मोबाइल की कीमत 10000/- रु. व्यक्ति ने घटना के बारे में तथ्यों का विधिवत उल्लेख करते हुए एक लिखित आवेदन पोस्ट प्रस्तुत किया। उचित सत्यापन और पुष्टि के बाद उक्त मोबाइल मधुपुर आरपीएफ के द्वारा यात्री को सौंप दिया गया। इस अच्छे काम के लिए आरपीएफ मधुपुर को धन्यवाद दिया।

## जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की है आवश्यकता - उपायुक्त

दैनिक शुभ भास्कर




**मनीष बरणवाल/ जामताड़ा** गुरुवार को सदर अस्पताल जामताड़ा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से 25 अगस्त का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्रा सहित अन्य ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने चिकित्सकों की मौजूदगी में फाइलेरिया रोधी खुराक को लिया साथ ही कार्यक्रम स्थल पर बने सेल्फी प्वाइंट पर अपनी तस्वीर खिंचवाकर आम लोगों को फाइलेरिया रोधी खुराक के सेवन हेतु जागरूक किया।उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि फाइलेरिया गन्दे पानी में पनपनेवाली संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक अपंगता पैदा करनेवाली दूसरी सबसे बड़ी लाईलाज बीमारी है। इस बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों में हाथ, पाँव (हाथीपाँव) फूलना और हाइड्रासिल है।उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के रोगाणु अपने पूरे जीवनकाल में करोड़ों माइक्रोफाइलेरिया रोगाणुओं को जन्म देते हैं। इस बीमारी को नियंत्रण करने हेतु यह आवश्यक है कि सभी आमजनों को वर्ष में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का निर्धारित डोज अनुसार सेवन करना चाहिए। जिससे माइक्रोफाइलेरिया को जनसमुदाय में फैलने से रोका जा सके। इससे स्वस्थ्य व्यक्तियों में संक्रमण को रोका जा सकता है।

बताया गया कि विभागीय निर्देश पर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक जिले के सभी आमजनों को (01 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़कर) को फाइलेरियारोधी दवा का निःशुल्क सेवन कराया जायेगा। उन्होंने अपील किया गया कि सभी लोग बिना किसी डर के इस दवाई का सेवन करें। जिले के 1226 चिन्हित बूथों यथा आँगनबाड़ी, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में आज फाइलरियारोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। दिनांक 11 अगस्त से 25 अगस्त तक छुटे हुये आमजनों को डोर-टु-डोर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आमजनों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया जायेगा। दवा सेवन कराने के उपरांत दवा प्रशासक द्वारा संबंधित व्यक्ति के बायें हाथ के तर्जनी अंगुली में मार्कर कलम द्वारा प्रतीकात्मक चिन्ह लगाया जा रह है। उपायुक्त ने कहा कि लोग बिना किसी डर और हिचक के निर्भीकता से इस दवा का सेवन करें। अभियान के दौरान खिलाये जानेवाले फाइलेरियारोधी दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है। किसी भी प्रकार की चिकित्सीय आकस्मिकता की स्थिति में जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर रेपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। वहीं सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र ने बताया कि जिले के 04 स्वास्थ्य ब्लॉक अंतर्गत कुल लक्षित जनसंख्या 7 लाख 49 हजार 128 है, जिसके लिए कुल 1226 बूथ की व्यवस्था की गई हैं एवं 2817 दवा प्रशासकों के द्वारा दवा का सेवन कराया जा रहा है, जबकि इसके पर्यवेक्षण हेतु 167 पर्यवेक्षक भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग किसी भी प्रतिकूल स्थिति के लिए तैयार है।

इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल के सभी वार्डों, एक्सरे रूम, ओटी, ओपीडी, दवा रूम चाइल्ड वार्ड, प्रसूति वार्ड, आपातकालीन सेवा वार्ड सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षक को अस्पताल में साफ सफाई, दवाओं आदि की पर्याप्त उपलब्धता, ओपीडी में चिकित्सकों की नियमित ड्यूटी सहित मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं में कोताही नहीं बरतने एवं समुचित व्यवस्था को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मौके पर उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र मुंशी सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड छात्र मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

दैनिक शुभ भास्कर

**संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर** मधुपुर महाविद्यालय में झारखंड छात्र मोर्चा की ओर से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्म दिन धूमधाम से मनाया और साथ ही साथ हेल्पडेस्क भी लगाया गया। मौके पर उपस्थित कॉलेज अध्यक्ष नैना कुमारी, जिला उपाध्यक्ष उमर बंटी, पूर्व कॉलेज अध्यक्ष अमित राणा, छात्र नेत्री सुहाना परवीन, शाहनवाज नूर, फुरकान शेख, निर्मल यादव, अर्चना कुमारी, कन्हैया कुमार, गोलू यादव, आदि लोग उपस्थित थे।

## बुढ़ैई पुलिस ने रोड डकैती मामले में फरार चल रहे आरोपी सुनील हांसदा को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर अनुमंडल के बुढ़ई थाना कांड संख्या 32/23 (रोड डकैती मामले में चलरहे अभियुक्त सुनील हंसदा पिता बाबुलाल उर्फ बाबुजन हंसदा साकिन जाताखुटी थाना मनियाडिह जिला धनबाद को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एक अन्य अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

## मधुपुर एसडीओ के निर्देश पर बजार मे चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर ।** मधुपुर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ आशीष अग्रवाल के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर मनोज कुजूर के नेतृत्व मे नपकर्मी ने गुरुवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रामचंद्र हटिया बाजार, मार्केट कंपलेक्स, हटिया रोड, गांधी चौक, थाना रोड आदि जगह पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया और अतिक्रमण को हटाया। मौके पर सब इंस्पेक्टर मनोज कुजूर ने सभी स्टॉल धारकों एवं दुकानदार को हिदायत दिया कि स्टाल और दुकान के बाहर सरकारी जमीन को अतिक्रमण नहीं करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नगर परिषद कर्मी मेराज रब्बानी, आमीन नंदू पासवान, मंसूर आलम, अजय कुमार समेत नप कर्मी व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023卐 के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक्स एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा ।** गुरुवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के अवसर पर जिले के आउटडोर स्टेडियम में विभिन्न झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा एवं अन्य वरीय पदाधिकारी ने प्रतियोगिता के समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने फुटबॉल मैच में विजेता टीम रानीगंज की प्रथम, उप विजेता रहे बूढ़ीपाड़ा को द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे जेबीसी की टीम को तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 21,000 रू, 15,000 रू एवं 11,000 रू की राशि का चेक (सांकेतिक रूप से) एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए।

**बैठक** निर्देश के आलोक में उसका साफ सफाई भी पूर्ण कर लिया गया है।

# बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीएसआर के तहत पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की

दैनिक शुभ भास्कर



**मनीष बरणवाल / जामताड़ा** गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएमएफटी (जिला खनन फॉउंडेशन ट्रस्ट) और सीएसआर फंड से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीएसआर के तहत पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। जिसमें विगत बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में ईसीएल चितरा प्रबंधन को ट्रैफिक पुलिस के लिए हेलमेट, ब्रेथ एनिलाइजर इक्विपमेंट सहित अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली। उन्होंने सभी संचालित 1189 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 715 आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु एएनसी टेबल एवं वजन मशीन उपलब्ध कराने से संबंधित जानकारी लिया। वहीं भाड़े के भवनों में संचालित एवं जमीन की उपलब्धता वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन में अंजनी फैरो एलॉयज के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि पोस्टमार्टम हाउस का विद्युतीकरण कार्य कर लिया गया है एवं निर्देश के आलोक में उसका साफ सफाई भी पूर्ण कर लिया गया है।मौके पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यकता के अनुरूप डीएमएफटी के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की सूची बनाकर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों सहित पिछड़े हुए क्षेत्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाओं, चारदीवारी विहीन विद्यालयों में चहारदीवारी, शौचालय सहित अन्य जरूरी आवश्यक का आकलन करते हुए इसका कार्ययोजना बनाकर तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि इस मद का समुचित उपयोग जरूरी विकास कार्यों में ही किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने कहा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, वो नियमानुसार ही हो।मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, राहुल प्रियदर्शी,कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल श्री बमबम सहित अंजनी फैरो एलॉयज के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 76वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पर समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर



**मनीष बरणवाल/ जामताड़ा** गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय पर्व, 76वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिले के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय त्यौहार है, इस अवसर पूरे हर्षोल्लास पूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारी जिन्हें जो भी दायित्व मिला है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे एवं आपसी समन्वय स्थापित कर पूरे कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

बैठक में निर्धारित सर्वसम्मति से जिला अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम स्थल सहित अन्य कार्यालयों में राष्ट्रध्वज फहराने हेतु निर्णय लिया गया। जो इस प्रकार हैं ˜-

1. गांधी मैदान ˜- 09˜00 प्रातः
2. समाहरणालय ˜- 10˜10 प्रातः
3. पुलिस अधीक्षक कार्यालय ˜- 10˜15 प्रातः
4. जिला परिषद ˜- 10˜25 प्रातः
5. उपायुक्त न्यायालय भवन ˜- 10˜55 प्रातः

## ख़ास ख़बर

# बोलोरो में रखे 33 पीस बंटी बबली शराब बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर** हसनपुरा (सीवान) एम एच नगर पुलिस ने गुरुवार की सुबह रजनपुरा मुख्य सड़क से 33 पीस बंटी बबली शराब लदे बोलोरो को जब्त किया है। जहां पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर बरामद किया है।शराब और बोलोरो किसकी है पता नहीं चल सका है। इस मामले में थानाध्यक्ष पंकज कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मामले बोलोरो मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बोलोरो किसकी है पता लगाया जा रहा है।

# सावन में बोल बम जयकारा चारो ओर बा

**दैनिक शुभ भास्कर** सीवान संवाददाता। सावन इस बार दो महीना का लगा हुआ है। जिसे अधिक मास भी कहते हैं । इस बार सावन में बोल बम जयकारा चारों ओर बा। यह गीत लगातार सड़कों पर प्रत्येक आने-जाने वाले वाहनों में सुनाई दे रहा है। बताते चलें कि यह गीत भारत की नंबर वन कैसेट कंपनी टी सीरीज द्वारा रिलीज किया गया है। जो बिहार के अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त प्रसिद्ध गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गाया गीत है जो लगातार चारों ओर तो कहे गोरखपुर,देवरिया, सिवान, छपरा ,गोपालगंज, आरा, बक्सर, समेत विभिन्न जिलों में एक तरफ से चारों ओर बजने की जानकारी दी गई।जहां विभिन्न बिहार के जिलों में शिव भजनों की गूंज है ।वही चारों तरफ बोल बम जय कारा चारों ओर बा ,,भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा। इनका महिमा के चारों ओर शोर बा ...यह गीत बजते हुए नजर आ रहा है। जिस गीत के संयोजक टी सीरीज के प्रसिद्ध व्यक्तित्व ओम प्रकाश पांडे हैं ।वहीं इस गीत पर वीडियो डायरेक्टर दीप श्रेष्ठ जमकर ठुमका लगाते हुए देखे जा रहे हैं।

# जनसुराज के प्रखण्ड पदाधिकारियों की सूची जारी

**सिवान ।** जिला मुख्यालय के हरदिया मोड़ स्थित जनसुराज के जिला कार्यालय में गुरुवार को प्रखण्ड पदाधिकारियों की सूची जारी किया । जिसमें सभापति ,अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, संगठन महासचिव ,प्रवक्ता,मीडिया प्रभारी सहित सभी प्रकोष्ठों से मिलाकर 30 पदाधिकारी बनाये गए है । सभी नवनिर्वाचित चयनित जनसुराज के प्रखण्ड पदाधिकारियों को स्वागत किया गया । प्रखण्ड अध्यक्ष क्रमशः निम्नवत है ।मैरवा से फौजदार सिंह,बसंतपुर -अरुण कुमार सिंह,रघुनाथपुर अजित सिंह,बड़हरिया डॉ विनोद सिंह,गुठनी सत्येंद्र तिवारी,नौतन तारा यादव,गोरियाकोठी दिलीप तिवारी,भगवानपुर हाट, राजेश्वर साह, सिसवन दिलीप सिंह,दरौंदा संजय साह, सिवान सदर अमरनाथ कुशवाहा,पचरुखी जयकरण महतो,लकड़ीनबीगंज नरेंद्र सिंह,महराजगंज विजय सिंह,आंदर दिलीप चौहान,दरौली जटाशंकर मिश्र,हसनपूरा टुनटुन सिंह,सिवान नगर अभिनव कुमार रानू,जीरादेई प्रमोद कुमार गुप्ता ( जिला पार्षद)

हुसैनगंज मो अरमानुल्लाह नगर पंचायत गुठनी अफजल बागी,नगर पंचायत बड़हरिया रहीमुद्दीन खान ,नगर पंचायत मैरवा दुर्गेश कुमार,नगर पंचायत गोपालपुर मो खालिद अनवर,नगर पंचायत आंदर फ़हद हमीद, नगर पंचायत महराजगंज पवन कुमार,नगर पंचायत बसंतपुर रविन्द्र साह, नगर पंचायत हसनपुरा तबरेज आलम । जनसुराज के जिला अध्यक्ष इंतेखाब अहमद ने कहा कि संगठन को पंचायत एवं गांव स्तर पर ले जाने का सम्पूर्ण दायित्व प्रखण्ड अध्यक्षों , सभापति ,संगठन सचिवों तथा समस्त प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारियों का है । उन्होंने कहा कि पूरे सूबे में सभी राजनीतिक दलों की स्थिति विकास विरोधी बन गयी है इस परिस्थिति में जनसुराज के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ रहा है बस जरूरत है पूरे ईमानदारी के साथ जनसुराज के विकास के रोड मैप को जन जन तक पहुचाने का । जनसुराज के जिला संगठन महासचिव राजीव रंजन पांडेय ने बताया कि सिवान जिले में अभी तक 40 हजार जनसुराज के संस्थापक सदस्य बन चुके है तथा और सदस्य बनने का कार्य अनवरत जारी है ।उन्होंने कहा कि खास कर जनसुराज युवाओं के राजनीतिक भविष्य के लिए सुनहरा अवसर है जिसका लाभ लेकर युवा वर्ग राजनीति में अपना भविष्य बना सकता है। इस मौके पर जिला सभापति विद्या विनोद संयोजक आशीष कुमार,नितेश कुमार,प्रमुख जिला पार्टी प्रवक्ता कृष्ण कुमार सिंह,डॉ शहनवाज आलम , कार्यालय प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ,महिला अध्यक्ष माधुरी सिंह कुशवाहा, अनुमंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान , बबन तिवारी, जिला युवा अध्यक्ष संजय यादव,नंद जी राम,आलम,राम दुलार वर्मा, अभिषेक कुमार सिंह,अनिल तिवारी आदि ने अपना विचार व्यक्त किया ।

# विद्यालयों में बच्चो की उपस्थित को लेकर टोला सेवकों एवं तालीमी मरकज की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर बड़हरिया सिवान संवादाता।** बड़हरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में तालिमी मरकज एवं टोला शिक्षा सेवकों की बैठक टोला शिक्षा सेवक संघ के जिला सचिव संजय बैठा की अध्यक्षता में हुई। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी के लिए बैठक का आयोजित किया गया।वही सभी शिक्षा सेवकों को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर अनेक निर्देश दिये गये। जिला सचिव संजय बैठा ने कहा कि विद्यालय में शिक्षको एवं बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 90त्न से अधिक होनी चाहिए। लेकिन प्रथम चरण में उपस्थिति कम से कम 75त्न से ऊपर ले जाने का लक्ष्य है। विद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं है।प्रखंड के कई विद्यालयों में 50त्न से कम उपस्थिति है, जो चिंतनीय हैं। इस मौके पर सकीना खातून,रजनीश चौधरी,कन्हैया कुमार, राबिया खातून, शाहनामा खातून, फिरदौस फातिमा,नजमा खातून आदि मौजूद थे।

# डीएम ने की रघुनाथपुर और सांसद प्रखंड का निरीक्षण





**दैनिक शुभ भास्कर** आज दिनांक 10/08/2023 को जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा सिवान सदर एवं रघुनाथपुर प्रखंड का औचक निरीक्षण किया गया। सिवान सदर प्रखंड मे जिला पदाधिकारी द्वारा BDO कार्यालय,अंचल कार्यलय, Rtps काउंटर, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय,बाल विकास परियोजना कार्यालय, आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

सिवान सदर प्रखंड कार्यालय में मनरेगा पर्यवेक्षक,आवास पर्यवेक्षक एवं राजस्वा अधिकारी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। बाकी सभी पदाधिकारी एवं अन्य प्रखंड के कर्मचारी अनुपस्थित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा इन पर स्पष्टीकरण करते हुए इनका सैलरी प्रतिबन्ध करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सिवान सदर प्रखंड के चारो तरफ पानी जमा था जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराज़गी जताई गयी। साथ ही प्रखंड कार्यालय एवं शौचालय की नियमित साफ़ - सफाई के निदेश दिए गए।

रघुनाथपुर प्रखंड में जिला पदाधिकारी द्वारा BDO कार्यालय, अंचल कार्यालय, RTPS काउंटर, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, CDPO कार्यालय , मनरेगा भवन एवं कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया गया। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अलावा सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित पाए गए। जिला पदाधिकरी महोदय द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यलय संबधित सभी पंजियो - कर्मी पुस्तिका, सेवा संपुष्ट, सेवानिवृत पंजी, स्टॉक पंजी,अवकाश पंजी, शिकायतों की पंजी, आदि की जाँच की।जिला पदाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी के कार्यालय संबंधित पंजियो की जांच की गयी। रघुनाथपुर प्रखंड के कार्यालय की साफ़ -सफाई नहीं होने के कारन जिला पदाधिकारी द्वारा नारजगी जताई गयी।

## श्री नागेन्द्रा नवयुवक मण्डल एक दिवसीय देव गुरु दर्शन



दैनिक शुभ भास्कर राकेश जैन राजस्थान उदयपुर संरक्षक ख्याली लाल कोठारी ने बताया कि सेक्टर 4 नागेन्द्रा समाज के नवयुवक मंडल 2 बस द्वारा सपरिवार एक दिवसीय धार्मिक यात्रा के लिए देव सोमनाथ दर्शन कर शक्तावतो का गुड़ा मैं विराजित आर्यिका गणनिय सुप्रकाशमती माताजी संघ के दर्शन प्रवचन एवं आहार कार्यक्रम में भाग लिया वहां से खेरवाड़ा में विराजित श्री 108 पुण्यनंद जी महाराज के दर्शन व सायंकालीन आरती मैं भाग लिया वहां पर हो रही भजन संध्या का सभी नवयुवक मंडल के सदस्यों ने आनंद उठाया संरक्षक ख्याली लाल कोठारी ने आगे भी इसी तरह के आयोजन के बारे में बताया और सभी को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया

# भाजपा के जावदा मंडल में मनाया आदिवासी दिवस

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ / रावतभाटा तहसील के भाजपा के जावदा मंडल में मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल के बावड़ीखेड़ा में आदिवासियों के बीच पहुंचकर आदिवासी दिवस मनाया।

आई टी प्रमुख राहुल धाकड़ ने बताया कि मण्डल जावदा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़ के साथ जावदामंडल के गांव बावड़ीखेड़ा में पहुंचकर आदिवासियों के साथ खेल खेलकर व फल वितरित कर आदिवासी दिवस मनाया।जावदा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद



धाकड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा की सरकार ने आदिवासियों के कल्याण हेतु कई कार्य किए हैं।राजस्थान में 11 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खोलने की घोषणा की,जिसमें से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 6 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल का लोकार्पण किया है।

केंद्र की मोदी सरकार ने आदिवासी समाज के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है।इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़,लाभचंद धाकड़,मनोज धाकड़,लालचंद, शांतिलाल,अंबरलाल, फूलचंद, दुर्गाशंकर,कैलाश,अजय,राजू,सागर,नंदलाल,लचमनलाल और समस्त आदिवासी समाज उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने के एमओआईसी दिया आवेदन

**दैनिक शुभ भास्कर** गुठनी। पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं के लगातार हड़ताल से स्वास्थ व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गई है। वही पीएचसी में आने वाले मरीजों को काफी असुबिधाओ का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद पीएचसी के प्रभारी डॉ शब्बीर अख्तर ने अपने लिखित आवेदन में 15 आशा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को आवेदन दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के हड़ताल से आम आदमी के जीवन पर काफी असर पड़ता है। वही सरकारी सेवा करने वाले कर्मियो को यह शोभा नही देता। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि पीएचसी के प्रभारी ने पुलिस को जो आवेदन दिए हैं। उसमे यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना है। पीएचसी से जो आवेदन पुलिस को मिला है। उसमें पीएचसी में लगातार चल रहे धरना प्रदर्शन से निपटने के लिए पुलिस बल की मांग की गई और विधि व्यवस्था को कायम करने के लिए सहयोग की मांग की गई है। वही आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगा। उन पर किसी भी तरह दबाव बनाकर हड़ताल को वापस नहीं किया जा सकता।

# बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ एक दिवसीय धरना आज

**दैनिक शुभ भास्कर** गुठनी। अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर प्रमुख प्रतिनिधि सुनील नारायण सिंह उर्फ बुच्चा बाबू के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली आपूर्ति को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित उपकेंद्र पर आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। लगातार बिजली कटौती के कारण व्यापारियों व ग्रामीणों को इस विकराल गर्मी में समस्या का सामना करना पड़ता है, और व्यापार भी बाधित होता है जिनके इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानें व अन्य उपकरण हैं विभाग की लापरवाही से बाधित रहते हैं। उन्होंने ने बताया की शिकायत करने पर विभाग अनजान बना रहता है। उन्होंने बताया की आज 11 बजे से प्रखंड मुख्यालय स्थित उपकेंद्र पर नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रों की जनता एकत्रित हो कर एक सुर में विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया की संख्या इतनी अधिक होनी चाहिए कि अधिकारी बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से देने के लिए मजबूर हो जाए। इतनी कठोर गर्मी में व्यापारी अपने दुकान के अंदर बैठ नहीं पा रहे हैं घरों में छोटे-छोटे बच्चे सो नहीं पा रहे हैं जिनके यंहा पानी की मोटर वाली व्यवस्था है वह पानी नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं इन सभी अव्यवस्थाओं को लेकर एकजुट होकर आज भारी संख्या में आएं और विद्युत विभाग के खिलाफ धरना को सफल बनाएं।

# मैरवा में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब बरामद, दरौली पुलिस , मैरवा पुलिस, गुठनी पुलिस को चकमा देकर शराब तस्कर सहित चालक फरार

**दैनिक शुभ भास्कर** मैरवा सिवान संवाददाता। जिले के दरौली से भारी मात्रा में स्कार्पियो से शराब मैरवा ले जाने की भनक लगने पर दरौली पुलिस ने पीछा कर पकड़ना चाहा। लेकिन सफलता नही मिली। वही पुलिस ने मैरवा और गुठनी पुलिस को सूचना दिया तो स्कार्पियो का पीछा करने लगें। हालांकि शराब तस्कर मैरवा के सिसवा बुजुर्ग गांव के एक मैदान में स्कार्पियो खड़ी करके फरार हो गये। तीन थाने की पुलिस को तस्कर सहित चालक चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने जैसे ही पहुंचा तो देखा कि स्कार्पियो में अंग्रेजी शराब के कार्टून से भरा हुआ है। हालांकि पुलिस ने आस पास के लोगो से पूछताछ किया मगर किसी ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जप्त स्कार्पियो झारखंड नंबर की है। स्कार्पियो में सेंसर लगा था। पुलिस गाड़ी के दरवाजे को खोलने का प्रयास किया मगर नही खुला। पुलिस की माने तो स्कार्पियो गाड़ी से लगभग दो लाख से ऊपर की शराब का आकलन किया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि स्कार्पियो सहित शराब लेकर दरौली पुलिस लेकर चली गयी है।

# वाहन चेकिंग के दौरान बीस लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर** बड़हरिया सिवान संवादाता। बड़हरिया थाना क्षेत्र के भीमपुर काली स्थान के पास थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के निर्देश पर वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस आवर निरीक्षक राम विनय शर्मा ने उखई पूरब पट्टी थाना सराय ओपी जिला सिवान के स्वर्गीय महेश महतो के पुत्र सनोज महतो को बीस लीटर शराब एवं हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पुलिस ने एक वारंटी तथा एक शराब के सेवन करने के आरोप में किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर** बड़हरिया सिवान संवादाता। बड़हरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के कालू छपरा निवासी स्वर्गीय अंबिका प्रसाद के पुत्र राजेश कुमार राम को शराब सेवन के आरोप में एएसआई शशि भूषण कुमार ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में भेज दिया।वही पूर्व से फरार चल रहे सुंदरपुर पंचायत के सुंदरपुर टोला निवासी रजाक मियां के पुत्र शमशुल हक मियां को एएसआई शशि भूषण कुमार ने गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा भेज दिया।

**स्वागत** किसान नेता हाड़ा ने आदिवासी बन्धुओं को साफा बंधवाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।

# किसान नेता हाड़ा ने मंडेसरा के भीम चौराहा पर मनाया आदिवासी दिवस

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ /** जिले की बेगूं विधानसभा में भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने बेगूं विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडेसरा के भीम चौराहा में आदिवासी दिवस मनाया।किसान नेता हाड़ा ने आदिवासी बन्धुओं को साफा बंधवाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने आदिवासी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रकृति संरक्षण,संस्कृति परंपराओं के संवर्धन,स्वतंत्रता आंदोलन के सशक्तिकरण,तथा नए भारत के निर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अतुलनीय है।मातृभूमि के प्रति आदिवासी समाज की भक्ति वंदनीय है,देशवासी हमेशा



आदिवासी समाज के ऋणी रहेंगे।देशभर में फैले आदिवासी समाज की कला, संस्कृति, परम्पराएं, भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता का प्रतिबिंब हैं।आपकी जीवनशैली जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्याओं के समाधान की राह दिखाती है। आज के दिन आदिवासी समाज से सीखते हुए हम समावेशी विकास की राह पर चलने को संकल्पित हों।भाजपा किसान नेता हाड़ा ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आदिवासी समाज उन्नति एवं विकास के मार्ग पर प्रशस्त होकर मुख्यधारा में आया।भाजपा सरकार में देश के सर्वोच्च पद एक आदिवासी महिला पहुंची है।राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ के लोकप्रिय सांसद सीपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा आदिवासी समाज से जुड़कर समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।रावतभाटा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शबरी माता का आश्रम भाजपा सरकार ने बनवाया।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अथिति भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा,पूर्व प्रधान सीताराम भील,पूर्व सरपंच सागर मल पुरोहित,मंडल मंत्री किसन ओड,सुभाष सेन,मिठू सिंह राठौड़,शांति लाल शर्मा,शिवनाथ सिंह हाड़ा,भाजपा मंडल महामंत्री फोरु लाल भील,भैंसरोडगढ़ मंडल भाजपा महामंत्री रामलाल भील,हजारी लाल भील,केलाराम भील, महेंद्र भील, उदा लाल भील, भगवान लाल भील, किसन पटेल,देवा भील, धापू भाई भील, हगामी बाई भील,भूली बाई,महेंद्र सेन, रणजीत जाट,बलराम गुर्जर,भागचंद गुर्जर,सुनील मेघवाल,आयुष सेन, भैरू लाल भील, नानू राम भील,शंकर भील,घनश्याम भील,उदयलाल मेघवाल, विष्णु मीणा, बालू बंजारा,रामकिशन भील,सहित मंडेसरा क्षेत्र के आदिवासी बंधुओं एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत टोलू का लुहारिया ग्राम पंचायत में किया पौधा रोपण

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह /राजस्थान / चित्तौड़गढ़/ रावतभाटा तहसील के ग्राम पंचायत टोलु का लुहारिया में सरपंच भागचंद धाकड़ एवं वार्ड पंच सहित पंचायत वासियों ने 75वें अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश,माटी को नमन,वीरों को वंदन कार्यक्रम में मां भारती को नमन करते हुए पौधा रोपण किया।



टोलू का लुहारिया सरपंच भागचंद धाकड़ ने बताया की 75वें अमृत महोत्सव अभियान के तहत छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम के दौरान सरपंच भागचंद धाकड़,ग्राम विकास अधिकारी इंदरराज मीणा,कनिष्क लिपिक लाभचंद धाकड़,स्कूल प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र शर्मा,अध्यापक बंशीलाल तेली,रामकिशोर शर्मा,सहायक स्टाफ किशन माली,हेमराज गुर्जर,नरेगा में सागर भील,शिवनाथ सिंह, राजीविका से एआरपी राहुल धाकड़, सीसी सरिता मेघवाल एसएचजी सदस्य तुलसी बाई,गुलाबी बाई,शांति बाई,घीसी बाई सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्व आदिवासी दिवस पर लवीना संस्थान में हुआ मेडिकल लेबोरेट्री का शुभारंभ



विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर/-लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा संचालित लवीना जनजाति चिकित्सा सेवा केन्द्र, गरणवास में विश्व आदिवासी दिवस पर मेडिकल लेबोरेट्री का अनावरण एडीजे एवम सचिव कुलदीप शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर के करकमलों द्वारा किया गया।संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया ने बताया कि निर्धन जनजाति रोगियों के सेवार्थ कम कीमत पर यह सुविधा प्रदान की जा रही है।व्यवस्थापक सन्तोष परमार ने चिकित्सा केन्द्र के बारे में जानकारी दी।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ख़ास ख़बर

### राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय सीपीआर कार्यशाला संपन्न




**दैनिक शुभ भास्कर/** वाराणसी। गुरूवार को जनपद के जक्खिनी क्षेत्र में स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में एक दिवसीय सीपीआर पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कॉलेज के समस्त छात्राओं व अध्यापिकाओं के सामने सीपीआर का लाइव प्रस्तुति किया। राजकीय चिकित्सा अधिकारी ने कार्डियक अरेस्ट आने पर बरती जाने वाली सावधानियों और सीपीआर की बारीकियों से सबको अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आज कल जागिंग और डांस करते समय भी लोगों को कार्डियक अरेस्ट हो रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्डियक अरेस्ट के मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। अगर नौ मिनट तक मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिले तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। इस दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्या विद्यावती देवी, अनामिका इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य पत्रकारिता पर आधारित कार्यशाला संपन्न**

### लिमफैटिक फाइलरियस की चुनौतियां और समाधान विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** गुरुवार को महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान और मैड्स कम्युनिकेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य पत्रकारिता पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लिमफैटिक



फाइलरियस की चुनौतियां और समाधान विषयक संगोष्ठी भी आयोजित हुई। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि दैनिक भास्कर डिजिटल के समूह संपादक राजकिशोर ने कहा कि स्वास्थ्य का मतलब होता है स्व में स्थित होना। उन्होंने कहा है कि पत्रकारिता जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, अपनी कार्य कुशलता से ही बना है इसलिए हमे अपने स्वास्थ्य के साथ पत्रकारिता को भी स्वस्थ्य रखने की जरुरत है। स्वस्थ्य समाज आपको मानसिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है। इस बीच उन्होंने फैलेरिया से जुड़ी जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि पत्रकारिता कल्पनाओं पर नहीं बल्कि यथार्थता पर आधारित होती है। पत्रकारिता के अनेक बीट हैं लेकिन स्वास्थ्य की रिपोर्टिंग करते समय पत्रकार को अति नैतिक होना चाहिए। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन के निदेशक राजेश कुमार गौतम ने कहा कि एक पत्रकार को सही और सटीक जानकारी होनी चाहिए। हमें हमेशा सकारात्मक रिपोर्टिंग करनी चाहिए और समाज में नुक्कड़ नाटक, कहानियां और अन्य माध्यमों से किसी भी जानकारी का प्रचार करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के निदेशक प्रो. अनुराग ने कहा कि कई बार हम किसी बड़े मुद्दे को गैर जरूरी मान लेते हैं। जीवन को प्रभावित करने वाली समस्याओं पर बावस्ता नहीं चाहते। दृष्टांत के बिना यथार्थ रूढ़ होता है। इसे हमें समझना चाहिए कि आज पूरी दुनिया इस बीमारी से लड़ रही है। कार्यक्रम के बीच में 2 एनिमेशन फिल्म भी दिखाई गई। जिसमें फाइलेरिया से जुड़ी जागरूकता के बारे में बताया गया।

### किशनगंज में धले से चल रहा है नसें का कारोबार आप को बताते चलें

**( दैनिक शुभ भास्कर नेशनल रिपोर्टर सरफराज आलम)**

किशनगंज में धले से चल रहा है नसें का कारोबार आप को बताते चलें कि रुधासा बिरीज के निकट ताहिर नाम वेकती ओर उसके साथी जो खुलेआम इसमेक गांजा दारु शराब बेचता है ताहिर नामक व्यक्ति पुलिस प्रशासन को देता है चुनौती अब देखना यह है कि किशनगंज पुलिस नसें कारोबारी पर अगुश लागाते या नहीं



# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गयी पेट के कीड़े निकालने की दवा

**➲सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि पेट में कीड़े होने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं।**

**दैनिक शुभ भास्कर**

वाराणसी। गुरुवार को जनपद में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। नगर के सुन्दरपुर क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी की मौजूदगी में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इसके साथ ही जिले के 3488 विद्यालयों व 3983 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलायी गयी। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि पेट में कीड़े होने से बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। उनमें खून की कमी हो जाती है, जिसके कारण बच्चे कमजोर होने लगते हैं। सेहतमंद भविष्य के लिए कृमि से छुटकारा जरूरी है। यह तभी संभव है जब बच्चों, किशोर-किशोरियों को समय से कृमि मुक्ति की दवा खिलायी जाय। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को इस परेशानी से बचाने के लिए कीड़े निकालने की दवा उन्हें जरूर खिलाएं। सीएमओ ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हर वर्ष 10 अगस्त को मनाया जाता है। इस अवसर पर 01 से 19 साल के बच्चों-किशोर-किशोरियों को कृमि




मुक्ति की दवा खिलायी जाती है, ताकि उनका भविष्य सेहतमंद हो सके। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले में 18 लाख बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाने का लक्ष्य है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संजय राय ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 साल के बच्चों-किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने के लिए सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों से दवा खिलाने में सहयोग लिया गया है। इस अभियान में उन बच्चों को भी दवा खिलायी गयी जो स्कूल नहीं जाते हैं। साथ ही ईंट-भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों को भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाई गयी। उन्होंने कहा कि जो बच्चे आज दवा खाने से छूट गये हैं, उन बच्चों के लिए 17 अगस्त को मॉप अप राउंड आयोजित होगा। इसमें छूटे हुए सभी बच्चों को भी दवा से आच्छादित कर लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

# आपसी मारपीट में घायल युवक ने दर्ज कराई प्राथमिक की न्याय की लगाई गुहार

**दैनिक शुभ भास्कर/ सुभाष चंद्र झा सहरसा** सदर थाना क्षेत्र के गांधी पथ निवासी दिलखुश कुमार ने मारपीट कर जख्मी किए जाने को लेकर सदर थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में दिलखुश कुमार ने कहा कि पड़ोस की रहने वाले बिरजू कुमार, राजेश दास एवं ममता देवी ने पीछे से आकर धारदार हथियार से मेरे पीठ पर प्रहार किया। जिससे मैं पूरी तरह जख्मी हो गया तथा अपना इलाज सदर अस्पताल में करवा रहा हूं। उन्होंने



कहा कि वे सभी अपराधी किस्म के लोगों के साथ उठता बैठता है। साथ ही अवैध शराब का कारोबार भी करता है।मैंने जब शराब बेचने से मना किया तो उन लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। पीड़ित युवक ने इस संबंध में थाने में आवेदन देकर दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि इस घटना के संबंध में राजेश कुमार दास ने भी मारपीट को लेकर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है।

# शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण को लेकर 17 अगस्त को पटना में होगा धरना-सोहन झा

**दैनिक शुभ भास्कर / सुभाष चंद्र झा सहरसा** बंगाली बाजार ओवरब्रिज निर्माण एवं मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर कोसी युवा संगठन के बैनर तले 17 अगस्त को पटना ज़िला स्थित गर्दनीबाग में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा।उक्त जानकारी कोशी युवा संगठन के संस्थापक युवा नेता सोहन झा ने दिया।पटना ज़िला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए उन्होंने कहा कि सहरसा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए बंगाली बाजार रेलवे ढाला पर ओवरब्रिज का बनना बहुत आवश्यक है।राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा ओवरब्रिज निर्माण को स्वीकृति मिले एक वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक ओवरब्रिज का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पाया है।




वही कुछ स्थानीय नेताओं के द्वारा ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में बयानबाजी कर ओवरब्रिज निर्माण के प्रति सरकार को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी ओवरब्रिज के नहीं बनने से लाखों सहरसा वासियों को प्रत्येक दिन भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ओवरब्रिज निर्माण के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए संगठन द्वारा 17 अगस्त को पटना स्थित गर्दनीबाग धरना स्थल पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

## वित्त मंत्रालय की प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के तैयारियों को लेकर आयोजित हुई समीक्षा बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर** वाराणसी। गुरुवार को आगामी सितम्बर माह में वित्त मंत्रालय की प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के तैयारियों को लेकर कमिश्नरी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय की आर्थिक मामलों की अतिरिक्त सचिव मनीषा सिन्हा द्वारा की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने अब तक बनारस में हुई जी-20 बैठक में प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों से अवगत कराया। जिसमें एयरपोर्ट पर अतिथियों का स्वागत करने, लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त करने, होटल में अतिथियों के ठहरने तथा सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। बता दें सितंबर में प्रस्तावित जी-20 बैठक वित्त मंत्रालय की तरफ से आयोजित हो रही है। यह सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप (एसएफडब्लू) की चौथी बैठक है, जो बनारस में आयोजित हो रही। जिसमें अतिथियों का आगमन 12 सितम्बर को होना है तथा 13 व 14 सितंबर को बैठक होगी। सचिव द्वारा अतिथियों के समक्ष थीम बेस्ड सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया, जो की काशी की संस्कृति पर आधारित हो। गौरतलब है की जी-20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप का लक्ष्य वैश्विक विकास और स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करने और हरित, अधिक लचीले और समावेशी समाजों और अर्थव्यवस्थाओं की ओर संक्रमण को बढ़ावा देने के लिए स्थायी वित्त जुटाना है। इसमें जी-20 के सदस्य देशों, अतिथि देशों, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 90 से अधिक प्रतिनिधि और भारत सरकार के अधिकारी भी भाग लेंगे।

## 10 सूत्री मांगों के समर्थन में ग्रामीण डाक सेवक संघ ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर /सुभाष चंद्र झा/ सहरसा** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ द्वारा केंद्रीय संघ के आह्वान पर गुरुवार को प्रमंडलीय कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक संघ की 10 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 सूत्री मांगों के समर्थन में विगत 25 जुलाई को भी धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था।वहीं आगामी 10 12 सितंबर को क्षेत्रीय कार्यालय के सामने भूख उपवास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में हमारी मांगे नहीं पूरी होने पर हम सभी कर्मी 5 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।संघीय सचिव नवीन कुमार ने बताया कि केंद्रीय संगठन ने अपनी मांगों के संबंध में सरकार को बराबर अवगत करने का कार्य किया गया है परंतु हमारी मांगों को नहीं माना गया। जिसके कारण संघ के द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, कमलेश चंद्र समिति की सभी सकारात्मक सिफारिशें तत्काल लागू करने, उनके कार्यभार का मूल्यांकन करने, वार्षिक वार्षिक वेतन वृद्धि और टीआरएसए देने मे भेदभाव समाप्त करने, जीडीएस पदों पर सभी आकस्मिक मजदूरों को समाहित करने, मृतक जीडीएस के आशीष बच्चों के लिए अनुकंपा नियुक्ति करने, सभी शाखों में ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान करने तथा आईपीपीबी प्रशिक्षण निशुल्क आयोजित करने की मांग शामिल है। इस मौके पर प्रमंडलीय कार्यकारी अध्यक्ष चंचल कुमार, सहायक सचिव अमरेंद्र कुमार अमर, कोषाध्यक्ष मो सत्तार आलम,विजय कुमार, प्रशांत कुमार, तारा कांत ठाकुर,संतोष कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद सिंह, धनंजय सिंह, मो शोहेब, मुरली यादव, शिवचरण कुमार,मुर्तुजा कमाल, राजेश कुमार,धीरेंद्र कुमार निराला,भारत भूषण चौधरी,देवेंद्र यादव, संतोष कुमार साह, अजय कुमार झा, संजय कुमार, अजीत कुमार मिश्र,मनोज कुमार, सुधाकर ठाकुर,गोविंद पासवान, शैलेंद्र कुमार,उपेंद्र नाथ यादव, बलराम पासवान,चंद्रशेखर प्रसाद मेहता,विकास कुमार, राकेश चौधरी, शत्रुघ्न पासवान,प्रभाष यादव,दशरथ मंडल एवं हीरा प्रसाद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### रवि शंकर कुमार सिंह बने करणी सेना के जिला अध्यक्ष

दरभंगा। जिला के छोटाईपट्टी पंचायत के रवि शंकर कुमार सिंह को करणी सेना दरभंगा जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार चौहान के द्वारा। वही प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार चौहान ने बताया कि करणी सेना के जिला अध्यक्ष पद पर रवि शंकर कुमार सिंह को बनाया गया है। उन्हें संगठन की गरिमा एवं राजनीतिक दुरुपयोग अनुशासनहीनता एवं किसी भी तौर पर संगठन के नुकसान पहुंचने की स्थिति में उन्हें तुरंत पद से मुक्त कर दिया जाएगा।

**बैठक** सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों को पोस्ट करने से बचना चाहिए।

# क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक ने शांति समिति के लोगों संग की बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर** वाराणसी। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में किन्हीं भी कारणों से शांति एवं कानून व्यवस्था भंग न होने पाये इसके लिए पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा मातहत पुलिसकर्मियों को क्षेत्र के संभ्रांत लोगों संग संवाद स्थापित करते हुए उनसे शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील किये जाने के निर्देश दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को कमिश्नरेट के भेलूपुर थानान्तर्गत बजरडीहा चौकी में थाना प्रभारी भेलूपुर राजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक




आयोजित हुई। बैठक में मौजूद लोगों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन को अपना और क्षेत्रीय लोगों का पूरा सहयोग देने की बात कही। बैठक के दौरान भेलूपुर थानाध्यक्ष ने कहा कि समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था को बरकार रखना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जनसामान्य का भी दायित्व है। सभी को कानून का अक्षरश: पालन करना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों को पोस्ट करने से बचना चाहिए। बैठक में मौजूद बजरडीहा चौकी प्रभारी मधुकर सिंह ने कहा कि परस्पर धार्मिक सद्भाव बनाये रखना सभी धर्मों के लोगों की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके द्वारा उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस प्रशासन अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सदैव प्रयत्नशील है। बैठक में मौजूद लोगों ने बेबाकी से पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी और प्रशासन को हमेशा अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# आगामी नौ सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपर मुख्य न्यायिक

**दैनिक शुभ भास्कर** दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)

दंडाधिकारी संगीता रानी ने स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रबंधकों के साथ बैठक किया। उन्होंने प्रबंधकों से कहा कि अधिक से अधिक बकाया ऋण संबंधी मामलों को लोक अदालत में निपटाने के लिए तैयारी करें। एनपीए खातों का चुनाव करें, नोटिस बनवायें, थाना अनुसार नोटिस की छटनी कर सूची सहित कार्यालय में जमा करायें। एसीजेएम श्रीमती रानी ने कहा कि आज से हीं बैंक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी बैनर लगवायें। प्री सीटिंग के जरिए मामलों को सुलझाना शुरू कर दें। लोक अदालत के दिन बकायादारों के बहीखाते लेकर आयें तथा विशेष छूट की भी व्यवस्था करें। सभी प्रबंधकों ने कार्यालय में अविलंब नोटिस जमा करने एवं



प्रचार प्रसार आदि कराने की बात कही। बैठक में एसबीआई के प्रबंधक विनोद कुमार विद्यार्थी, एडीबी के रंजय कुमार अम्बष्ठा, पीएनबी के अभिषेक कुमार मिश्र, सेंट्रल बैंक के सुरज कुमार सिंह, बैंक आफ इंडिया के मनीष कुमार और ग्रामीण बैंक के प्रबंधक मयूर चंद्र मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### इनरव्हील ने किया प्रौढ़ महिला जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण

#### शिक्षा ग्रहण करना हर किसी का मौलिक अधिकार है इसके लिए कोई उम्र सीमा नहीं है- नूतन बाला



**दैनिक शुभ भास्कर** मोतिहारी 10 अगस्त अशोक बर्मन इनर व्हील क्लब ने पौधारोपण कर, प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की महिलाओं को शिक्षा का महत्व समझाया , इनरव्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन की तरफ से निरक्षर महिलाओं को साक्षर करने की दिशा में सकारात्मक काम की शुरुआत करते हुए पिछले वर्ष में इनरव्हील प्रौढ़ शिक्षा केंद्र चार्टर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश के नेतृत्व में एवं सभी इनर व्हील सदस्यों के सहयोग से रघुनाथपुर में इनरव्हील प्रौढ़ शिक्षा केंद्र खोला गया है। आज इनर व्हील संस्था द्वारा महिलाओं के बीच प्रौढ़ शिक्षा जागरूकता व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीपी नूतन बाला ने उपस्थित महिलाओं को कहा कि प्रौढ़ शिक्षा केंद्र के माध्यम से हर निरक्षर महिला को इनरव्हील क्लब शिक्षित करेगा। शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार है। शिक्षा ग्रहण किसी भी उम्र में किया जा सकता है, शिक्षा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, प्रौढ़ शिक्षा केंद्र में पिछले वर्ष नामांकन कराने वाली महिलाएं आज खुद से हस्ताक्षर कर रही हैं, उन सब के इस प्रयास से खुश होकर संस्था द्वारा सभी महिलाओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया और नई महिलाओं का नामांकन भी किया गया एवं उन्हें भी पढने के लिए कॉपी पेंसिल दिया गया। सदस्य विभा शर्मा के देखरेख में प्रौढ़ शिक्षा केंद्र संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आईपीपी राखी शाह, ने कपड़े के थैले व कागज के थैलो का उपयोग कर हम पर्यावरण संरक्षण कैसे कर सकते हैं इसके बारे में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें। बल्कि कपड़े से बने थैले का इस्तेमाल करें। अध्यक्ष कुमारी अमृता ने सभी महिलाओं से पौधा लगाने की अपील की, आप सब अपने-अपने जन्मदिन एवं सालगिरह पर पौधा लगाइए और पर्यावरण संरक्षण में साथ दीजिए, पेड़ पौधों का हम सबकी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। कार्यक्रम की संयोजिका पीपी आशा सिंह के सहयोग से कार्यक्रम अच्छे से हुआ। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पीपी निशा देव ने किया। चार्टर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश,पीपी रजनी कौशल, सेक्रेटरी पुतुल सिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट मीरा सिन्हा, ट्रेजर चन्द्रलता वर्मा, एडिटर आबिदा शमीम,उषा कमल, रंभा श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी जी, दीपा गुप्ता, नम्रता कुमारी, विभा शर्मा उपस्थित थे।

### कचना ओपी क्षेत्र में चलती ट्रेन से कुख्यात अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, नगर थाना में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ ने दी जानकारी

**दैनिक शुभ भास्कर / जिला ब्यूरो चीफ / रूपेश मिश्रा।** कटिहार में कई कांडों में वांछित कुख्यात अंतर्राज्यीय अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर कटिहार पुलिस ने चलती ट्रेन से इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। जो बंगाल में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा था। नगर थाना कटिहार में प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात अपराधी अमित शर्मा उर्फ लालू शर्मा को कटिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुख्यात अपराधी पर कटिहार सहित अन्य राज्य में कुल 18 मामले दर्ज हैं। कटिहार के नगर, सहायक और मुफस्सिल में कुल नौ कांडों में यह अपराधी वांछित है। जबकि बंगाल, झारखंड, भागलपुर, पूर्णिया व अन्य जिलों में इस अपराधी पर 9 मामले दर्ज है। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ ने बताया कि उक्त अपराधी पर हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, चोरी सहित आदि मामले में यह वांछित है। गुप्त सूचना के आधार पर इस अपराधी को कचना ओपी क्षेत्र में चलती ट्रेन से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस अपराधी को गिरफ्तार करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को एसपी जितेंद्र कुमार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उक्त अपराधी अमित शर्मा उर्फ लालू शर्मा कटिहार के बघवाबारी का निवासी है।



# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई मतदान केंद्र युक्तिकरण एवं संशोधन बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर**

मोतिहारी 10 अगस्त अशोक वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -जिलाधिकारी, मोतिहारी की अध्यक्षता में माननीय सांसद /विधायक एवं मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष /सचिवों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक आयोजित की गई । विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान केंद्रों के संदर्भ में युक्तिकरण /संशोधन की कार्रवाई की जानी है । अर्हता तिथि 1.1. 2024 के आधार पर प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन दिनांक 17. 10. 2023 को होना निर्धारित है ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निम्न जानकारियां दी गई :-मतदान केंद्रों की कुल संख्या 3496,

1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव, मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के पश्चात मतदान केंद्रों में संशोधन का प्रस्ताव ,

दावा आपत्ति की अवधि (10. 8. 2023 से 19 अगस्त 2023 ) के बीच प्राप्त दावा आपत्तियों की जांच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से किया जाएगा तथा अभिलेख भी संधारित किया जाएगा, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रारूप मतदान केंद्रों की सूची का अवलोकन करें एवं जो आवश्यक सुधार करना हो, करने के पश्चात शुद्ध रूप से मतदान केंद्रों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को 25 अगस्त 2023 तक अचूक रूप से अंतिम प्रकाशन हेतु उपलब्ध कराएंगे, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदान केंद्रों की सूची को अंतिम प्रकाशन के पूर्व दावा आपत्ति का निस्तार करने के पश्चात समेकित सूची निर्माण करेंगे ।

सभी राजनीतिक दल के उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि दावा आपत्ति अवधी ( 10.8. 2023 से 19.8. 2023) के बीच यदि किसी मतदान केंद्र पर आपत्ति है तो संबंधित प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, मोतिहारी को दिया जा सकता है । नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि माननीयों द्वारा दिए गए उचित सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा ।



### कटिहार सदर अस्पताल में एंबुलेंस का जांच डीएस ने किया, एंबुलेंस में पाई गई खामियों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर / जिला ब्यूरो चीफ रूपेश मिश्रा.**

सदर अस्पताल कटिहार में कई सारे एम्बुलेंस की ओर से दी गई हैं। एंबुलेंस की सुविधा मरीजों को बेहतर तरीके से मिलती है। इसके लिए अस्पताल की डीएस डॉक्टर आशा शरण व अस्पताल प्रबंधक ने एंबुलेंस का जांच किया। इस दौरान लाइव सपोर्ट एम्बुलेंस के जांच में उन्होंने पाया कि जो दवाई एंबुलेंस में मौजूद है। उसे एक पॉलिथीन में भरकर रखा गया है। उन दवाइयों को बेहतर तरीके से एक बैग में रखना था। जिसे देखकर डीएस एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी कर्मी पर भड़क गए। इस दौरान ईएमटी कर्मियों से जब अलग-अलग दवाइयां मांगी गई तो उनकी ओर से सही दवाई निकाल कर नहीं दी गई। जिसे साफ पता चला कि ईएमटी कर्मियों को कुछ भी नहीं आता है। इसके पश्चात चालक का लाइसेंसऔर ईएमटी कर्मी

का कार्ड की जांच की गई इस दौरान जितने भी एंबुलेंस सदर अस्पताल में मौजूद है। उनका कोई भी कागजात, रजिस्ट्रेशन पेपर, इंसुरेंस पेपर, प्रदूषण आदि कागजात चालक के पास मौजूद नहीं। पूछने पर उनके ओर से कहा गया कि यह सारे कागजात पटना में मौजूद है। बिना कागजात के ही एंबुलेंस जिला में चल रहा है। इसके साथ ही एंबुलेंस के रखरखाव को लेकर भी जब पूछा गया तो भगवान भरोसे एंबुलेंस चलती है। जबकि हर 5000 किलोमीटर पर एंबुलेंस की सर्विसिंग कराया जाता है। लेकिन कटिहार सदर अस्पताल में जो एंबुलेंस मौजूद है। उनकी सर्विसिंग नहीं कराई जाती है। कई एंबुलेंस के इंडिकेटर टूटे हुए हैं। कई एंबुलेंस को धक्का लगने से डेंट पड़े हुए है। लेकिन उन्हें ठीक नहीं कराया गया है। इस मामले पर अस्पताल के डीएस से जब मीडिया कर्मियों ने पूछा तो उनकी ओर से कुछ भी बताया नहीं गया। उन्होंने कहा जो भी जांच रिपोर्ट है। वह स्वास्थ्य विभाग को वह सौंपेंगे। अगर सही मायने में एंबुलेंस की जांच की जाए तो काफी गड़बड़ झाला सामने आएगा। खासकर एंबुलेंस मे मौजूदगी ईएमटी कर्मचारियों की जांच की जानी चाहिए।



### नाबालिग किशोरी के अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में पॉक्सो आरोपित दो सगे भाई दोषमुक्त

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट द्वितीय) नूरी अंसार ने नौ वर्ष पहले गोशाईगंज क्षेत्र से वादी मुकदमा की नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर जबरदस्ती अपहरण करने एवं दुष्कर्म करने के बहुचर्चित मामले में पॉक्सो आरोपित दो सगे भाईयों लालू सोनकर, शिवपूजन सोनकर पर अपराध साबित न होने पर दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया है। इसके पश्चात आरोपितों को न्यायिक हिरासत से मुक्त कर दिया गय।यह घटना अयोध्या जनपद के गोशाईगंज थाना क्षेत्र का वर्ष 2014 का है। वही अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता कुँवर राजेश्वर प्रताप सिंह, शक्ति श्रीवास्तव व विनोद कुमार सिंह ने पॉक्सो आरोपितों को निर्दोष बताते हुए दोषमुक्त करने की याचना किया है। तर्क दिया कि दोनों आरोपित निर्दोष है। रंजिशन फर्जी फसाया गया है पीड़िता के 161 व 164 के बयानों में भारी भिन्नता है। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता को घटना के समय 18 वर्ष से कम साबित करने में असफल रहा है।

### मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन जी का 48 वा जन्मदिन मनाया इनके लंबी उम्र की कामना की गई




प्रखंड मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली ने माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन जी का 48 वा जन्मदिन मनाया इनके लंबी उम्र की कामना की गई इस जन्म उत्सव में मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक मंडली मनोहर राम के नेतृत्व में जन्म उत्सव मनाया गया माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन्म उत्सव के अवसर पर हम लोग इचाक प्रखंड के तरफ से बधाई देता हूं लंबा उम्र कि कमन किया मनीये मुख्यमंत्री पूरे झारखंड में विकास के गंगा बहा रहे हैं बिरधा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन खोज खोज करके दिया जा रहा है पशुपालन विभाग बकरी मुर्गी सूअर गाय दिया जा रहा है साथ ही साथ सावित्रीबाई फुले योजना के तहत सभी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है और पूरा हम लोगों ने मेहनत करके पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेते हैं जोहार जय झारखंड मनोहर राम आंदोलन कार्य नेता 20सूत्री सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता रामप्रवेश सिंह इंद्रदेव मेहता गंगेश्वर मेहता प्रयाग मेहता उमेश मेहता प्रवील मेहता रामफल मेहता सुरेंद्र मेहता उमेश गुप्ता महेंद्र दास राजेंद्र रविदास संजय राम संतोष मेहता रामदिप मेहता बाबुन हंसता दिनेश्वर मेहता राजेन्द्र ठाकुर सुनील मेहता अशोक शर्मा प्यारी देवी दिनकर प्रसाद मेहता जसवंत सिंह भारत सिंह वकील मेहता गंगेश्वर मेहता ने कहा मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को दीर्घायु होने का झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली इचाक प्रखंड के द्वारा कामना करते हैं इंद्रदेव मेहता ने कहा माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का 48 वां जन्मदिन के शुभ अवसर प्रखंड संयोजक मंडली की ओर से बहुत-बहुत सारी शुभकामनाएं हम झारखंड वासी एवं उम्मीद करते हैं विश्वास रखते हैं की झारखंड आंदोलनकारी के सुपुत्र होने के नाते जो झारखंड के वीर शहीदों का जो सपना था उसे सपना पर जल जंगल जमीन नियोजन नीति स्थानीय नीति बेरोजगार जीवन को स्वरोजगार से नौकरी दिलाने का एक मिसाल काम किया जाए अभिमान्य हेमंत सोरेन जी को प्रखंड कमेटी ईचाक की ओर से धन्यवाद ।

### गंगू कुंड से निकली कावड़ यात्रा का महाकाल मंदिर पर समापन



दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर/श्रवण मास के महीने में महादेव का अभिषेक करने के लिए हजारों कांवड़ियों ने लिया कावड़ यात्रा में भाग गंगू कुंड से जल भरकर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा का परिचय देते हुए नाचते गाते श्रद्धा से शराबौरहोकर ढोल नगाडो की ताप पर नाचते गाते हुए 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा शाम 4:00 बजे महाकाल मंदिर पहुंची जहां कावड़ियों ने भगवान महादेव का जयकारों के साथ जलाभिषेक किया कावड़ यात्रा समिति द्वारा समिति अध्यक्ष केके शर्मा महासचिव लक्ष्मीकांत जोशी महिला संयोजक कुसुम शर्मा अर्चना शर्मा एवंअन्यपदाधिकारी द्वारा पंडित दिलीप शर्मा सभी ने मिलकर पूजा अर्चना की

### पुलिस में चार को किया गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या /** बीकापुर- अयोध्या।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार में कल देर शाम दो युवक को मारने पीटने और उनके मोबाइल से हजारों रुपए ट्रांसफर किए जाने के आरोप में पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध धारा 307, 392, 342 ,34 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पीड़ित मनीष चौबे पुत्र शिव प्रकाश निवासी चौबेपुर जनपद आजमगढ़ के द्वारा बीकापुर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि महिमा प्रसाद द्विवेदी पुत्र सुयश द्विवेदी निवासी इटोरा नरोना मोड थाना पर जनपद लखनऊ से कैंटीन में मुलाकात हुई और उनके साथ चौरे बाजार चार पहिया से आए जहां पर आशीष तिवारी पुत्र श्याम शंकर निवासी विभिषण कुंड थाना रामजन्म भूमि, पवन दुबे पुत्र राजन दुबे निवासी बगही मंदिर विभीषण कुंड थाना राम जन्मभूमि, चंद्रकात पांडे पुत्र कृष्ण दत्त पांडे निवासी भरहुखाता, महिमा प्रताप द्विवेदी के द्वारा मनीष चौबे और संतोष कुमार पांडे को चंद्रकांत के कमरे में बंद कर दिया उसके बाद लाठी डंडा बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी। मनीष चौबे के मोबाइल से ?48000 दूसरे के खाते में ट्रांसफर कर लिया और ?2000 नगद भी छीन लिया।

**खुदकुशी** मौके पर पहुंचे लोगों ने तालाब के पानी को स्थित अवस्था में देखते हुए वापस जाने लगे ।

# पक्के तालाब में छलांग लगाकर किशोरी ने की खुदकुशी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** जाना बाजार अयोध्या। खपराडीह पक्के तालाब में छलांग लगाकर किशोरी ने की खुदकुशी । जानकारी होते ही क्षेत्र के हजारों लोग देखने के लिए तालाब पर पहुंच गए । सूचना पर पहुंची हैदरगंज थाने की पुलिस ने जिले से आधा दर्जन से अधिक गोताखोरों को बुलवाकर तालाब में डूबी किशोरी के शव को बाहर निकलवाया ।

थाना हैदरगंज क्षेत्र के खपराडीह रियासत के पक्के तालाब में करीब 4 बजे थाना क्षेत्र के ही सीहीपुर खास की निवासिनी काजल पुत्री मुरली 16 वर्ष छलांग लगाकर कूद पड़ी । काजल तीन बड़े भाईयों में सबसे छोटी और एक लौती थी । बड़े भाई अजय ने बताया कि काजल दोपहर को साइकिल से हैदरगंज बाजार में सामान लेने की बात कहकर घर से निकली थी । मृतिका काजल भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज उसरा सीहीपुर स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा थी । किशोरी के द्वारा तालाब में छलांग लगाते समय तालाब के किनारे खेल रहे छोटे-छोटे बालकों ने देख लिया । जिसके बाद वह बदहवास हालत में लगभग तालाब से 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान पर चाय पानी कर रहे लोगों को चिल्लाते हुए बताया कि तालाब में एक लड़की कूद गई है बताया । पहले तो लोगों को बच्चों की बात पर विश्वास नहीं हुआ । परंतु बाद में लोगों को भी लगा कि बच्चे हो सकता है सही बोल रहे हो । इसे देखते हुए दर्जनों लोग तालाब के किनारे पहुंच गए।

मौके पर पहुंचे लोगों ने तालाब के पानी को स्थित अवस्था में देखते हुए वापस जाने लगे । तभी बच्चों ने बताया कि गुंबद के अंदर कुछ सामान पड़ा है । जिसके बाद लोग गुंबद के अंदर गए तो देखा कि एक कीपैड मोबाइल और काली ओढ़नी और ?5 के कुछ सिक्के पड़े मिले तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना हैदरगंज पुलिस को दे दिया । सूचना पर तत्काल हैदरगंज प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरशद भारी पुलिस फोर्स के साथ तालाब पर पहुंचकर छानबीन करने लगे जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने एसपी ग्रामीण से संपर्क कर गोताखोरों को भिजवाने की बात कही । इसी बीच क्षेत्र के ग्राम सभा कटौना के प्रधान विनोद कुमार वर्मा, शेर बहादुर वर्मा, सियाराम यादव, संदीप कुमार तालाब पर जानकारी होने पर पहुंच गए । हैदरगंज थाने की पुलिस को परेशान और घंटो बीत जाने के बाद गोताखोर ना आने के चलते पहल करते हुए प्लास्टिक की रस्सी और मछली मारने के बड़े कांटे को मंगाकर तालाब में लेकर घुस गए । उत्साही युवकों ने काफी देर तक तालाब में किशोरी की तलाश करते रहे । लगभग 2 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद तालाब में डाले गए कांटे में लड़की का कपड़ा फंस गया । जिसके बाद लड़की का शव पानी से बाहर निकालने में सफल हो गये । करीब ढाई घंटे तक छलांग लगाने वाली किशोरी का पता ना लगा पाने में नाकाम पुलिस ने किशोरी का शव बाहर आते ही राहत की सांस ली और तालाब से किशोरी के शव को बाहर निकलने वाले सभी युवकों को पीठ थपथपाते हुए अपने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी । वहीं इसी दौरान पहुंचे क्षेत्राधिकारी बीकापुर डॉ राजेश तिवारी मौके पर पहुंचकर किशोरी के परिजनों से बातचीत किया और शव को पीएम के लिए भिजवाने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया ।

# सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान





सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/ उदयपुर/टीकाकरण सत्रों का किया निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान 5.0 का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन कर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण जिले से आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ अक्षय व्यास, जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संस्थानों के चिकित्सा प्रभारी द्वारा किया जा रहा है।

शत प्रतिशत टीकाकरण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करने व टीकाकरण से वंचित बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण कर लाभान्वित करना है। इसके लिए सभी अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। टीकाकरण स्थल पर सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर सभी वंचितो को सत्र स्थल पर समय पर लाने की जिम्मेदारी आशाओं द्वारा एवं टीकाकरण की जिम्मेदारी एएनएम द्वारा निभाई जा रही है।

# डीएम के निर्देश के बाद प्रशासनिक अमला की सख्त कार्रवाई, एसडीएम सदर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैम हॉस्पिटल को किया सीलबंद







**दैनिक शुभ भास्कर अशोक कुमार जायसवाल** खबर जनपद चंदौली से है जहां डीएम के सख्त निर्देश के बाद बिना रजिस्ट्रेशन संचालित अवैध हॉस्पिटलों के खिलाफ प्रशासनिक महकमा एक्शन मोड़ पर आ चुका है। इसी क्रम पीडीडीयू नगर प्रशासनिक अमला के बाद सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार की देर शाम सदर ब्लाक के मुख्य बाजार के बीचो बीच स्थित सैम हॉस्पिटल पर छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान सैम हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होते पाए जाने पर सीलबंद करते हुए भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया।

विदित हो कि कलेट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने प्रशासनिक तबके समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम को बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हॉस्पिटलों को सीज करने का सख्त निर्देश दिया है। इसी क्रम में पीडीडीयू नगर के एसडीएम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एक्शन लेते हुए बुधवार को मुगलसराय क्षेत्र में संचालित बिना पानीजकरण के दो निजी अस्पतालों को सीलबंद किया गया। वहीं सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने चंदौली के मुख्य बाजार स्थित सैम हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान सैम हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होते पाया गया,साथ ही मानकों की भी धज्जियां उड़ाई गई थी। लिहाजा एसडीएम सदर ने तत्काल सैम हॉस्पिटल को सीलबंद करते हुए हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल भिजवा दिया।

एसडीएम सदर दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में बिना पंजीकरण कराए जो भी हॉस्पिटल संचालित होते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## वैयक्तिकृत अनुकूली शिक्षण प्रयोगशाला पाल लैब का उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर** पीडीडीयू नगर( चंदौली) क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खगवल में वैयक्तिकृत अनुकूली शिक्षण प्रयोगशालापाल लैबका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।वही राष्टीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।साथ ही अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने की अपील भी की।इस दौरान बीएसए ने कहा कि स्मार्ट क्लास रूम बन जाने से बच्चों को शिक्षण कार्य में सुविधा होगी।कहा कि परिषदीय विद्यालयों को शासन की मंशा के अनुरूप स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है।कक्षाओं को स्मार्ट बनाने के साथ ही स्कूलों को बच्चों सजाया और संवारा जा रहा है।बच्चों की सुविधा के लिए मल्टिपल हैंड वाश बनाए जा रहे हैं।खेलने के लिए सामान लाया जा रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है जिससे कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे किसी से पीछे न रहें।वही जिला समन्वयक प्रशिक्षण मनोज सिंह ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब हमारे स्कूल निजी स्कूलों को मात देंगे।उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें।विभाग द्वारा जो मिशन प्रेरणा और मिशन कायाकल्प चलाया जा रहा है। उसे समय से पूरा करें। जिससे अपना जनपद प्रेरक बन सके। कहा कि सभी शिक्षक अपने विद्यालयों को आदर्श स्वच्छ व सुंदर बनाएं।इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह,शिवाजी सिंह, रामबचन प्रसाद,रामअशीष सिंह,साधना चतुर्वेदी,राकेश चतुर्वेदी,सुरेश चौरसिया, सुनील कुमार, भाग्यवती सिंह, उमा कुमारी,मदन तिवारी अन्य मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पाल व धन्यवाद ज्ञापन अवधेश राय ने किया।

# ख़ास ख़बर

## व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**दैनिक शुभ भास्कर** चंदौली - पुलिस लाइन एसपी कार्यालय में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार से मुलाकात की ,अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार से मुलाकात की इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार को गुलदस्ता भेंट सहित स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि व्यापारियों के लिए पुलिस की पूर्ण सहयोग रहेगी साथ ही व्यापारी व पुलिस जिले में किसी प्रकार की समस्या होती है तो तुरंत अवगत कराने का काम करें इस बाबत पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि व्यापारियों के लिए पुलिस का बराबर सहयोग रहा है ,व्यापारी बराबर शासन व प्रशासन सहयोग करते आ रहे हैं अपने निष्ठा व ईमानदारी से अपने कार्यों की जिम्मेदारी को निर्वहन करते हैं हम उम्मीद करते हैं व्यापारियों के लिए प्रशासन भरपूर सहयोग रहा है और आगे भी रहेगा !इस दौरान पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता ,जिला मंत्री हरजीत सिंह, युवा जिला मंत्री शेरू खान ,मीडिया प्रभारी घूरेलाल कन्नौजिया आदि लोग शामिल रहे।

## धान का कटोरा कहे जाने वाले जनपद में खाद की किल्लत से किसान जूझ रहे हैं



**दैनिक शुभ भास्कर** सकलडीहा चंदौली क्षेत्र के किसी भी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं बावजूद इसके किसानों को खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है साधन सहकारी समिति संघति व डिग्गी पर डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है वही साधन सहकारी समिति धूसखास के सचिव राम भजन मौय की पिछले दिनों मौत हो जाने के बाद यहां विभागीय अधिकारियों द्वारा सील कर दिया गया है जिससे क्षेत्र के बसनी कोरी धूसखास जलालपुर तारापुर जीवनपुर सदलपुरा डेवढिल कड़ियां महादेवपुर गंज ख्वाजा शाहिद का जन्म गांव के किसान समितियां का चक्कर खाद के लिए लगा रहे हैं लेकिन किसी भी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं है किसान नेता केदार यादव ने बताया कि खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों के खेतों में छिड़काव नहीं हो पा रहा है जिससे फसल बर्बाद होने का आसान का बना हुआ है विभागीय अधिकारी किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं रामाशीष यादव ने बताया कि समिति पहुंच खाद उपलब्ध नहीं होने से हम लोगों के खेतों में डीएपी और यूरिया खाद का छिड़काव नहीं हो पा रहा है इससे फसल बर्बाद हो रही है वसीम अहमद ने बताया कि जब जब किसानों को खाद की जरूरत पड़ती है समितियां से खाद नदारद रहती है किसान खाद के लिए सड़क पर उतारने का काम करते हैं तो सिर्फ आश्वासन दिया जाता है रामनिवास मिश्रा ने बताया कि डीएपी के साथ-साथ इन दोनों यूरिया का छिड़काव धान के खेतों में बहुत ही जरूरी है लेकिन अधिकारियों की मनमानी के कारण किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है

## चंदौली, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आगाज़, बच्चों को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**दैनिक शुभ भास्कर** चन्दौली जिले से है जहां 10 अगस्त यानी आज से जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुरुआत किया गया।बच्चों को बनाया ब्रांड एंबेसडर डीएम निखिल टी फुंडे और सीएमओ डॉक्टर वाई के राय की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारी और बच्चों की मौजूदगी में इस कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। खास बात ये रही कि




फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता के लिए बच्चों को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। फाइलेरिया से भारत को करना है मुक्त इस अवसर पर डीएम ने बताया कि 2027 तक इस बीमारी से भारत को मुक्त कराना है और इस मैसेज को जन जन तक पहुंचाने के लिए बच्चों से बेहतर कोई नही।

## सिंधी ताली लंका रोड रेलवे फाटक बंद हो जाने के कारण सपा कार्यकर्ताओ में आक्रोश

**दैनिक शुभ भास्कर** अलीनगर चंदौली सिंधी ताली में लंका रोड को जाने वाली मुख्य मार्ग रेलवे फाटक बंद कर दिए जाने से आपको जोशी सपा कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया अंडरपास वह ब्रिज बनाने की मांग की आलम यह है कि सिंधी ताली के पास रेलवे क्रॉसिंग पारकर लगभग एक दर्जन गांव के लोग प्रतिदिन आवागमन करते थे लेकिन पिछले 1 साल से अस्थाई रूप से बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों के लिए आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसमें अतरोशी सपा नेता चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना दिया आरोप लगा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ग्रामीणों की मांग पर दिया था कि अंडरपास यामिनी ओवरब्रिज बनवाने का काम किया जाएगा बावजूद इसके अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है



## नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का कारावास- कोर्ट ने 5 हजार का जुर्माना लगाया, 5 वर्ष पूर्व हुई थी घटना




**दैनिक शुभ भास्कर** चंदौली में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का कारावास और 5 हजार का अर्थदंड की न्यायालय ने सजा सुनाई । पुलिस और शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के चलते 5 वर्ष बाद आरोपी को सजा सुनाई गई। थाना कोतवाली चंदौली क्षेत्र के दाऊदपुरा में 5 वर्ष पूर्व नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की घटना की थी।चंदौली कोतवाली के खुटिया गांव क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित ने स्कूल जाते समय रामदास मौर्या पुत्र जगदम्बा मौर्या निवासी बगही थाना सैयदराजा के द्वारा उसके साथ छेड़खानी का मामले की थाने में सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। इसी मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉस्को एक्ट) चंदौली द्वारा 3 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली चंदौली व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते विवेचना द्वारा विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर रामदास मार्या पुत्र जगदंबा मौर्य के विरुद्ध 201,8 में धारा 354 व 7/8 पॉक्सो एक्ट में न्यायालय चंदौली के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## डायट प्रांगण में अमृत कलश की स्थापना के साथ निकाली गई प्रभात फेरी




**दैनिक शुभ भास्कर** सकलडीहा चंदौली तहसील अंतर्गत नागपुर ग्राम सभा में उपस्थित डायट प्रांगण मे डायट प्राचार्य माया सिंह के निर्देश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के क्रम में गुरुवार को डायट प्राचार्य डॉ माया सिंह ने अमृत कलश स्थापित किया प्राचार्य के निर्देश में डी एल एड प्रशिक्षुओं द्वारा सकलडीहा कस्बे में विभिन्न भागों से होकर प्रभात फेरी निकाली गई इस दौरान डॉक्टर रोशन कुमार सिंह डॉक्टर रामानंद कुमार डॉक्टर जितेंद्र सिंह डॉक्टर राजेश्वरी सिंह डॉक्टर स्वाति सिंह विजेंद्र भारती जयंत यादव केदार यादव हरिवंश यादव जहर शाहिद कमर अयूब रामाशंकर यादव मोहन गुप्ता चंद्रधर दीक्षित पूजा मनीष सुशील अंजलि दीक्षा कोमल आशीष सहित विभिन्न प्रशिक्षुओं ने एवं देशभक्ति पर आधारित तारों एवं होडिंग के माध्यम से सक्रिय प्रतिभा किया

## अमृत महोत्सव के तहत विधिक आयोजन संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर** अमित वर्मा/सैयद राजा चंदौली नगर पंचायत स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा तिरंगा रैली गुरुवार को निकल गई है यह है कि 9 अगस्त से 30 अगस्त के मध्य संपूर्ण के देश में अमृत महोत्सव के समापन से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके तहत विद्यालय के बच्चे एवं अध्यापकों ने तिरंगा झंडा लेकर विद्यालय से होकर जमानिया मोड़ तक तिरंगा रैली निकाली जिसमें राष्टभक्ति के नारों के साथ बच्चों ने भ्रमण कर क्षेत्र में राष्टभक्ति की गूंज से नागरिकों एवं क्षेत्र की जनता को राष्टभक्ति का




भावना से अभी सिंचित किया प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा निगत कार्यक्रम के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य विविध कार्यक्रम माध्यमिक विद्यालयों में कराए जाने है जिसके तहत विद्यालय में कार्यक्रम संपादित हो रहे हैं उक्त रैली में बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यापक रजनीश उमेश तिवारी मारकंडे प्रसाद प्रदीप वीर बहादुर ओमप्रकाश सत्येंद्र गुप्ता अतुल कुमार रजत सुनील अनूप आदि के साथ विभिन्न कर्मचारी भी शामिल रहे उल्लेखनीय है कि 10 अगस्त को राष्टीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत कृमि नाशक दवा भी विद्यालयों में बच्चों को दी जा रही है इसी के तहत प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यालय के उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल गोली वितरित की गई प्रधानाचार्य के द्वारा बताया गया है कि सभी बच्चों को 2 वर्ष में दो बार नाशक दवा एल्बेंडाजोल उपभोग करना चाहिए जिसके साथ बच्चों को यह दवा खिलाई गई एल्बेंडाजोल गोली वितरण के पश्चात तिरंगा रैली की शुरुआत हुई जिस के समापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ

## गांजा बरामद दो गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर** पीडीडीयू नगर(चंदौली) पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ व धूमपान पर रोकथाम अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक चंदौली के नेतृत्व में चंदौली कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 4 किलोग्राम अवैध गांजा को बरामद किया गया।वहीं मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया पकड़े गए लोगों में भुलावन तिवारी वह दुलारे बताए जाते हैं पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि बरामद गांजा को हम लोग बिहार से एक व्यक्ति से लेकर आ रहे हैं जिसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर इधर-उधर बेचते हैं।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।



## बालिका इंटर कॉलेज आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई

**दैनिक शुभ भास्कर** इलिया चन्दौली राजस्थानी दुर्गावती बालिका इंटर कॉलेज किसान इंटर कॉलेज सैदुपूर क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अपनी माटी अपना देश के अंतर्गत गुरुवार को दूसरे दिन तिरंगा यात्रा निकाली गई इस दौरान दुर्गावती बालिका इंटर कॉलेज में पौधारोपण भी किया गया किसान इंटर कॉलेज तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदुपूर से निकाल गई तिरंगा यात्रा पूरे कस्बा का भ्रमण कर सब में स्वाधीनता की भावना को विकसित करने के लिए जागृत किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य गीता राय राजेश कुमार उषा सिंह निरुपमा केसरी लालमणि दुबे पूनम चंद्रशेखर शर्मा प्रदीप कुमार आरपी राय गिरधर नारायण राम अवतार शिवमंगल संजय सिंह इंद्रकला शर्मा आदि शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे



## सोनहुला में कालेज से निकाली तिरंगा यात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर** चंदौली चहनियां चहनिया-सोनहुला में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को चहनियां क़स्बा में तिरंगा यात्रा निकाली । तिरंगा यात्रा स्कूल परिसर से आरंभ की गई । जिसे जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र यादव व प्रधानपति शिवदयाल साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यात्रा में स्कूलीबच्चोंकेसाथदोनोजनप्रतिनिधि ,अभिभावक सोनहुला गाव से चहनिया बाज़ार होते हुए शिव मंदिर, उसके बाद वापस स्कूल पहुंची ।



## सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल बनारस पड़ाव मनोरम भाव की प्रस्तुति गीत की गई



**दैनिक शुभ भास्कर** पड़ाव चंदौली जयपुरिया स्कूल बनारस पड़ाव शाखा में स्पीक मैक कलाकारों द्वारा द्वितीय के मनोरम भाव की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी लोक संस्कृति लोकगीत नृत्य को नृत्य की अन्य विधाओं से जोड़ना था इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्णदे इसी क्रम में मुख्य अतिथि एम विद्यालय के समस्त वरिष्ठ अधिकारी ग्रीन द्वारा मां शारदा के प्रमुख दीप उज्जवल का कार्यक्रम को छ्ष्ठ1 आरंभ किया गया मायके भारत समेत दुनिया भर में युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लक्षण मूर्ति में संलग्न है इसी कड़ी में आज विद्यालय प्रांगण में गंभीर ने सिद्धांत के साथ भारतीय विधाओं के माध्यम से दशावतार को मंचित किया जिसमें भगवान विष्णु के 12 अवतार से कल्कि अवतार तक किया।

**पौधरोपण** | पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई गई

# लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 1001 पौधों का किया गया पौधरोपण



**दैनिक शुभ भास्कर** चंदौली चहनियॉ लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालत रामगढ़ प्रांगण में संस्थापक प्रबंधक धनञ्जय सिंह के निर्देशन में विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा 1001 पौधो का रोपण किया गया तथा समस्त पौधों की सुरक्षा के लिए बच्चों से शपथ दिलाई गई कि जब तक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे अपने द्वारा लगाए गये पौधों का देखरेख समय समय पर निराई व गुणाई करेंगे पौधरोपण कराते हुए धनञ्जय सिंह ने कहा कि जीवन जीने के लिए जीतना जरूरी अन्न व जल है उससे भी ज्यादा जरूरी शुद्ध आक्सीजन है जो हमे प्रचुर मात्रा में इन्ही पेड़ पौधों से मिलती है । इसलिए हमें अपने जीवन मे अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए और उसका समय समय पर निराई गुणाई करके वृक्ष के आकार देने चाहिए । जिससे अगली पीढ़ी स्वस्थ व निरोगी हो तथा अपने अंदर नई ऊर्जा का संचार कर सके इसी को लेकर विद्यालय के छात्र/छात्राओं को पौध लगाने के लिए प्रेरित किया गया तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई गई पौधरोपण के दौरान मुख्यरूप से अमृतप्रकाश सिंह,अनुप सिंह, भृगुनाथ पाठक,मुकेश साहनी,अभय प्रताप यादव लूसन सिंह, धीरेंद्र राय, अमित सिंह,पप्पू समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।